फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 245 प्रभात जयपुर, रविवार 7 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**Opera set in India Made France's greatest composers**

The libretto was based on a story that originated in India and was modified as it travelled West. Probably, Gallet could not tell the difference between Hindu and Muslim names.

**The Origin of the Metric System**

# 'ब्रह्माजी विश्व के निर्माता हैं और भाजपा भी नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है'

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्कर में विशाल जनसभा को संबोधित किया और नागौर व अजमेर के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की

अजमेर, 6 अप्रेल (निसं)। राजस्थान में लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान पूरे परवान पर है। प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और धुआंधार प्रचार शुरू हो गया है। इसी क्रम में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर लोकसभा सीट के तहत आने वाले तीर्थराज पुष्कर में विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया और पीएम मोदी ने पुष्कर राज के जयकारे से अपने भाषण की शुरुआत की। फिर उन्होंने सावित्री माता की जय के नारे लगाए। प्रधानमंत्री ने जनसभा में उपस्थित लोगों को भाजपा के स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा, "6 अप्रैल को ही भाजपा की स्थापना हुई थी, यह संयोग देखिए कि आज ही मुझे पुष्कर क्षेत्र में आने का सौभाग्य मिला है, ब्रह्माजी तो निर्माता हैं और भाजपा भी नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।"

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, " देश के इतिहास में कभी-कभी ऐसे मौके आते हैं, जब देश के नागरिकों का एक फैसला अगले सैकड़ों वर्षों का भविष्य तय करता है, 2024 का यह चुनाव ऐसा ही एक अवसर है।"

कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए मोदी ने कहा, "कांग्रेस जहां रहती है, वहां विकास नहीं हो सकता, कांग्रेस ने ना कभी गरीब की परवाह की और ना ही कभी वंचितों-शोषितों-युवाओं के बारे में सोचा। कांग्रेस के लिए यही कहा जा सकता है, "एक तो करेला, दूसरा नीम चढ़ा", एक तो परिवारवादी पार्टी और दूसरा उतनी ही भ्रष्टाचारी पार्टी। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को प्रधानमंत्री मोदी ने झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि, कांग्रेस के मैनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप है। मोदी ने कहा, मुस्लिम लीग के उस समय के विचारों को कांग्रेस आज भारत पर थोपना चाहती है। मुस्लिम लीग की छाप वाले इस घोषणा पत्र में जो बचा-खुचा हिस्सा था, उस पर वामपंथी हावी हो गए हैं, आज कांग्रेस के पास न सिद्धांत बचे हैं और न ही नीतियाँ बची हैं। ऐसा लग रहा है, कांग्रेस सब कुछ ठेके पर दे चुकी है, पूरी कांग्रेस पार्टी को आउट सोर्स कर चुकी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



पुष्कर में प्रधानमंत्री मोदी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया तथा अजमेर के प्रत्याशी भागीरथ चौधरी और नागौर की प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को वोट देने की अपील की।

- प्रधानमंत्री ने कहा, कभी-कभी ऐसा मौका आता है जब एक फैसला सैंकड़ों वर्षों का भविष्य तय करता है, ये चुनाव भी ऐसा ही एक अवसर हैं।
- मोदी ने सभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा, कांग्रेस ने न गरीब की परवाह की न महिलाओं की ना युवा की, ऐसी पार्टी को सजा देने का वक्त आ गया है।
- मोदी ने कहा, दस साल में हमने 30 लाख करोड़ से ज्यादा पैसा गरीबों के खाते में डाला है, कांग्रेस की सरकार में यह पैसा बीच में ही लूट लिया जाता है।




# महाराष्ट्र में बारामती सीट का चुनाव क्या वाकई में मोदी बनाम राहुल द्वंद है?

## उपमुख्यमंत्री फड़नवीस का भरसक प्रयास है कि, इस सीट का चुनाव स्थानीय नहीं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखा जाये

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता देवेन्द्र फड़नवीस ने बारामती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनावी संघर्ष को सुप्रिया सुले बनाम सुनेत्रा पवार के बीच का मुकाबला ना बताकर इसे प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के बीच का संघर्ष क्यों बताया है। वास्तव में यह भाजपा की एक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत फोकस राष्ट्रीय स्तर रखना है, ना कि स्थानीय स्तर पर।

भाजपा के एक सीनियर महासचिव ने नाम गुप्त रखने का अनुरोध करते हुए बताया कि "बारामती हमारे लिए करो या मरो की स्थिति है। सुनेत्रा पवार को प्रत्याशी बनाने की घोषणा से पहले ही भाजपा ने महाराष्ट्र के इस चुनौतीपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र पर फोकस कर लिया था क्योंकि भाजपा यहाँ से कभी नहीं जीत सकी है।"

महाराष्ट्र की राजनीति पर पकड़ रखने वाले मुम्बई के एक पत्रकार कहते हैं "पश्चिमी महाराष्ट्र की इस हाई-प्रोफाइल लोकसभा सीट पर यहाँ से तीन बार सांसद रह चुकी सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा से है।

अजित पवार के नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) से अलग होकर महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना गठबंधन में शामिल हो जाने के बाद पवार बनाम पवार संघर्ष शुरु हुआ है।

एन.सी.पी. के दोनों धड़े स्वीकारते हैं कि दोनों ही प्रत्याशियों के लिए बारामती में राह आसान नहीं है और फड़नवीस के इसे "मोदी बनाम गांधी" करार देने के बाद खेल थोड़ा बिगड़ गया है। एक चुनाव रणनीतिकार ने बताया कि "हम इस चुनावी संघर्ष को यदि नरेन्द्र मोदी बनाम राहुल गांधी के रूप में प्रस्तुत करते हैं तो इससे स्थानीय स्तर की जटिलताओं से पार पाने में मदद मिलती है और चुनावी बहस स्वतः ही बारामती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- भाजपा इसे राष्ट्रीय स्तर का चुनाव बताकर स्थानीय छोटे-छोटे मुद्दों में नहीं फंसना चाहती, बल्कि चुनाव प्रचार राष्ट्रीय मुद्दों पर करना चाहती है।
- जैसा कि विदित ही है, शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले दो बार यहां से सांसद निर्वाचित हो चुकी हैं, इस बार शरद पवार के भतीजे अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार की उम्मीदवारी के कारण गंभीर चुनौती का सामना कर रही हैं।
- शरद पवार के प्रति बारामती की जनता में आम सहानुभूति है, क्योंकि 82 वर्ष की उम्र में आज शरद पवार को अपने पुराने चिरपरिचत इलाके में घर-घर जाकर वोट मांगना पड़ रहा है। शरद पवार के प्रति इस सहानुभूति को न्यूट्रलाइज़ करने के लिए बारामती के चुनाव को स्थानीय स्तर से उठाकर राष्ट्रीय स्तर का चुनाव बना रही है भाजपा।

# राज्यसभा चुनाव नतीजों के खिलाफ कोर्ट की शरण में सिंघवी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। कांग्रेस के सीनियर नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने अपने राज्यसभा चुनाव परिणाम को शनिवार को हिमाचल हाई कोर्ट में चुनौती दी। विवाद तब उत्पन्न हुआ था जब कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को 34-34 समान वोट मिलने के बाद 27 फरवरी को निकाले गए पर्चियों के ड्रा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने राज्यसभा चुनाव नतीजों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर की। इतने लंबे समय बाद चुनौती दिए जाने पर सवाल उठ रहे हैं।

# लालू यादव के खिलाफ स्थायी ( पर्मानेंट ) वारंट जारी किया ग्वालियर के कोर्ट ने

## यह वारंट 26 साल पुराने आर्म्स एक्ट के मामले में जारी किया गया है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। घटनाओं का एक दिलचस्प मोड देखिए ग्वालियर की एम.पी.-एम.एल.ए. कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक 26 वर्ष पुराने आर्म्स एक्ट केस में स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह स्थायी गिरफ्तारी वारंट लालू को जमानतीय अथवा गैर जमानतीय गिरफ्तारी वारंट्स जारी करने के बाद जारी किया गया है, परन्तु इस सब के बावजूद कोर्ट के समक्ष लालू स्वयं उपस्थित नहीं हुए।

चारा घोटाला मामले में उनकी दोषसिद्धि के बाद, अब इस नये केस ने आगामी लोकसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पर, लालू यादव के लिये जेल से बचने के रास्ते में एक आशा की किरण इस बात से है कि, 1998 में इस मामले में लिखे गये पंचनामे में लालू यादव के पिता का नाम सिंह दर्ज किया गया है, जबकि लालू यादव के पिता का नाम कुंदन राय है।
- मामला 1995 व 1997 में फर्जी फॉर्म 16 के मार्फत हथियार (आर्म्स) खरीद का है।
- अब लोकसभा चुनाव के दो सप्ताह पूर्व पर्मानैंट वारंट जारी होना, लालू यादव के लिये अनावश्यक सिरदर्द बन सकता है।

# बाड़मेर-जैसलमेर सीट के निर्दलीय प्रत्याशी भाटी के खिलाफ शिकायत दर्ज

जयपुर, 6 अप्रैल (का.सं.)। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति सदस्य एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी द्वारा स्वयं को भाजपा प्रत्याशी दिखाने वाला आपत्तिजनक पोस्टर बनाकर प्रचार करने और मतदाताओं को गुमराह कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त जयपुर को दर्ज कराई है।

एड्वोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि, बाड़मेर के भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल ने इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी बाड़मेर के पास भी शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में दिलीप पालीवाल ने आरोप लगाया है कि, बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी ने आपत्तिजनक पोस्टर में खुद को भाजपा प्रत्याशी के रूप में पेश किया है। इस पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अग्निवीर योजना से मोदी ने किसान के बेटे का सेना में जाने का सपना तोड़ा-प्रियंका गांधी

## सचिन पायलट ने दिया जीत का मंत्र, बूथ पर नहीं लड़ेंगे तो कामयाब नहीं होंगे

जयपुर, 6 अप्रेल (का.प्र.)। कांग्रेस पार्लियामैंट्री पार्टी (सी.पी.पी.) अध्यक्ष और राजस्थान से राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और सचिन पायलट व कई अन्य पार्टी नेताओं ने जयपुर में शनिवार को कांग्रेस का घोषणा पत्र "न्याय पत्र" लॉन्च करने के साथ ही राजस्थान में चुनाव प्रचार अभियान का विधिवत आगाज़ किया। इस मौके पर सोनिया गांधी ने जहां नरेंद्र मोदी की ओर से कांग्रेस पर किए जा रहे हमलों का जवाब दिया, वहीं प्रियंका गांधी ने न्याय पत्र में शामिल प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की, और पायलट ने जीत का मंत्र दिया तो खड़गे ने 2014-2019 में मोदी की ओर से किए गए वादों के पूरा नहीं होने को लेकर तंज कसा।

जयपुर में आयोजित आमसभा में सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रहार करते हुए कहा कि मोदी खुद को देश से ऊपर समझते हैं, जबकि मोदी लोकतंत्र का चीरहरण कर रहे हैं। ऐसे नेता देश में सिर्फ़ डर का माहौल तैयार कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार ने जो योजनाएं आम जनता के लिए लागू की थीं, उसे अब धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है। सरकार ने बेरोजगारी और आर्थिक संकट बढ़ाने के अलावा कुछ नहीं किया है।

इस मौके पर प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में सिर्फ़ बेरोजगारी बढ़ी है। अग्निवीर जैसी योजनाएं लाकर मोदी ने किसान के बेटे का सेना में जाने का सपना तोड़ दिया है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- कांग्रेस ने जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में एक जनसभा राजस्थान में पार्टी का मैनिफेस्टो, "न्याय पत्र" जारी किया।
- कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष व राजस्थान की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने भी सभा को संबोधित किया और मोदी पर डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया।
- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा में कहा, मोदी कहते हैं हमने 70 साल में क्या किया, हम हिसाब देने को तैयार हैं, पर मोदी ने दस सालों में सिर्फ कांग्रेस को गाली देने का काम किया है।



जयपुर में कांग्रेस की जनसभा को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संबोधित किया तथा भाजपा पर कांग्रेस सरकार की योजनाएं बंद करने का आरोप लगाया।

# मध्य प्रदेश व गोवा की 6 सीटों के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित

नयी दिल्ली, 06 अप्रेल। कांग्रेस ने शनिवार को, लोकसभा चुनावों के लिए, मध्य प्रदेश, गोवा तथा दादर नगर हवेली के उम्मीदवारों के नाम घोषित किये।

- कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने मध्य प्रदेश की तीन गोवा की दो व दादरानगर हवेली की एक सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किया।

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्य प्रदेश की तीन, गोवा की दो तथा दादर नगर हवेली की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किये हैं। उम्मीदवारों के नामों की सूची इस प्रकार है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# हरीतकी एक उत्तम रसायन और प्रभावी औषधि है

हरीतकी को आयुर्वेद की प्राचीन संहिताओं में पथ्यकारी, रसायन व उत्कृष्ट औषधि माना गया है। फलों की बनावट के आधार पर हरीतकी या हरड़ को विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवन्ती व चेतकी नामक 7 प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। यूनानी चिकित्सा में इसे प्राय: हलेलह-स्याह (सूखकर काली हो गयी हरड़), हलेलह-ज़र्द (अधपकी पीले रंग की हरड़), और हलेलह-काबुली (पूर्ण परिपक्व हरड़) में वर्गीकृत किया जाता है। समकालीन वैज्ञानिक शोध में वर्ष अप्रैल 2024 तक 2000 शोधपत्र हरीतकी में प्रकाशित हो चुके हैं।

राजबल्लभ निघण्टु में वर्णित एक मनोहारी लाक्षिणकता देखिये:- यस्य माता गृहे नास्ति, तस्य माता हरीतकी। कदाचिद् कुप्यते माता, नोदरस्था हरीतकी।। अर्थात, जिसकी माँ घर पर न हो, उसकी माँ हरीतकी है। माता तो कभी-कभी नाराज भी हो सकती है, परन्तु उदरस्थ हरड़ कभी भी हानिकारक नहीं होती। इसी प्रकार मदनपाल निघण्टु में दृष्टव्य है:- हरते सर्वरोगांश्च तस्मात् प्रोक्ता हरीतकी।। अर्थात हरीतकी नाम इसलिये पड़ा, क्योंकि यह सब रोगों का नाश करती है। जैसा कि आचार्य वाग्भट ने अष्टांगहृदय में लिखा है (अ.हृ.उ. 39.147): गुडेन मधुना शुण्ठ्या कृष्णया लवणेन वा।द्वे द्वे खादन् सदा पथ्ये जीवेद्वर्षशतं सुखी।। इसके अतिरिक्त भी ऋतुओं, रोगों और परिस्थितियों के अनुसार, आयुर्वेदाचार्यों की सलाह से, हरीतकी को गुड़, शहद, शुंठी, काली मिर्च, सैंधव लवण, मिश्री, या पिपली के साथ ग्रहण करने के अनेक योग आयुर्वेद की संहिताओं में निर्दिष्ट हैं। संहिताओं में तो बहुत विस्तृत वर्णन है, पर उस सबका निचोड़ आचार्य चरक का यह महावाक्य माना जा सकता है(च.सू. 25.40): हरीतकी पथ्यानाम्। अर्थात पथ्यकारी द्रव्यों में हरीतकी सर्वश्रेष्ठ है।

भारत के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डॉ. डी.सी. कटोच, जिनका चिकित्सा में लंबा अनुभव है, का अपने अनुभवजन्य ज्ञान के आधार पर स्पष्ट मत है कि हरीतकी प्रयोग के कुछ मूलमन्त्र हैं जिन्हें प्रत्येक आयुर्वेदाचार्य को ध्यान रखना चाहिये। कोई भी रोग व रोगावस्था जो प्रधानत: कफात्मक, कफपित्तात्मक, क्लेदात्मक, रस-रक्त-मांस, मेद-मज्जा-शुक्र या धातुदुष्टि के प्रकरण, स्त्रोतोसंगात्मक, आवरणात्मक, मलावरोधात्मक या अग्निमान्द्यात्मक हो, वहाँ हरीतकी व हरीतकी के योगों का युक्तिपूर्वक प्रयोग करने से सफल चिकित्सा होती है।

हरीतकी और आमलकी लगभग समान गुण वाली प्रजातियाँ हैं। हरीतकी कसाय रस प्रधान तथा आमलकी अम्ल रस प्रधान द्रव्य है। हरीतकी में भी आमलकी की तरह लवण रस को छोड़कर शेष सभी पाँच रस पाये जाते हैं। यह उष्णवीर्य, त्रिदोषनाशक, मधुरविपाक लघु तथा रसायन है। हरीतकी का उपयोग रसायन एवं पथ्य के रूप में तो होता ही है, साथ ही श्वास, कास, प्रमेह, अर्श, शोफ, कुष्ठ, ग्रहणी, हृदय रोग, उदर रोग, मूत्र रोग, त्वचा रोग, विषम ज्वर, मुख रोग, अल्सर, उल्टी, दस्त, उदर-पीड़ा आदि अनेक रोगों को उपचारित करने में भी यह उपयोगी है। यूनानी मेडिसिन में इसे ठंड तथा सूखी माना जाता है और इसका उपयोग आँखों एवं दिमाग के टॉनिक के रूप में, डायरिया, अर्श, लकवा, सिर दर्द, मिर्गी, याददाश्त, रक्तशोधक, अर्श एवं कुष्ठ आदि के सन्दर्भ में होता है। हरीतकी के बारे में 5000 वर्ष पूर्व आयुर्वेद की संहिताओं में अंकित तथ्य, आधुनिक वैज्ञानिक शोध में भी यथावत सिद्ध पाये गये हैं।

हाल ही में हुये अध्ययन बताते हैं कि हरीतकी मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट हैजा (कॉलरा) जीवाणुओं के विरुद्ध प्रभावी है। विसूचिका (हैजा या कॉलरा) महामारी के रूप में संक्रामक आंत्रशोथ है जो वाइब्रियो कॉलेरी नामक जीवाणु के एंटेरोटॉक्सिन उत्पन्न करने वाले उपभेदों के कारण होता है। यह बीमारी इस जीवाणु द्वारा दूषित भोजन या पानी से फैलती है। प्राय: पानी या भोजन का दूषण हैजे के वर्तमान रोगी के माध्यम से होता है। ऐसा माना जाता था कि हैजे का स्त्रोत स्वयं मानव होता है, लेकिन अब ज्ञात हो चुका है कि जलीय वातावरण भी इस जीवाणु के स्त्रोत हो सकते हैं।

हरीतकी पर वर्ष 2024 तक 280 इन-वाइट्रो (लैब में) तथा इन-वाइवो (प्राणियों में) अध्ययन हुये हैं। साथ ही 1350 से अधिक शोधपत्र हैं जहाँ हरीतकी एकल या एक सह-द्रव्य है। इनमें से 600 शोधपत्र तो मूलत: हरीतकी पर ही हैं। जैसा कि प्राय: आयुर्वेदिक औषधियों के साथ अभी तक की स्थिति रही है, आयुर्वेदिक चिकित्सा की समग्रता को समाहित करते हुये क्लीनिकल ट्रायल्स बहुत कम हैं। फिर भी, वर्ष 2024 तक 100 क्लीनिकल ट्रॉयल्स या क्लीनिकल स्टडीज प्रकाशित हुये हैं।

> **हरीतकी अब आधुनिक बायोमेडिसिन में भी एक लोकप्रिय औषधि है। यह आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, होम्योपेथी, ऐलोपेथी, फाइटोमेडिसन आदि पद्धितयों में प्रयुक्त हो रही है और प्रभावी है। हरीतकी स्वतंत्र रूप से आयुर्वेद में रसायन तो है ही, यह त्रिफला के योग के रूप में तथा अन्य विविध औषधियों के साथ जुड़कर एक हजार से अधिक आयुर्वेदिक औषधियों में प्रयुक्त होती है।**

आश्चर्यजनक बात यह है कि हरीतकी पर उपलब्ध ज्ञान आयुर्वेद का प्राचीन ज्ञान होने के बावज़ूद बड़ी संख्या में पेटेंट प्राप्त कर लिये गये हैं। वर्ष 2019तक1226 ऐसेपेटेंट्स की जानकारी है जिनमें हरीतकी या तो अकेले द्रव्य के रूप में, या हरीतकी से प्राप्त फाइटोकेमिकल्स, या हरीतकी और अन्य द्रव्यों के योगों पर पेटेंट कराये जा चुके हैं। गुणधर्म या प्रभाविता जिसके लिये पेटेंट दिया गया है, उनमें से एक भी ऐसा नहीं है जिसका आयुर्वेद आधुनिक वैज्ञानिक शोध में हरीतकी को विविध रोगों की आयु-आधारित रोगोत्पत्ति को रोकने एवं उपचार में उपयोगी और सुरक्षित पाया गया है।

हरीतकी अब आधुनिक बायोमेडिसिन में भी एक लोकप्रिय औषधि है। यह आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, होम्योपेथी, ऐलोपेथी, फाइटोमेडिसन आदि पद्धितयों में प्रयुक्त हो रही है और प्रभावी है। हरीतकी स्वतंत्र रूप से आयुर्वेद में रसायन तो है ही, यह त्रिफला के योग के रूप में तथा अन्य विविध औषधियों के साथ जुड़कर एक हजार से अधिक आयुर्वेदिक औषधियों में प्रयुक्त होती है। इसी प्रकार 2000 से अधिक प्रोपराइटरी आयुर्वेदिक औषधियों में यह एक सह-द्रव्य के रूप में प्रयुक्त होतीहै।

आधुनिक शोध पर विश्व के महत्वपूर्ण जर्नल्स में प्रकाशित शोध-पत्रों में इन-वाइट्रो, इन-वाइवो एवं क्लीनिकल अध्ययनों का निचोड़ यह है कि हरीतकी में एंटीऑक्सीडेंट, रेडियोप्रोटेक्टिव, कीमोप्रिन्टेटिव, हिपेटोप्रोटेक्टिव, कार्डियोप्रोटेक्टिव, रीनोप्रोटेक्टिव, अडाप्टोजेनिक, हाइपोलिपिडमिक, हाइपोकोलेस्टेरोलिमिक, इम्यूनोमोड्युलेटरी, एंटीबेक्टीरियल, एंटीफंगल, एंटीटीवायरल, एंटीप्रोटोजोअल, एंटीकार्सीनोजेनिक, एंटीम्यूटाजनिक, एंटीडायबिटीज, एंटीइन्फ्लेमेटोरी, एंटीआर्थराईटिस, एंटीअनाफाइलेक्टिक, एंटीअल्सर, एंटीस्पाजमोडिक, एंटीकेरीज, एंटीअल्जीमर, एंटीएलर्जिक, वुंड-हीलिंग, उदर-विकार-रोधी आदि गुण पाये जाते हैं। ये सभी गुण वस्तुत: विविध प्रकार के फाइटोकेमिकल्स, जैसे पोलीफिनाल्स, फ्लेवोनोइड्स, एन्थोसाइन्स, ग्लाइकोसाइड्स, अल्कलोइड्स, टरपीन्स आदि के कारण हैं। इनमें फिनोलिक एसिड श्रेणी के द्रव्यों में एलाजिक एसिड, चेब्यूलिक एसिड, नियोचेब्यूलिक एसिड, गेलिक एसिड, चेव्यूलिनिक एसिड, तथा चेव्यूलाजिक एसिड आदि मुख्य हैं जो हरीतकी को चिकित्सकीय गुण प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त बेन्जोइक एसिड समूह में हाइड्रोबेन्जोइक एसिड तथा उसके डेरीवेटिव्स, सिनेमिक एसिड समूह हाईड्रोक्सीसिनेमिक एसिड के डेरीवेटिव्स, फ्लेवोनोइड समूह के द्रव्यों में फलेवोनोल एग्लीमोन्स, एमीकोन्स तथा ग्लाइकोसाइड्स इत्यादि विविध चिकित्सकीय भूमिका निभाते हैं।

शोध में इस बात के ठोस प्रमाण मिले हैं कि हरीतकी में एंटीऑक्सीडेंट तथा दर्दनाशक गुण हैं। साथ ही, एक अध्ययन में पाया गया है कि एक हज़ार मिलिग्राम हरीतकी की एक खुराक स्वस्थ व्यक्तियों को देने से दर्द सहने की क्षमता बढ़ने के साथ तथा दर्द के प्रारंभ की सीमा बढ़ जाती है। इस प्रकार यह जोड़ों के दर्द, ऑस्टियो आर्थराइटिस, रेम्युटॉइड आर्थराइटिस आदि ऐसे रोगों में विशेष लाभकारी है, जिनमें दर्द एक महत्वपूर्ण लक्षण है। हाल ही में हुआ 105 लोगों पर 90 दिन तक चला क्लिनिकल ट्रायल स्पष्ट करता है कि हरीतकी, हरिद्रा और शल्लकी का योग जोड़ों के ओस्टियो आर्थराइटिस के विरुद्ध प्रभावी है। हरीतकी-युक्त द्रव्य का एक अन्य क्लिनिकल परीक्षण 130 मोटापा-ग्रस्त लोगों पर किया गया। इसमें भी पाया गया कि यह द्रव्य न केवल मोटापा घटाने में उपयोगी है बल्कि दर्द की स्थिति और लिपिड प्रोफाइल भी सुधरी। एक रैंडमाइज्ड डबल-ब्लाइंड क्नीनिकल परीक्षण के दो सप्ताह तक चले शोध से ज्ञात हुआ है कि हरीतकी के घोल से प्रतिदिन दो बार कुल्ला करने से माइक्रोबियल प्लॉक व जिंजिवल इन्फ्लमेशन कम हुआ तथा मुंह में लार की अम्लीयता-क्षारीयता सम हुई। इसी प्रकार हरीतकी अल्जीमर रोग पर भी उपयोगी पायी गयी है।

हाल ही में हुए एक डबल-ब्लाइंड, प्लेसीबो-नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल, जिसमें प्रतिभागियों को उपचार और प्लेसीबो समूहों में विभाजित किया गया था तथा उन्हें 4 सप्ताह के लिए दो विभाजित खुराकों में हरड़ या प्लेसिबो के 500 मिलीग्राम के छह कैप्सूल दिए गए। मरीजों की संज्ञानात्मक हानि, सकारात्मक, नकारात्मक, अवसाद/चिंता, और उत्तेजना/गतिविधि लक्षणों का मूल्यांकन स्क्रीन फॉर कॉग्निटिव इम्पेयरमेंट्स इन साइकेट्री (एससीआईपी) और सकारात्मक और नकारात्मक सिंड्रोम स्केल (पीएएनएसएस) के प्रासंगिक उप-स्तरों का उपयोग 4 सप्ताह तक काके परीक्षण किया गया था। संज्ञानात्मक हानि, नकारात्मक लक्षण और उत्तेजना/गतिविधि में कण्ट्रोल की तुलना में हरड़ वाले समूह में काफी सुधार पाया गया। साथ ही कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं देखा गया गया। अत: हरड़ क्रोनिक स्किज़ोफ्रेनिक रोगियों में संज्ञानात्मक हानि, नकारात्मकता और उत्तेजना/गतिविधि लक्षणों में सुधार कर सकती है।

अंतत: आयुर्वेदिक संहिताओं, आधुनिक वैज्ञानिक शोध एवं अनुभव-जन्य समझ से यही सिद्ध होता है कि हरीतकी के विविध योग स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा तथा रोगी व्यक्ति को रोग-मुक्त करने में सक्षम हैं।

प्राचीन भारत के महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक ने वैद्यों के समूह के समूह के सन्दर्भ में लिखा है कि विद्वान वैद्यों का समूह स्वास्थ्य से जुडी तमाम तरह की शंकाओं और पचड़ों को निपटाने में श्रेष्ठ होता है (वैद्यसमूहोनि: संशयकराणं श्रेष्ठम् -च.सू.25.40 आंशिक)। देश के दिग्गज आयुर्वेदाचार्यों का ऐसा ही समूह कायसम्प्रदाय है। हरीतकी पर यह चर्चा कायसम्प्रदाय में सम्मिलित सभी आयुर्वेदाचार्यों और उनके जीवनदायी कार्यों को समर्पित है। वास्तव में हरीतकी की तरह कायसम्प्रदाय में सम्मिलित आयुर्वेदाचार्य भी सर्वरोगहर हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# मानव जीवन में अंक सात ( 7 ) की महिमा और व्यापक महत्व



प्रो. वीर बहादुर सिंह

पिछले एक सम्पादकीय लेख "अजब तेरी कुदरत गजब तेरा खेल" में मैं प्रकृति के कुछ प्रमुख रहस्यों पर सामान्यजन की जानकारी के लिए काफी कुछ लिख चुका हूँ, जिसे कई पाठकों ने बहुत सराहा। इस लेख में भी गिनती के सात अंक के बारे में काफी कुछ संकलित जानकारी लिखने जा रहा हूँ।

वैसे तो सभी धर्मों में कोई न कोई संकेत सभी ने अपनाया हुआ है लेकिन यहाँ मैं सनातन अथवा वैदिक धर्म में उपयोग में लाये जा रहे अंक सात से सम्बंधित कतिपय अवसरों की ही जानकारी दूंगा। दैनिक जीवन में हम अपनी व्यस्तता के रहते इन पर कभी गौर नहीं करते और बिना कुछ जाने-समझे अंक सात (7) का उपयोग करते रहते हैं। भौतिक स्थितिओं में सात अंक के उपयोग की बात पहले आरम्भ करते हैं।

1. एक सप्ताह को सात दिवस में बांटा गया है यथा; रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पति वार, शुक्रवार और शनिवार। ये सभी नाम सूर्य और उसके ग्रहों के नाम पर हैं। इसलिए समय या काल की गणना दिनों से आरम्भ होकर माह और वर्ष तक चलती है।

2. वर्षा के समय आकाश में सूर्य की विपरीत दिशा में बने इंद्रधनुष में भी 7 रंग होते हैं। सबसे बाह्य परिधि इंद्रधनुष में लाल रंग की होती है जो मनोभाव, कामना, तेजस्विता या जीवंतता और आवेग का द्योतक है। दूसरी परिधि नारंगी रंग की जो धैर्यता, सहनशीलता व् व्यक्तित्व दर्शाता वहीँ तीसरी परिधि पीली रंग प्रसन्नता दर्शाती है। इंद्रधनुष में चौथा व्रत हरा रंग का जो वृद्धि एवं नवीनीकरण अथवा प्रकृति दर्शाता है। तदुपरांत पांचवा व्रत नीला जो शान्ति, व् प्रभुत्व का प्रतीक है और छठा वृत्त जामुनी जागरूकता व् अंतर्ज्ञानि और सातवा बैगनी व्रत सृजनकर्ता, आध्यत्मता और कल्पनाशीलता को दर्शाता है। इस प्रकार प्रकृति में इन्द्रधनुष के रंग भी प्राणिमात्र को प्रभावित करते हैं।

3. शरीर में सात चक्र होते हैं जिन पर लोग मैडिटेशन के समय एकाग्र होकर निहारते हैं और धीरे-धीरे मुला धार से चढ़ कर मस्तिष्क में ब्रह्मरंध्र तक ध्यान साधते हैं वहां पहुंच कर साधक को जानने के लिए कुछ शेष नहीं रहता। इन चक्रों के नाम हैं; मूलाधार,-रीढ़ की हड्डी या कहें सुषुम्ना नाड़ी का नीचे अंतिम छोर। इसके ऊपर स्थित है स्वाधिष्ठान जिसे सेक्रल चक्र भी कहते हैं, यह नाभि के ठीक नीचे स्थित है। तीसरा चक्र इसके ऊपर मणिपुर, अनाहत चक्र (हृदय), विशुद्ध चक्र (गला), आज्ञा चक्र दोनों भौंह के बीच और आखिर में सबसे ऊपर सहस्त्रार चक्र। इस सभी चकों का विवरण देना इस लेख का उद्देश्य नहीं है। नवरात्रि में देवी उपासना के समय साधक एक एक कर इन्ही चक्रों पर मन स्थित करता है। यहाँ प्रत्येक चक्र का विवरण और उपयोगिता बताना लेख का उद्देश्य नहीं है इस पक्ष पर फिर किसी लेख में वर्णन करेंगे।

4. संगीत के भी सात स्वर हैं यथा स, रे, ग, म, प, ध, नी,,,,,,सभी वाध्य यंत्रो को बजाने के लिए इन्ही स्वरों का समुचित प्रयोग किया जाता है।

5. आकाश में सप्त ऋषि तारा समूह- उत्तर दिशा में ध्रुवतारे के पास सात तारों का एक समूह अंग्रेजी के सेवन अंक (7) की बनावट का विध्यमान है। इन सातों तारों का यह समूह सदैव सात के आकार में ही रहता है दिशा चाहे कोई भी हो। दूसरी खूबसूरत बात इस तारा मंडल की यह कि ध्रुव तारे के इर्दगिर्द बना रहता है। पूरी रात के इस तारा समूह की स्थिति को यदि हम कागज़ पर अंकित करते चले और फिर चारों सात के बिंदुओं को पहले आपस में लाइन से जोड़ दें तो सनातनी जीवन शैली में पवित्रता के रूप में प्रयुक्त होने वाला पवित्र चित्र (स्वास्तिक) बन जाता है। जिसे घर दूकान, मोटर गाड़ी आदि सभी पर हल्दी अथवा सिंदूरी रंग में पुरोहित लोग बना देते हैं। वर्तमान में प्रेस में छपे हुए रंगीन स्वास्तिक स्टीकर भी मिल जाते हैं। लेकिन यह स्वास्तिक चिन्ह का उद्गम हमारा आकाशीय सप्तऋषि मंडल और उसके द्वारा ध्रुव तारे के चारो तरफ विभिन्न दिशाओं में निर्मित दर्शित आकार ही हैं। इस तारा समूह के तारों के नाम भी प्राचीन ऋषिओं यथा, कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भरद्वाज। कहते हैं हर काल के ऋषि अलग होते हैं उपरोक्त केवल वर्तमान काल के हैं। विभिन्न पुराणों/ग्रंथों में इनका उल्लेख मिलता है।

6. कॉन्टिनेंट्स- मुख्य तौर पर तो सात ही हैं। जिसमे एशिया, अफ्रीका, यूरोप, उत्तर और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्टिका महादीप शामिल हैं, दुनियां के सभी देश इन्ही महाद्वीपों में आ जाते हैं। एशिया महाद्वीप सबसे बड़ा और ऑस्ट्रेलिया सबसे छोटा है।

7. महासागर और सागर- जिन्हे अंग्रेजी में ओसियन कहते हैं सात ही हैं। जिनमे पांच बड़े हैं–प्रशांत, अटलांटिक, हिन्द महासागर, आर्कटिक और अंटार्टिक दक्षिण में। अरब सागर और भूमध्य सागर को मिला कर सख्या सात हो जाती है। इनमे सबसे गहरा और शांत प्रशांत महासागर है जिसमे वायु मंडलीय उपद्रव नहीं उठते। अब कुछ अन्य सात को भी जान लें।

8. विवाह के समय पंडित वर-वधु से अग्नि के सात फेरे लगवा कर कुछ वादे/कसम दिलवाता है।

9. नव रात्रि में सातवा दिन ही माता काली को समर्पित होता है।

10. मानस में महात्मा तुलसीदास ने ग्रन्थ में सात काण्ड ही लिखे हैं ।

11. मुस्लिम संप्रदाय में भी अंक 786 पवित्र माना जाता है। जो अंक सात से ही आरम्भ होता है। हिन्दुओं की तरह मुस्लिम इसे पवित्र मान कर इसका उपयोग ऐसे करते हैं जैसे हिन्दू ॐ या स्वास्तिक चिन्ह। तो यह सात अंक की महिमा जो में जानता था आपके साथ बांटने का प्रयास किया है। पाठक यदि चाहें तो इनके अतिरिक्त और भी इनमे इज़ाफा कर सकते हैं। आशा करता हूँ पाठकों विशेष रूप से युवा को यह जानकारी अच्छी लगेगी।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**डेरी एवं खाद्य विज्ञ, सेवा निवृत कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।**

# भवानीमंडी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गंदे पानी की सप्लाई होने से लोगों में रोष

**भवानीमंडी** (निसं)। लाखो रूपये खर्च होने के बाद भी उपखण्ड भवानीमंडी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गंदे पानी की सप्लाई की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही जिसके चलते क्षेत्र के लोगो में काफी रोष देखा गया है।

इस समस्या को लेकर कई बार कांग्रेस और भाजपा पार्टी के कार्यकताओ के आलावा समाजिक संगठन के पदाधिकारी उठा चुके है यहां तक भाजपा के कार्यकताओ ने संबंधित अधिकारी को गंदे पानी का स्वाद भी जलदाय विभाग कार्यालय के यहां प्रदर्शन कर चकाया था लेकिन थोड़े दिन सप्लाई ठीक आई उसके बाद यह समस्या बनी हुई है जिससे शहर वासियो को गम्भीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है !

आज भी भवानीमंडी नगर के कई वार्डो में गंदे मटमैले पानी की सप्लाई हुई जिसे लोगो ने अपने काम में नहीं लिए वहीं भाजपा के नगर महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने बताया की गर्ल्स स्कूल चौराहे से लेकर उषा कॉलोनी तक गंदे मटमैले पानी की सप्लाई है जिसे उपयोग में लेने से लोगो ने परहेज किया इसकी शिकायत की गई लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है।

इसके सुधार के लिए इस मामले को क्षेत्रिय विधायक ने भी उठाया था इसके आलावा नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा ने भी गंदे पानी की समस्या सुधारने के लिए शहर में पिप्लाद बांध से जल सप्लाई की जगह राजगढ़ बाँध से पेयजल देने की मांग की थी लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है !

गौरतलब है की भवानीमंडी के सुलिया के यहां बना पिप्लाद बाँध जिससे शहर में पेयजल सप्लाई होती है जहां नगर सहित आसपास से निकलने वाले गंदे पानी के नालो का पानी पिप्लाद बाँध में जाकर सामिल होता है जिसे फिलटर करने के लिए फिलटर प्लांट भी लगा रखा है लेकिन गंदे पानी की समस्या आम बात हो गई यह भवानीमंडी सहित आसपास के क्षेत्र के बड़ी समस्या है इस गंदे पानी को समस्या से कम छुटकारा मिलेगा कुछ कहा नहीं जा सकता !



**भवानीमण्डी में कई दिनों से नलों से गंदा पानी आ रहा है।**

## गणगौर बंदोरी सिंधारा आयोजित

**रतनगढ़,** (निसं)। शहर में महिलाओं व किशोरियों द्वारा गणगौर का पर्व आस्था भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। शहर में गणगौर गीतों का गायन प्रात: गणगौर पूजन से शुरू होता है जो साय बनोरा व रात्रि में लोकगीतों से जारी रहती है।

रिनी कुएं के पास मोहल्ले की महिलाओं द्वारा सामूहिक गणगौर बनोरा व सिंघारा का आयोजन आस्था व भक्ति भाव से किया गया। उपस्थित महिलाओं व नवयौवनाओं ने लोकगीत गाकर गौर माता की पूजा अर्चना करके सुख समृद्धि की कामना की। महिला मंडल अध्यक्ष किरण देवी पारीक ने बताया कि गणगौर पर्व महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है तथा विवाह योग्य किशोरियों मनपसंद भावी जीवनसाथी को पाने के लिए गणगौर पूजन करती है। उन्होंने संतोष सारस्वत की ओर से सभी का आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर पारंपरिक परिवेश में महिलाओं युवतियों ने गणगौर के लोक गीतों का आनंद लिया गीतों की प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर किया। इस अवसर पर रेखा शर्मा, दुर्गादेवी, सुरभी सारस्वत ,माया देवी पुरोहित, नूतन, खुशबू पुरोहित, हेमलता स्वामी,अलका स्वामी सहित अनेकों महिलाएं व किशोरियां उपस्थित थी।

# 378 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया

**सीकर,** (निसं)। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फूले एवं संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में सीआर मैना मैरिज गार्डन राधाकिशनपुरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।


**■ महापुरूषों को श्रद्धांजलि अर्पित की**

शिविर संयोजक राधाकिशनपुरा सरपंच रामलाल सैनी ने बताया महात्मा ज्योतिराव फुले एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में 378 युवाओं ने मानव सेवार्थ रक्तदान कर महापुरूषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नटखट ग्रुप सीकर के विनोद सैनी व रामलाल सैनी द्वारा रक्तदातों को सफर बैग, प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर विजयपाल खीचड़ पूर्व सरपंच गोकुलपुरा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, विनोद सैनी नटखट ग्रुप सीकर, प्रेमचन्द सिंगोदिया, किशोर सैनी, अशोक वर्मा, जितेन्द्र देवठिया, एडवोकेट पूजा महरोली, बाजोर फाउण्डेशन के अध्यक्ष मोहन बाजोर, सुरेश दानोदिया, बीएल मील, सतेन्द्र कुड़ी, रामोतार बागड़ी, पार्षद सुरेश सैनी, डॉ. राजकुमार महरिया, सुरेश बागड़ी, डॉ. कमल किशोर, जयप्रकाश सैनी, विक्रम भादवाडी, राजेश बाकोलिया, श्रवण कांटिवाल, पंकज सैनी, नरेश सैनी, प्रकाश रॉयल, संजय खारिया, सुनील घोराणा, सुशील रेटा, संदीप भादवासी, मोतीराम कारोडिया, गगन कटारिया, योगेश सैनी, डॉ. वीरेन्द्र वर्मा, विकास दानोदिया, विनोद पंवार, बनवारी गुर्जर, जितेन्द्र काकड़वाल, अतिम आर्य, दिनेश चिरानियां, हिमांशु काकड़वाल आदि लोगों ने रक्तदाताओं की हौसल अफजाई की।




**रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिय।**

## राशिफल रविवार 7 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र दिन 12:58 तक, ब्रह्म योग रात्रि 11:17 तक, वणिज करण प्रात: 6:54 तक, चन्द्रमा प्रात: 7:39 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:58 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रात: 6:54 से सांय 5:08 तक रहेगी। आज मास शिवरात्रि है। चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:49 से 9:22 तक, लाभ-अमृत 9:22 से 12:24 तक, शुभ 2:03 से 3:36 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:43

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मिथुन**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**सिंह**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**कन्या**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**तुला**
अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**धनु**
घर-परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये-पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कुंभ**
व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आज वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। मित्रों/रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है।

**मीन**
मानसिक तनाव दूर होगा। मन:स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। पारिवारिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

# हत्याकांड के पीड़ित परिवार को मिलेगी राज्य सरकार से आर्थिक मदद : भजनलाल शर्मा



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के साथ पीड़ित परिवार ने शनिवार को जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की।

- **आचार संहिता के बाद सी.एम. ने आर्थिक मदद और प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलवाने का भरोसा दिलवाया**

**जयपुर**। जयपुर के बहुचर्चित मोहन लाल सिंधी हत्याकांड के पीड़ित परिवार सहित भारतीय सिंधु सभा, झूलेलाल फाउण्डेशन व सिंधी पार्षदों सहित विभिन्न सस्थाओं के सदस्यों ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। पीड़ित परिवार और सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ितों को त्वरित न्याय, दोषियों को कठोरता सजा, आर्थिक सहायता और राज्य व केन्द्र की योजनाओं से मदद की मांग की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार पूरी तरह संवेनशील होकर पीड़ितों को न्याय दिलवाएगी। आचार संहिता के बाद उन्होंने आर्थिक मदद और प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलवाया जाएगा एवं रोजगार की दृष्टि से डेयरी बूथ में सहयोग करें।

गौरतलब है कि पिछले दिनों जयपुर में एक पुलिसकर्मी के बेटे ने गरीब परिवार के मोहन लाल सिंधी की हत्या कर दी थी। उस प्रकरण में सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निवास स्थान पर मुलाकात की। देवनानी ने मुख्यमंत्री से कहा कि इस प्रकरण में जिन लोगों की भी संलिग्ता है उन सभी को भी गिरफ्तार किया जाए। इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी के अलावा भी परिवार के कुछ लोगों ने आरोपी का सक्रिय सहयोग किया है। उन सब को भी शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलवायी जाए। देवनानी ने मुख्यमंत्री से कहा कि मृतक मोहन लाल सिंधी का परिवार बेहद गरीब वर्ग से आता है और मोहन लाल ही इस परिवार का मुख्य कर्ताधर्ता था। उसकी मृत्यु से गंभीर आर्थिक संकट में फंस गया है। ऐसे में राज्य सरकार मोहन लाल के परिवार को उचित आर्थिक सहायता दे। उसके परिवार को स्थाई रोजगार के लिए डेयरी या दुकान का आवंटन किया जाए और परिवार को आश्रय के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में निःशुल्क आवास उपलब्ध करवाया जाए।

इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवनानी और मोहन लाल सिंधी के परिजनों के साथ आए सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलवाया कि इस प्रकरण में किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्सा नहीं जाएगा। चुनाव की आचार संहिता हटते ही मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में पीड़ित परिवार सदस्य कामिनी मनवानी (बहन), मनीष लालवानी (बहनोई), पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष किशोर सचदेव, श्री झूलेलाल फाउण्डेशन राजस्थान के मुकेश लख्यानी, दादा सुन्दर ठाकुर, श्याम सतवानी, सिंधी सैन्ट्रल पंचायत जवाहर नगर के तुलसी त्रिलोकानी, दीवान रावतानी, भारतीय सिन्धु सभा के विष्णुदेव सामतानी, जितेन्द्र लखवानी (पार्षद), हीरालाल तोलानी, नारायण परनानी, जयेश समतानी एवं सर्व सिन्धी समाज महासभा के श्याम कोरानी उपस्थित थे।

# आई.टी. हब के रूप में जयपुर विकसित किया जाएगा : मंजू शर्मा



लोकसभा जयपुर शहर भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने शनिवार को मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीता लोगों को भरोसा, कांग्रेस ने तोड़ा : सांसद रामचरण बोहरा**
- **कांग्रेस शासन में अपराध और तुष्टीकरण चरम पर पहुंचा : सराफ**

**जयपुर**। लोकसभा जयपुर शहर भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने मंजू शर्मा का भव्य स्वागत किया। वहीं तपती दोपहरी भी लोग अपनी प्रिय नेता का बेसब्री से इंतजार करते नजर आए। इस दौरान मंजू शर्मा ने आमजन के बीच जाकर लोगों से मुलाकात की और देश का भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान आयोजित जनसभाओं में लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा को वोट देने का संकल्प लिया। वहीं करीब आधा दर्जन समाजों के प्रतिनिधियों ने भी मंजू शर्मा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया और भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की।

इस दौरान मंजू शर्मा ने कहा कि जयपुर में पिछले 10 सालों से विकास की नई इबादत लिखी गई है। सांसद रामचरण बोहरा के नेतृत्व में जयपुर शहर का नाम देश के प्रमुख बड़े शहरों में शामिल हो गया है। अब उनके बाकी रहे कार्यों को पूरा करवाना प्राथमिकता रहेगी। वहीं जल्द ही जयपुर को आईटी हब के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि आने वाले समय में जयपुर की पहचान ही आईटी सेंटर के रूप में हो सके।

सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान और आम आदमी का बुनियादी विकास कराकर मोदी सरकार ने लोगों में भरोसा पैदा किया है। बीते दस सालों में भगवान श्रीराम का अयोध्या में मंदिर बना, जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटी। भाजपा की प्राथमिकता समस्याओं के समाधान कराने की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भारत के पासपोर्ट की कद्र हुई है। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही 13 जिलो में पानी की कमी पूरी करने के लिए ईआरसीपी को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही राजस्थान में पेपर लीक करने वालो को जेल में बंद करने का काम भाजपा की भजनलाल सरकार ने ही किया है। कांग्रेस के शासन में तुष्टीकरण और अपराध चरम पर रहे। पूववर्ती लेकिन भाजपा शासन में अब अपराधी छिपते हुए फिर रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के स्वेज फार्म से जनसंपर्क शुरू किया। इस दौरान यहां लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया और चुनरी ओढाकर अभिनंदन किया गया। इसके बाद उन्होंने 22 गोदाम, ज्योति नगर, लालकोठी, करतारपुरा, महेश नगर, इमली फाटक, बरकतनगर, मानसिंह पुरा, महावीर नगर व मिलाप नगर क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उनका एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। जनसंपर्क कार्यक्रम में उनके साथ उप महापौर पुनीत कर्नावट, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, अशोक पंड्या, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक विमल कटियार, जितेन्द्र अजमेरा, पार्षद कविता कटियार, नरेश शर्मा, रजत परनामी, विजय सैनी, रमेश सैनी, दिनेश गौड, चंचल परनामी, अंजना सेन, सुधा शर्मा, शिवानी शर्मा सहित भाजपा नेता, पार्षद व पूर्व पार्षद, मोर्चो और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मालपुरा सांप्रदायिक हिंसा प्रकरण के सभी आरोपी दोषमुक्त

**जयपुर, (का.सं.)**। शहर की सांप्रदायिक दंगा मामलों की विशेष अदालत ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद कांड के बाद मालपुरा में हुई सांप्रदायिक हिंसा प्रकरण के सभी 11 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव दोषमुक्त कर दिया है। जबकि प्रकरण में आरोपी बनाए गए कैलाश माली और सुखदेव लोहार की पूर्व में मौत हो चुकी है। वहीं एक बाल अपचारी का मामला किशोर न्यायालय में लंबित चल रहा है।

अदालत ने आरोपी रामस्वरूप, सीताराम शर्मा, रामबाबू शर्मा, घनश्याम, नोरत लोहार, रामबाबू, राजेन्द्र प्रसाद गालव, रामबाबू तेली, रमेश चन्द विजय, ओमप्रकाश तेली और सत्यनारायण धानका को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष इन लोगों पर आरोप प्रमाणित करने में पूरी तरह असफल रहा है। इसके अलावा ऐसी कोई साक्ष्य सामने नहीं आई है, जिससे यह साबित हो कि ये लोग हमलवारों में शामिल थे। वहीं इन लोगों के पास से कोई बरामदगी भी नहीं हुई है। इसके अलावा मामले में मानव अंग बरामद हुए थे, लेकिन कोर्ट में एफएसएल रिपोर्ट ही पेश नहीं हो पाई। अभियोजन ने आरोपियों की शिनाख्त परेड ही नहीं कराई और इसके चलते उनकी पहचान ही नहीं हो पाई।

मामले के अनुसार बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद मालपुरा में भी सांप्रदायिक दंगा हुआ था। जिसमें 17 लोगों की मौत हुई थी और पांच लोगों के मानव अंग बरामद हुए थे। वहीं 9 दिसंबर, 1992 को शरीफन नाम की महिला ने पुलिस थाने में लोगों की मौत को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें सीआईडी-सीबी ने जांच कर 14 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अमर सिंह और अश्विनी बोहरा ने कहा कि एफआईआर के अनुसार घटना महिला के घर हुई थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला ने कोर्ट में आकर बयान दिया कि घटना उसके घर में नहीं हुई है।

# परिवहन निरीक्षक से मारपीट के दो अभियुक्तों को सजा

**जयपुर**। जिले के सत्र न्यायालय ने 9 साल पुराने मामले में परिवहन निरीक्षक के साथ राजकार्य के दौरान मारपीट करने और नगदी व मोबाइल छीनने के दो अभियुक्तों रोहिताश व गोपाल को 5 साल की जेल सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल 14,400 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं कोर्ट ने दो अन्य आरोपी कृष्ण कुमार व दिनेश को बरी कर दिया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक राघवेन्द्र पारीक ने बताया कि परिवहन निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी ने बगरू पुलिस थाने में 25 फरवरी, 2015 को एफआईआर दर्ज करवाई थी। इसमें कहा कि वह अपने राजकार्य में व्यस्त था और उसी दौरान अजमेर रोड पर ठीकरिया टोल प्लाजा के पास 5-6 जनों ने उसके साथ गंभीर तौर पर मारपीट की और उसकी नगदी व अन्य सामान छीनकर भाग गए। इस हमले में उसकी नाक की हड्डी व हाथ की अंगुली भी टूट गई। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। मेडिकल में सामने आया कि पीड़ित के शरीर पर 6 चोट आई थीं। वहीं अपने बचाव में आरोपियों ने कहा कि उनके खिलाफ झूठा केस दर्ज कराया है, वे ट्रक चलाते हैं और अक्सर उनकी कहासुनी आरटीओ कर्मचारियों के साथ होती रहती है। वे उन्हें परेशान करते रहते हैं। इसलिए उन्हें दोषमुक्त किया जाए।

# राज्य स्तरीय समिति की एक साल से बैठक नहीं होने पर अध्यक्ष डॉ. बगरहट्टा को कारण बताओ नोटिस

## सवाई मानसिंह अस्पताल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी एनओसी जारी करने का मामला

- **राज्य सरकार ने डॉ. बगरहट्टा से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।**

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट फर्जी एनओसी के मामले में राज्य सरकार ने मानव अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत गठित सलाहकार सह राज्य स्तरीय प्राधिकरण समिति की पिछले एक वर्ष से बैठक आयोजित नहीं किए जाने पर समिति के अध्यक्ष सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि समिति को मानव अंग प्रत्यारोण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए समय-समय पर आवश्यक बैठकें आयोजित करनी थीं। लेकिन यह संज्ञान में आया है कि विगत एक वर्ष से नियामनुसार बैठकें नहीं की गईं। बैठकें आयोजित नहीं करने के संबंध में समिति के अध्यक्ष डॉ. बगरहट्टा से 3 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। उधर शनिवार को एसीबी की टीम ने एनओसी देने वाली कमेटी के सदस्य डॉ.अनुराग धागड़ से भी पूछताछ की। इस दौरान उनके हस्ताक्षर का भी नमूना लिया। इससे पहले एसीबी मुख्यालय की टीम ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल प्रशासन और एथिकल कमेटी के सदस्यों के बयान लेकर पूछताछ की है। शुक्रवार को एसीबी मुख्यालय की टीम एसएमएस मेडिकल कॉलेज पहुंची। जहां टीम ने प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और एथिकल कमेटी के मैंबर डॉ. रामगोपाल यादव के लिए बयान लिए। टीम ने तीनों चिकित्सकों के हस्ताक्षर के सैम्पल भी लिए।

गौरतलब है कि एसीबी ने अंग प्रत्यारोपण के लिए निजी हॉस्पिटलों को एसएमएस अस्पताल की कमेटी के नाम पर रिश्वत लेकर फर्जी एनओसी देने के मामले का 2 अप्रैल को ही खुलासा किया था। एसीबी ने गौरव सिंह व फोर्टिस हॉस्पिटल के विनोद व ईएचसीसी हॉस्पिटल के अनिल जोशी को गिरफ्तार किया था। वहीं हरियाणा के गुरूग्राम में अंगों की खरीद फरोख्त का मामला सामने आने और इस गिरोह का जयपुर में सक्रिय होने का खुलासा होने के बाद जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की टीम जांच के लिए गुरूग्राम भेजी गई है।

# चुनाव में हर कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाएं : सहस्त्रबुद्धे

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने आज जयपुर शहर लोकसभा प्रधान कार्यालय पर जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसको संबोधित करते हुए डॉ. सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं की अपनी भूमिका होती है सभी को अपनी दी गई जिम्मेदारी के अनुरूप भूमिका का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान आईटी के युग में आईटी और मीडिया के साथ ही सोशल मीडिया की महती भूमिका है। चुनावों में विपक्षी पार्टियों की ओर से वोटों को आकर्षित करने के लिए सोशल मीडिया को हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सोशल मीडिया के सदस्यों की जिम्मेदारी चुनावों में बढ़ जाती है। सभी को सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रहे मुद्दों पर नजर रखनी चाहिए और यथासमय दुष्प्रचार का जवाब भी देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है लेकिन चुनावों में गाइडलाइन के कारण कई मुद्दे सही प्रकार से उठ नहीं पाते हैं। ऐसे में मीडिया टीम की सभी प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक और डिजिटल मीडिया संस्थानों के पत्रकारों से समन्वय रखते हुए जमीनी मुद्दों की जानकारी देते रहना चाहिए। इस दौरान जयपुर शहर लोकसभा चुनाव संयोजक डॉ. एस.एस. अग्रवाल ने कहा कि जयपुर शहर में आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है और इसके लिए सभी पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वे उसे पूरा करें और अन्य विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर काम करे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता देखकर कांग्रेस नेताओं में खलबली मची है।

## भाजपा का एक ही नारा 'सबका साथ सबका विश्वास' : मीणा

**जयपुर**। भाजपा प्रेस कार्यालय पर भाजपा दिवस पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा ने भाजपा पार्टी की सरकारों द्वारा किए गए अब तक के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भाजपा पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा शासित सरकारों ने हर वर्ग के लोगो के लिए बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान नई ऊंचाईयो को छूने के लिए अग्रसर है। राजस्थान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में राजस्थान की महिलाओं को कम दाम पर सिलेंडर देने का वादा किया था जो की सरकार बनते ही पूरा कर दिया गया आज दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से अलवर को भी फायदा हुआ है, जिससे दिल्ली आने जाने में अलवरवासियो को सहूलियत मिली है, आज राजस्थान सरकार ने ईआरसीपी योजना के जरिए 21 जिलों में पानी की समस्या का पूरी तरह से हल करने का संकल्प लिया है।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# श्वेत अश्व आठ दिशाओं में नव संवत्सर के प्रचार के लिये रवाना



नव संवत्सर 2081 के प्रारम्भ होने का प्रचार करने के लिये चार श्वेत अश्व ( घोड़े ) जयपुर के आराध्य देव गोविन्ददेवजी से जयपुर के प्रमुख संत महंत, प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं विद्वान पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किये।

**जयपुर**। नव संवत्सर 2081 प्रारम्भ होने का प्रचार करने के लिये चार श्वेत अश्व (घोड़े) जयपुर के आराध्य देव गोविन्ददेवजीसे जयपुर के प्रमुख संत महंत, प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं विद्वान पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किया। यह अनूठा कार्यक्रम नवसंवत्सर के प्रति जागरूकता लाने और नव संवत्सर 2081 का प्रचार प्रसार करने के लिये किया गया। जिसमें श्वेत अश्व (घोड़े) के दोनो तरफ नव संवत्सर की शुभकामनाएं के बैनर लगे हुये हैं, आगे ढोल बज रहे हैं। घोड़े के उपर छतरी और नाचते गाते हुये कार्यकर्ता साथ चल रहे हैं।

संस्कृति युवा संस्था एवं नव संवत्सर उत्सव समारोह समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा सपत्नीक नीलम मिश्रा, ने विधि विधान से विद्वान पंडितों के साथ वैदिक रीति के साथ अश्वों की पूजा अर्चना करवाई।

इसके पूर्व गोविन्द देवजी के महंत मानस गोस्वामी ने पूजा अर्चना की और संत महंतों का स्वागत किया और उपस्थित लोगो को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर हाथोज दक्षिण मुखी बालाजी महंत एवं विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, गीता गायत्री मंदिर के पं. राजकुमार चतुर्वेदी, घाट के बालाजी महंत सुदर्शनाचार्य, सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर कैलाश गौड़, परकोटा गणेश के अमित, लाडली जी मंदिर के संजय गोस्वामी एवं महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी, धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय, प्राचीन श्याम मंदिर के महंत लोकेष मिश्रा, केशवराय मंदिर जयसिंहपुरा खोर के महंत कैलाश शर्मा एवं कमलेश शर्मा, जयपुर पुजारी महासंघ के नीतीश चतुर्वेदी एवं पंकज शर्मा ने चारों अश्वों की लगाम पकडकर गोविन्द देवजी मंदिर के चौराहे तक लाये उसके पश्चात पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशा में रवाना किया गया।

यह अश्व जयपुर शहर के प्रमुख मंदिरों में ईषान में खोले के हनुमानजी मंदिर, पूर्व में गलता, आग्नेय में गोनेर मंदिर, दक्षिण में सांगा बाबा, नैऋत्य में स्वामी नारायण मंदिर, पश्चिम में हाथोज हनुमान जी, वायव्य में कदम्ब डूंगरी व उत्तर में आमेर में काले हनुमान मंदिर जी के लिये छोडे गये और नव संवत्सर का 11 दिन तक अनूठे तरीके से प्रचार-प्रसार करेंगे। नव संवत्सर की जानकारी युवाओं को देने के लिये कार्यक्रर्ता पम्पलेट बांटते हुए चल रहे हैं।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक एडवोकेट एच.सी. गणेषिया, प्रदेशाध्यक्ष गौरव धामाणी, मुकेश मिश्रा, वरुण शर्मा, पंकज शर्मा, दीपक धीर, नीलम मिश्रा, लता शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, श्रीराम मोदी, नितिन शर्मा, विकास शर्मा, हर्ष शर्मा सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे और अश्वों के आगे ढोल नगाड़े पर नाचते गाते आगे चल रहे थे और सनातन धर्म की जय हो, नव संवत्सर का स्वागत है के नारे लगा रहे थे।


Regd. No. 3122/L
BHAIRAV GRAH NIRMAN SHAKARI SAMITI LTD. JAIPUR
197, Subhash Colony, Shastri Nagar, Jaipur-302016
Dated- 06.04.2024
**सूचना**
"समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की आम सभा का आयोजन दिनांक 21.04.2024 को प्रातः 11.00 बजे समिति के कार्यालय 197, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर जयपुर पर किया जाना निर्धारित किया है। अतः समय पर पधारने का कष्ट करें। अधिक विस्तृत जानकारी (एजेन्डा आदि) के लिए समिति के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।" "मंत्री भैरव गृह निर्माण स.स. लि. 197, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर जयपुर"
भैरव गृह निर्माण स.स.लि., जयपुर

**आवश्यक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साधना अस्पताल प्राइवेट लिमिटेड गंगा कॉलोनी नियर झारखण्ड मोड खातीपुरा रोड जयपुर (राजस्थान) अपने बहिरंग (OPD) एवं अंतः (IPD) रोगियों का पुराना मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति व संस्था को 31 मार्च 2020 तक का (IPD) मेडिकलरिकॉर्ड व बहिरंग (OPD) मेडिकल रेकार्ड चाहिए तो दिनांक 21 अप्रैल 2024 रविवार सायं 5 बजे तक अस्पताल से प्राप्त कर लेवे। दिनांक 21 अप्रैल 2024 रविवार सायं 5 बजे के पश्चात बहिरंग (OPD) मेडिकल रेकार्ड व (IPD) अंत रोगी मेडिकल रेकार्ड के सम्बंध में अस्पताल प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी।
अस्पताल अधीक्षक
वास्ते-साधना अस्पताल प्रा.लिमिटेड
डायरेक्टर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मै. शिवोम इन्टरप्राईजेज, भूखण्ड संख्या एच-1/730 रीको औद्योगिक क्षेत्र, चौपानकी, भिवाडी तह. टपूकडा जिला खैरथल-तिजारा (राज.) एक पार्टनरशिप फर्म है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर RF/BHI/2022/729 दिनांक 24.02.2022 है उक्त फर्म में श्री प्रीतम आहुजा पुत्र श्री अंशी लाल आहुजा निवासी डी-235/बी, द्वितीय तल, विवेक विहार फेज-1, दिल्ली-110095 कृष्ण आहुजा पुत्र श्री अंशी लाल आहुजा निवासी डी-235/बी, प्रथम तल, विवेक विहार फेज-1, दिल्ली-110095 अशोक आहुजा पुत्र श्री हरी चन्द आहुजा निवासी ए-44, शिवाजी विहार, जनता कॉलोनी, नई दिल्ली-110027, राजेश कुमार आहुजा पुत्र स्व. श्री कुशल चन्द आहुजा निवासी ए-ब्लॉक 318-बी, सूर्य नगर गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, प्रवीन पॉल सचदेवा पुत्र श्री के.जी. सचदेवा निवासी 165, राम विहार, दिल्ली-110092 एवं सोमान्श सचदेवा पुत्र श्री प्रवीन पॉल सचदेवा निवासी 165, राम विहार, दिल्ली-110092 पार्टनर है। पार्टनर श्री प्रीतम आहुजा ने दिनांक 28.06.2022 को स्वेछा से अपनी भागीदारी छोड दी एवं श्री मयन आहुजा पुत्र श्री प्रीतम आहुजा निवासी डी-235/बी, द्वितीय तल, विवेक विहार फेज-1, दिल्ली-110095 नए पार्टनर बन गए है। उक्त भागीदारी परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस, जिला उद्योग केन्द्र, भिवाडी में अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं।
-पार्टनर, मै. शिवोम इन्टरप्राईजेज

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा.1/जोन-1/2024/डी-387 दिनांक-04.04.2024
**विज्ञप्ति**
न्यू पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना सिद्धार्थ नगर के भूखण्ड संख्या ई-34, का पट्टा विलेख दिनांक 28.02.1987 को श्री हरि बाबू अग्रवाल पुत्र श्री भजनलाल अग्रवाल के पक्ष में जारी किया गया। तत्पश्चात श्री हरि बाबू अग्रवाल पुत्र श्री भजनलाल अग्रवाल द्वारा दिनांक 25.05.2015 को जरिये पंजीकृत वसीयतनामा राशि अग्रवाल पुत्री श्री हरि बाबू अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित कर दिया गया एवं श्री हरिबाबू अग्रवाल पुत्र श्री भजनलाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 15.01.2024 को हो चुकी है। उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर राशि अग्रवाल पुत्री श्री हरि बाबू अग्रवाल द्वारा नाम हस्तान्तरण/फ्री-होल्ड पट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 164000 दिनांक 23.02.2024 को किया है। भूखण्ड संख्या ई-34, का उक्त के नाम से नाम हस्तान्तरण/फ्री-होल्ड पट्टा जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म व अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की 07 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को कार्यालय के जोन-1 जविप्रा, कमरा नं. पी.बी.-एस.एफ.202, 206 जविप्रा, जयपुर में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावे तथा प्राप्ति रसीद लेवे, अन्यथा निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार नाम हस्तानतरण/लीज-होल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
(सुभाष चन्द बोहरा), उपायुक्त, जोन-1

**आम सूचना** सब आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अनिल कुमार सक्सैना पुत्र स्व. श्री मंगली प्रसाद सक्सैना 30-ए, डब्ल्यू.ए.ओ. कॉलोनी, अम्बाबाडी जयपुर 1/2 हिस्सा पार्टनर मिलेनियम कार्गो मूवर्स एल.एल.पी. की सह 1/2 हिस्सा पार्टनर दामिनी टिक्कीवाल पुत्री दिलीप टिक्कीवाल निवासीनी सी-507 सिद्धार्थ नगर जयपुर के द्वारा कारित कुछ अपरिहार्य, कृत्यों के कारण मेरे अभिभाष्य ने उक्त फर्म को विघटित कर दिया है जरिये रजिस्टर्ड नोटिस दिनांक 28.03.2024 को दामिनी टिक्कीवाल को उसके घर और ऑफिस 50-ए, सुमेर नगर विस्तार मानसरोवर जयपुर पर सूचित कर दिया गया है। उक्त फर्म अब मिलेनियम कार्गो मूवर्स एल.एल.पी. अब पूर्णरूपेण भंग हो चुकी है। वैधानिक एवं कानूनी प्रक्रियाओं के अन्तर्गत कार्यवाहीयों में लम्बित है। अतः मेरे अभिभाष्य के नाम से अथवा उसके बिहाफ पर कोई भी व्यक्ति, संस्था, सरकारी अथवा गैर सरकारी प्रतिष्ठान, कोई भी कार्पोरेशन, ओटोनोमस बोडी, निजी एवं सरकारी बैंक किसी भी प्रकार का कोई लेन देन अथवा संव्यवहार किसी भी प्रकार का लिखित अथवा मौखिक दस्तावेजी अथवा इलैक्ट्रानिक, करार इत्यादि करेगा तो प्रत्येक प्रकार से कानूनी आर्थिक एवं अन्य समस्त परिणामों एवं दुष्परिणामों की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। मेरा अभिभाष्य अनिल कुमार सक्सैना उक्त के लिए लेश मात्र भी जिम्मेदार नहीं होगा।
जयपुर (अजय कुमार सक्सैना, मधु गुप्ता) एडवोकेट
दिनांक-04.04.2024 मो. 9414457031

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम दीपक कुमार पाण्डे से बदलकर दीपक पाण्डे कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। पता-फ्लैट नंबर-206, सिद्धि होम्स, सुमेर नगर विस्तार, ब्लॉक-एफ, गोल्यावास, मानसरोवर, जयपुर-302020, मोबाइल-9414360593

**खोया-पाया**
मेरे मकान 6/43 मालवीय नगर जयपुर के मूल दस्तावेज कब्जा पत्र, डिमाण्ड लैटर, कार्यालय आदेश, नियमितिकरण, अदेय प्रमाण पत्र, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें- हरीश सैनानी-9694854669

**सार्वजनिक नोटिस**
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी-124 ('उत्तम आस्था') मोती डूंगरी विस्तार योजना गणेश मंदिर के पास, जयपुर, बी-49 ('वशंभर पैराडाइज') और बी-3 गणेश नगर, मोती डूंगरी, जयपुर में तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। उक्त भवनों के निर्माण को मोती डूंगरी विस्तार योजना के कुछ निवासियों द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी गई है, जिसमें खंडपीठ ने आदेश दिनांक 31.10.2023 द्वारा फैसला सुनाया गया है कि उक्त भवनों का निर्माण लंबित एसबीसीडब्ल्यूपी संख्या 8803/2023 के अंतिम परिणाम पर निर्भर रहेगा।
जनहित याचिकाकर्ता
प्रीती असावा/अरुणा स्वामी

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-7 मुकाम जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर हरिश मेहता बाबत कजोड
दावा बाबत-कायम मुकाम
मुकदमा नम्बर 46/2012 CIS 42255/2014
बनामः-
मुसम्मी मनफुली पत्नि राजेन्द्र मीणा कौम मीणा साकिन नटाटा तहसील आमेर परगना जिला जयपुर।
चूंकि वादी ने इस अदालत में तारीख 15.10.2019 माह सन 199 को 1. हरिश मेहता बनाम 2. कजोड दायर की जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि प्रतिवादी सं. 2 मृतक बद्री मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी प्रतिवादी सं. 2/2 मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. प्रतिवादी सं. 2/2 बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही 1. मनफुली 20 माह 04 सन् 2024 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जावेगा। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 26 माह 03 सन् 2024 को जारी किया गया।
मोहर अदालत
रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम संख्या-7,
जयपुर महानगर द्वितीय

# ब्यावर में नामचीन व्यापारी की हत्या के आरोप में तीन जने गिरफ्तार

## पैसों के लेन-देन के चलते की हत्या

**ब्यावर,** (निसं)। ब्यावर में पुलिस ने कार्रवाई कर नामचीन व्यवसायी की हत्या का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए जिला स्पेशल टीम व थाना साकेत नगर की टीम ने 01अप्रेल को सूर्यमहल होटल के सामने स्थित खण्डर में हुई नामचीन व्यवसायी की हत्या का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गौरतलब है की 01 अप्रेल को पुलिस थाना साकेत नगर पुलिस थाना पर सूचना मिली कि सूर्यमहल होटल के सामने स्थित खण्डर में एक व्यक्ति का शव लावारिस हालत में पड़ा है जिसकी सम्भवतया हत्या हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि शहर के मशहुर व्यवसायी मंजीत सिंह की किसी अज्ञात व्यक्ति ने



**ब्यावर में पुलिस ने कार्रवाई कर हत्या के मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया।**

हत्या कर दी है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना मौके पर पहुंचे व तुरंत जिला स्पेशल टीम व थाने की संयुक्त टीम को हत्या के अज्ञात आरोपियों की तलाश व गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया।

मुखबीरों से जानकारी प्राप्त करने पर उनके जिले के बाहर अन्य स्थानों पर छिपे होने की जानकारी मिलने पर टीम ने त्वरित गिरफ्तार करते हुए जिले से बाहर कई स्थानों पर दबिश दी व नृशंस हत्या से जुड़े तीन लोगों मोहन सिंह, श्याम सिंह व महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। प्रारंभिक पूछताछ पर पता चला कि मोहन सिंह का मृतक मंजीत सिंह से रूपये का लेने देन था। मृतक ने मोहन सिंह से उधार दी हुई रकम मांगी जिस पर दोनों के बीच कुछ समय पूर्व कहा सुनी हो गई। इसी बात पर मोहन सिंह मृतक से रंजिश रखने लगा व बदला लेने की नीयत से उसने श्यामसिंह व महेन्द्र सिंह को मंजीत सिंह की हत्या के लिये तैयार किया।

मोहन सिंह ने अपने साथियों महेन्द्र व श्यामसिंह को इस बारे बताया व 01अप्रेल को सेंदडा रोड स्थित खण्डर पर पहुंच गये। इसके कुछ देर बाद ही मंजीत सिंह वहां पहुंचा व जैसे ही अंदर गया पहले से मौजूद हत्यारे ने मंजीत सिंह के सिर पर वार कर दिया जिससे मंजीत सिंह की मृत्यु हो गई। हत्या के तुरंत बाद दोनों हत्यारे मौके से भाग गये। जिनको जिला स्पेशल टीम व थाना साकेत नगर की संयुक्त टीम ने आज डिटेन करने में सफलता प्राप्त की है।

# आई.पी.एल. मैच में करोड़ों का सट्टा लगाते चार जने गिरफ्तार

## पुलिस ने लाखों रूपये की नकदी, लेपटॉप, मोबाईल व अन्य सामग्री तथा महिन्द्रा एक्सयूवी कार जब्त की

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में जिला विशेष टीम की सूचना पर पुलिस थाना सम द्वारा आईपीएल किकेट मैच में करोड़ों रूपये का सट्टा लगाते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, सट्टे में प्रयुक्त लाखों रूपये की नकदी, लेपटॉप, मोबाईल व अन्य सामग्री तथा महिन्द्रा एक्सयूवी वाहन जब्त किया

मुखबिर सूचना पर सम में एकान्ता रिसोर्ट में हैदराबाद बनाम चैनई आईपीएल क्रिकेट मैच में करोड़ों रूपये का सट्टा लगाते चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पाँच मोबाईल फोन एंड्रोईड, तीन कीपेड मोबाईल फोन, एक लेपटॉप जिसमें लाखों रूपयों का लेनदेन, पैनड्राइव, केलकुलेटर व एक डायरी जिसमें 2करोड़ 48 लाख 4 हजार 940 रूपये का हिसाब किताब व दो क्लीप बोर्ड मय पेपर जिसमें 7लाख 68 हजार 4सौ रूपये का हिसाब किताब तथा 99 हजार 5सौ रुपये रोकड़ जब्त कर आरोपियों के पास प्रयुक्त वाहन महिन्द्रा एक्सयूवी जब्त की गई। मुल्जिमान के विरूद्ध इस्तगासा कर माननीय न्यायालय में पेश



**पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में करोड़ों रूपये का सट्टा लगाते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

किया गया। सभी आरोपी नीमच मध्यप्रदेश के निवासी है

आरोपियान के विरूद्ध पूर्व में कई प्रकरण दर्ज है मुल्जिमान आले दर्जे के सट्टेबाज हैं जिनके विरूद्ध पूर्व में जुआ सट्टे लगाने के आरोपी हर गोविन्द बसेर के विरुद्ध एक प्रकरण, अरविंद चौधरी के विरुद्ध एक प्रकरण, लालुराम के विरुद्ध दो प्रकरण व सुरेश मानवीय के विरुद्ध 6 प्रकरण पुलिस थाना कूकडेश्वर जिला नीमच मध्यप्रदेश में दर्ज हो रखे हैं।

# कैलादेवी मेला के लिए रोडवेज बसें शुरू

**हिंडौन सिटी।** कैलादेवी लक्खी मेले को लेकर हिंडौन रेलवे स्टेशन पर 5 अप्रैल से शुरू हुई राजस्थान रोडवेज की रेलवे यूनिट से पहले दिन गत वर्ष की तुलना में रिकॉर्ड आय की है। जिसमें सुबह और रात को दो यूनिट में 60 हजार रुपए की आय हुई है। जबकि गत वर्ष की तुलना मे प्रति यात्रीकिराए में 30 प्रतिशत के बजाय 50 प्रतिशत की छूट दी गई है।

■ **पहले दिन गत वर्ष की तुलना में रिकॉर्ड आय की है**

राजस्थान रोडवेज के भरतपुर संभाग प्रबंधक बहादुर सिंह गुर्जर ने बताया कि हिंडौन रेलवे स्टेशन के पास रोडवेज बसों की रेलवे यूनिट बनाई गई है। जिसमें राजस्थान के अधिकांश आगारो से 50 बसें लगाई गई है। वहीं 26 बसें करौली के अधीन संचालित होगी। उन्होंने बताया कि 55 किलोमीटर की यात्रा किराया 40 रुपए प्रति यात्री रखा गया है। इधर आगरा व मथुरा से कैलादेवी यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। यहां 5 अप्रैल से 22 अप्रैल तक रेलवे की यूनिट संचालित की गई है। जिसमें 3 काउंटर बनाए गए है।

इसी के साथ 10 अप्रैल से कैलादेवी मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू होगा। जिसमें प्रति यात्री किराया 30 रुपए है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष कैलादेवी लक्खी मेले में एक लाख यात्रियों का आगरा व मथुरा से आवागमन होता है।

# बाबा गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की जयपुर राजस्थान टीम ने शनिवार को मानसरोवर से बाबा गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के द्वारा राजस्थान में बाबा गैंग हरियाणा के वांछित अपराधी अभिमन्यू, अनिल, रजनीश व राहुल यादव को गिरफ्तार करवाया गया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एण्ड एसओजी वी के सिंह ने बताया कि सूचना मिली की राज्य से बाहर के अपराधी जयपुर में छिपे हुए है जिनके द्वारा बडी वारदात करने की संभावना है, इस सूचना पर टीम गठित कर अन्य अपराधियों की पहचान व निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

# तलाशी के दौरान 20 लाख 64 हजार की नकदी जब्त की

**तारानगर,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान विधानसभा क्षेत्र तारानगर में तैनात एफएसटी की टीम नंबर 08 के प्रभारी संदीप कुमार धुआं ने भालेरी के पास तारानगर रोड पर ट्रक नं. आरजे 07 जीबी 8338 की तलाशी के दौरान 20,64,800 रुपए की नकदी जब्त की। जिसका वाहन मालिक प्रतापसिंह पुत्र करणीसिंह निवासी कीकासर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और न ही किसी प्रकार के दस्तावेज पेश किये।

राशि अधिक होने के कारण राजस्थान सरकार निर्वाचन विभाग के नियमानुसार आयकर अधिकारी को सूचित कर उनको राशि सौंप गई साथ ही आयकर अधिनियम 1961 की धारा 132/ धनकर अधिनियम



**तारानगर में एफ.एस.टी. की टीम ने ट्रक की तलाशी के दौरान नकदी जब्त की।**

के तहत मामला दर्ज करवाया गया। उक्त कार्यवाही में दल के पुलिस प्रभारी अधिकारी सहायक उप निरीक्षकराम निवास, काँस्टेबल सोमवीर गोदारा, महिला कांस्टेबल गीता आदि मौजूद थे।

# पैंथर व मोर की करंट लगने से मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शनिवार को एक पैंथर को राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करना भारी पड़ गया। ट्रांसफ़ॉर्मर के पास पेड़ पर बैठे मोर को देखकर पैंथर ने शिकार के लिए छलांग लगा दी।

इस दौरान ट्रांसफ़ॉर्मर और 132 केवी लाइन की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मामला रायपुर थाना क्षेत्र के मंडी गांव का है यहां पेमाराम साहू के खेत से 132 केवी लाइन गुजर रही है और इसी लाइन के पास में एक ट्रांसफ़ॉर्मर और पेड़ है । शनिवार सुबह पेड़ पर एक मोर बैठा था, इसे अपना शिकार बनाने के चक्कर में पैंथर ने छलांग लगा दी पास में से गुजर रही 132 केवी लाइन के ट्रांसफार्मर से पैंथर टकरा गया और मौके पर ही करंट लगने से उसकी मौत हो गई इधर मोर ने भी जब पैंथर से बचने के लिए उड़ना चाहा तो वो भी ट्रांसफार्मर के तारों में उलझ गया और उसकी भी मौके पर मौत हो गई।

राष्ट्रीय पक्षी मोर और पैंथर के लाइन में चिपकने से धमाके की आवाज हुई , जिसे सुन पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने देखा कि दोनों ही बिजली का करंट लगने से चिपके हुए हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना



**भीलवाड़ा में करंट की चपेट में आने से पैंथर व राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई।**

वन विभाग की टीम को दी गई मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी बालू दास ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर और पैंथर दोनों को ट्रांसफार्मर से उतार लिया है और अधिकारियों से वार्ता के पश्चात इन दोनों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# चलती कार पर फायरिंग, युवक को लगी गोली

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के श्रीकोलायत पुलिस थानान्तर्गत एक चल ती कार पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। गोली कार में सवार एक युवक को लगी है। गोली लगने से घायल युवक को ट्रोमा सेन्टर लाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। गोली लगने से घायल हुआ युवक हनुमानगढ़ जिले के धोलीपाल निवासी रामरतन पुत्र लेखपाल बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। जिसके गोली लगी है। उसके बेटे की एक लडकी के साथ लव मैरिज की बात सामने आ रही है। लडकी के बयान दर्ज कराने के लिए पिता-पुत्र उसको लेकर बज्जू पुलिस थाने जा रहे थे। किंतु बीच रास्ते में इन पर फायरिंग हो गई। हालांकि अभी तक फायरिंग करने वालों के बारे में पता नहीं चल पाया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं होगी : एसीएस

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। जनसेवा और जीवन रक्षा का उद्देश्य ही सर्वोपरि है। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में किसी भी स्तर पर असंवेदनशील रवैया या लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारी या कार्मिक के साथ-साथ संबंधित उच्च अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

सिंह शनिवार को स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों, चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि की उपलब्धता, फायर एनओसी सहित अन्य विषयों पर आयोजित राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि विगत दिनों में कुछ चिकित्सा संस्थानों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों का मरीजों के प्रति असंवेदनशील रवैया रहा या लापरवाही हुई। ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को निर्देश दिए कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए चिकित्सा प्रबंधन से संबंधित एसओपी और गाइडलाइंस को और सुदृढ़ बनाया जाए। साथ ही, अस्पताल प्रबंधन पूरी गंभीरता के साथ व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस बार मौसमी बीमारियों की रोकथाम और प्रसार को रोकने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रदेश में एक अप्रेल से मलेरिया क्रेश प्रोग्राम चलाया जा रहा है, ताकि बारिश के मौसम में इस बीमारी का प्रसार नहीं हो। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी के साथ काम करें। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, पीएमओ सहित पूरा सिस्टम प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ काम करें।

सिंह ने कहा कि बीमारियों की रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय समीक्षा साप्ताहिक रूप से की जाएगी। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी मौसमी बीमारियों की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी मलेरिया, डेंगू आदि मौसमी बीमारियों के केस ज्यादा सामने आएं, वहां बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। स्थानीय निकाय विभाग समझाइश के बाद भी पानी भराव की स्थिति पाए जाने पर चालान की कार्यवाही करे।

# बालिका के साथ दरिंदगी करने वाला गिरफ्तार



**बूंदी में पॉक्सो एक्ट में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।**

**बूंदी** (निसं)। चार साल की अबोध बालिका के साथ दरिंदगी करने के आरोपी को हिंडोली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। हिंडोली थानाधिकारी पवन मीणा ने बताया कि 1 अप्रैल को थाना क्षेत्र में गठित अबोध बालिका के साथ दरिंदगी की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे इस पर कार्रवाई करते हुए हिंडोली पुलिस टीम ने आरोपी को गांव से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की।

थानाधिकारी मीणा ने बताया कि एक अप्रैल को अबोध बालिका की माँ ने थाने में प्रार्थना पत्र पेश किया कि आरोपी दुर्गाशंकर पुत्रबंशीधर निवासी बडानयागाव ने अबोध बालिका के साथ दरिंदगी की, जिस पर पॉक्सो एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।


उन्होंने बताया कि महिला अत्याचार एवं पोक्सो एक्ट के प्रकरणों का त्वरित अनुसंधान करने के आदेशो तथा पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा जारी की पालना मे रमेश चंद मेरोठा उ.नि. के निर्देशन मे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए 4 साल की अबोध बालिका के साथ दरिंदगी करने के दर्ज मामले मे आरोपी दुर्गाशंकर पुत्र बंशीधर निवासी बडानयागाव पुलिस थाना हिंडोली जिला बूंदी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया।

# सीवरेज चैम्बर की सफाई करने गए दो कर्मियों की मौत

## वाल्मीकि समाज के लोगों ने मुआवजा देने व सरकारी नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

**सुजानगढ़,** (निसं)। चापटिया तलाई के पास सीवरेज चैंबर की सफाई करने गए दो सफाईकर्मियों की चैम्बर में डूबने से मौत हो गयी। शनिवार सुबह सीवरेज के ओवरफ्लो हुए चैम्बर को श्रवण और धर्मेन्द्र वाल्मीकि खाली करने पहुंचे थे। चापटिया तलाई के पास बने चैंबर को जब श्रवण ने खोला तो वह चैम्बर के अंदर से निकली गैस की चपेट में आ गया और 18 फीट गहरे चैंबर में गिर गया। घटना के तुरन्त बाद उसे बचाने की कोशिश में धर्मेन्द्र भी अन्दर गिर गया। इस घटना का अन्य सफाई कर्मियों को पता लगा तो वे मौके पर पहुंचे।

मौके पर पहुंचे पार्षद रेवन्त मल पंवार ने बताया कि चैंबर में पानी अत्यधिक भरा था। जिस पानी को नगर परिषद की जेटिंग मशीन व पंप से खाली किया गया। जिसके बाद दोनों सफाई कर्मियों को हारे का सहारा टीम व सफाईकर्मियों व स्थानीय लोगों की मदद से निकालकर राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना के बाद एएसपी दिनेश कुमार, डीवाईएसपी



**सुजानगढ़ में एएसपी दिनेश कुमार, डीवाईएसपी दरजाराम आदि ने मौका मुआयना किया।**

दरजाराम, नगरपरिषद के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। हादसे के वक्त दोनों सफाईकर्मियों के पास सुरक्षा उपकरण नहीं थे।

**घटना के बाद वाल्मीकि समाज में दिखा आक्रोश :-** सफाईकर्मियों की मौत के बाद राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल में वाल्मीकि समाज के लोगों की भीड जमा हो गयी। वाल्मीकि समाज

■ **तीस-तीस लाख रूपए का मुआवजा व संविदा नौकरी की मांग पर परिजनों ने शव लिए**

के लोगों ने परिवरजनों को मुआवजा देने व सरकारी नौकरी की मांग को लेकर नगर परिषद और सीवरेज कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलन कर रहे लोगों ने हॉस्पिटल के सामने एक घंटे तक रास्ता जाम करके रखा। जिस कारण व्यापारियों व आमजन को परेशानी का सामना करना पडा। इसके बाद मौके पर पहुंचे डीवाईएसपी दरजाराम ने आक्रोशित लोगों को समझाकर समझौता वार्ता के लिए बुलाया।

**मृतकों के परिवार को 30-30 लाख का मुआवजा संविदा पर मिली नौकरी :** - प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिवारजनों को 50-50 लाख रूपए मुआवजा देने की मांग की। जिस पर बगडिया अस्पताल में प्रशासनिक अधिकारियों व परिवारजनों के बीच समझौता वार्ता हुई। समझौता वार्ता में एडीएम मंगलाराम पूनिया, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, एएसपी दिनेश कुमार, डीएसपी दरजाराम, पूर्व उपसभापति बाबूलाल कुलदीप, सभापति प्रतिनिधि ईदरीश गौरी, आयुक्त दिलीप शर्मा, विजय ढेनवाल, अजय ढेनवाल, गणेश मण्डावरिया और सीवरेज कंपनी प्रतिनिधियों के साथ वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे। जिस पर लम्बी बातचीत के बाद दोनों मृतकों के परिजनों को तीस-तीस लाख रुपए मुआवजा और मृतकों की पत्नियों को संविदा पर नौकरी के लिए प्रस्ताव देने पर सहमति बनी।

हादसे में जान गंवाने वाले श्रवण कुमार (41) पुत्र ओमप्रकाश निवासी वाल्मीकि बस्ती की शादी आठ साल पहले हुई थी। हादसे के दूसरे मृतक धर्मेंद्र (34) पुत्र राजकुमार सरपटा की शादी 5 साल पहले हुई थी। उसकी बेटियां है। दोनों की मौत के बाद पूरी वाल्मीकि बस्ती में सन्नाटा पसर गया। शाम को समझौते के बाद पोस्टमार्टम हुआ।

# ग्रेटर नगर निगम के नोटिस के बावजूद पार्किंग ठेकेदार ने धड़ल्ले से काटी वाहनों की पर्चियां

## आई.पी.एल. क्रिकेट मैच की वाहन पार्किंग में 100 से 400 रु. शुल्क वसूलने का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पार्किंग ठेकेदार मैसर्स रितुराज एसोसिएट्स की मनमानी शनिवार को ग्रेटर नगर निगम प्रशासन पर भारी पड़ती नजर आई। मालवीय नगर जोन उपायुक्त ने गत 28 फरवरी को ठेकेदार को नोटिस थमाकर अवैध पार्किंग संचालन बंद करने और ग्रेटर निगम से एन.ओ.सी. लेने के लिए पाबंद किया था, इसके बावजूद शनिवार को ठेकेदार ने वाहन पार्किंग के नाम पर 100 से 400 रुपये तक का मनमाना शुल्क वसूला। ताज्जुब की बात यह है कि निगम प्रशासन ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया, जिससे आमजन की जेब पर यह डाका डालने से ठेकेदार को रोका जा सके।

ज्ञात रहे कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में इन दिनों आई.पी.एल. क्रिकेट मैच हो रहे है। पार्किंग ठेकेदार फर्म रितुराज एसोसिएट्स ने ग्रेटर नगर निगम से बिना कोई पार्किंग संचालन एन.ओ.सी. लिए अमरूदों का बाग, अम्बेडकर सर्किल और सुबोध कॉलेज/स्कूल (बेसमेन्ट) में वाहन खड़े करवाकर उनसे 100 से 400 रुपये का शुल्क वसूलना शुरू कर दिया। दुपहिया वाहनों से 100, चौपहिया से 300 तथा व्यवसायिक वाहनों से 400 रु. का शुल्क लिया जा रहा है, इसके लिए इसके लिए बाकायदा फ्लेक्स और बोर्ड तक लगाए गए हैं।



सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को हुए आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान संचालित वाहन पार्किंग की तस्वीर।

पार्किंग ठेकेदार ने अमरूदों का बाग, अम्बेडकर सर्किल और सुबोध कॉलेज/स्कूल (बेसमेन्ट) के लिए इन संपत्ति मालिकों से एम.ओ.यू. दिखाया है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या नगर निगम की बिना मंजूरी यह निजी संपत्ति मालिक अपनी जगह ठेकेदार को देकर उसे तय पार्किंग शुल्क से 10 गुणा ज्यादा रकम वसूलने की इजाजत देने के हकदार है?

- **मजेदार बात यह है कि ठेकेदार को ग्रेटर निगम प्रशासन ने गत 28 मार्च को नोटिस थमाकर एन.ओ.सी. लेने को तो कहा, लेकिन मनमानी रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की**
- **नतीजन शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैगलुरू के बीच हुआ क्रिकेट मैच देखने पहुंचे लोगों से वाहन पार्किंग के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला गया**

ग्रेटर निगम की मालवीय नगर जोन उपायुक्त ने पार्किंग ठेकेदार की इस अवैध वसूली पर लगाम कसने के लिए गत 28 मार्च को नोटिस थमाया, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। इस प्रकरण की फाइल जोन कार्यालय से मुख्यालय के दफ्तरों में घूम रही है। इसी बीच ठेकेदार की अवैध वसूली शनिवार को राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैगलुरू क्रिकेट मैच में भी जारी रही। यहां मैच देखने पहुंचे लोगों से वाहन पार्किंग के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला गया।

उधर नगर निगम प्रशासन ने भी 28 मार्च को नोटिस थमाने के बाद शनिवार को क्रिकेट मैच के दौरान अवैध पार्किंग संचालन को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। इसका नतीजा यह हुआ कि ठेकेदार ने जनपथ स्थित सर्विस लेन में भी वाहन खड़े करवाकर उनका भी शुल्क वसूल लिया। अब जयपुर में अगला क्रिकेट मैच 10 अप्रैल और उसके बाद 22 अप्रैल को होना है। ऐसे में अगर यह अवैध वसूली जारी रही तो निगम प्रशासन को तो राजस्व का नुकसान होना ही है, आमजन से भी चौथ वसूली जारी रहेगी। मालवीय नगर जोन उपायुक्त का कहना है कि पार्किंग संचालक मैसर्स रितुराज एसोसिएट्स ने एक एमओयू की प्रति उपलब्ध करवाई थी, जिसके अनुसार राजीव खन्ना (एस.एस.पार्क एंटरटेनमेंट) व मैसर्स रितुराज एसोसियट्स के मध्य पार्किंग के लिए तीन स्थानों अमरूदों का बाग, अम्बेडकर सर्किल और सुबोध कॉलेज/स्कूल (बेसमेन्ट) के लिए एमओयू होना सामने आया। जब ठेकेदार से नगर निगम द्वारा जारी पार्किंग अनुमति मांगी गई तो वह पेश नहीं कर पाया। इस पर 28 मार्च को ही मालवीय नगर जोन कार्यालय से ठेकेदार को नोटिस देकर नगर निगम से सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही पार्किंग संचालित करने के लिए चेतावनी दी। साथ ही इस आदेश का उल्लंघन करने पर राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत विधिक कार्यवाही अमल में लाने की चेतावनी दी थी। अगर अवैध पार्किंग संचालन हुआ है तो कार्रवाई करेंगे।

# युवक की हत्या के मामले में फरार इनामी बदमाश और उसके दो साथी गिरफ्तार

## *इन बदमाशों ने 5 माह पहले दुबई से तस्करी कर लाये गए सोने की रिकवरी के लिए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी*

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में 5 महीने पहले दुबई से तस्करी कर लाये गए सोने की रिकवरी के लिए पीट-पीट कर एक युवक की हत्या के मामले में पांच माह से फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनोज नेहरा निवासी अलखपुरा बोगन थाना नेछवा (सीकर) का निवासी है, उस पर 10 हजार के इनाम था। पुलिस ने आरोपी को अजमेर के रूपनगढ़ और इसके दो साथियों सुभाष पुत्र हरलाल व राजेन्द्र पुत्र विद्याधर निवासी अलखपुरा को जयपुर के नजदीक दौलतपुरा क्षेत्र से डिटेन किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स व अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि दुबई में मजदूरी कर रहे सीकर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में मानासी निवासी महिपाल कड़वासरा और उसका साथी शीशराम निवासी गोड़िया बड़ा को भारत आते समय तस्करों ने सोना देकर दुबई से रवाना किया था। मगर शीशराम भारत आने के बाद गायब हो गया। इस पर सोना मंगवाने वाले व्यक्तियों ने बदमाश



मनोज नेहरा

विजय भार्गव उर्फ बिज्जू, सोनू मीणा, मनोज नेहरा, संजू भार्गव व अन्य को सोने की रिकवरी होने पर आधा सोना देने की बात कही। इसके बाद सोना मंगवाने वाले व्यक्तियों व इन बदमाशों ने महिपाल का 10 नवम्बर 2023 को अपहरण कर सोने के बारे में जानने के लिए गंभीर तरीके से मारपीट की, जिससे महिपाल की मौत हो गई।

एडीजी एमएन ने बताया कि गैंगस्टर, हार्डकोर बदमाश एवं वांछित अपराधियों के बारे में आसूचना संकलन

- **एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने आरोपियों को दबोचा**
- **पुलिस ने गिरोह के सरगना मनोज नेहरा को अजमेर के रूपनगढ़ और उसके दो साथियों को जयपुर के नजदीक दौलतपुरा में दबोचा**

के लिए डीआईजी योगेश यादव के सुपरविजन एवं एडिशनल एसपी श्री विद्या प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम को सूचना मिली कि मनोज नेहरा और उसके साथी नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए निकले हैं। इस सूचना पर पीछा करते हुए एजीटीएफ ने इसके दो साथियों सुभाष व राजेंद्र को थाना दौलतपुरा इलाके में पकड़ लिया। मगर इनामी बदमाश मनोज नेहरा को इसके साथियों ने टीम के साथ हाथापाई कर फरार करवा दिया। एजीटीएफ ने लगातार मनोज का पीछा जारी रखा। लगातार 48 घण्टे के दौरान नीमराना, कोटपूतली बहरोड, जयपुर अजमेर पीछा कर शुक्रवार देर रात टीम ने अजमेर के रूपनगढ़ कस्बे से इनामी बदमाश को दबोच लिया। जिसे सीकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। इसके दूसरे साथियों को भी एजीटीएफ ने चिन्हित कर लिया है। जिनकी तलाश में कई जगहों पर दबिश दी जा रही है। दिनेश एम.एन.ने बताया कि मनोज नेहरा थाना नेछवा जिला सीकर का हार्डकोर अपराधी है। इसके विरुद्ध हत्या के तीन मामलों सहित कुल दो दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज है। इसने19 साल की उम्र में हत्या की वारदात कर अपराध की दुनिया में कदम रखा था। संपूर्ण कार्रवाई में एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश का कुशल नेतृत्व एवं हेड कांस्टेबल सोहन सिंह की कांस्टेबल सन्नी कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह व सुनील सिंह, हेड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा तथा कांस्टेबल अरुण कुमार, कुलदीप सिंह एवं चालक श्रवण कुमार शामिल थे।

# आई.पी.एफ. मेडीकॉन में पहले दिन करीब 400 रजिस्ट्रेशन हुए



**जयपुर,** (का.सं.)। इनोवेटिव फिजिशियन फोरम (आईपीएफ) के छठे वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी द्वारा रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन ऑफ एडिनबर्ग, एचवीएनबी यूनिवर्सिटी उत्तराखंड, सोसाइटी ऑफ इंटरनल मेडिसिन, नेपाल तथा श्रीलंका कॉलेज ऑफ मेडिसिन द्वारा किया जा रहा है। यूनिवर्सिटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एम एल स्वर्णकार उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। डॉ. विकास चंद्र स्वर्णकार, चांसलर तथा डॉ. के के पारीक, पूर्व अध्यक्ष एपीआई विशिष्ट अतिथि रहे। जबकि एडिनबर्ग के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन के अध्यक्ष प्रोफेसर एंड्रयू एल्डर और डॉ. सुधीर सचदेव अतिथि के रूप में सम्मेलन में शामिल हुए।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. पुनीत सक्सेन तथा सचिव डॉ. पुनीत रिझवानी ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय वक्ताओं के अलावा इसमें यूके, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय वक्ता भी शामिल हैं। इसमें चिकित्सा के मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गुर्दे संबंधी विकार, संक्रामक रोग और तंत्रिका संबंधी विकार हरेक पहलू पर चर्चा की गई। पहले दिन 400 रजिस्ट्रेशन हुए। दो दिवसीय सम्मेलन में बीस वैज्ञानिक सत्रों में 52 वक्ता और 88 अध्यक्ष और पैनलिस्ट शामिल हो रहे हैं।

डॉ. रिझवानी ने बताया कि डॉ. एंड्रयू एल्डर ने द आर्टिफिशियल डॉक्टर विषय पर डॉ. एम एल स्वर्णकार ने ओरेशन दिया। उन्होंने कहा

- **'एक मशीन किसी डॉक्टर की जगह नहीं ले सकती, लेकिन कार्यक्षमता में सुधार अवश्य ला सकती है'**

कि चैट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमें तुरंत अपडेट दे सकते हैं, डाटा स्टोर रख सकते हैं और थोड़े समय में रिपोर्टिंग भी कर सकते हैं लेकिन मरीज को संवेदना, सहानुभूति और उपचारात्मक स्पर्श नहीं दे सकते। उन्होंने ज्ञान की अपेक्षा बुद्धि पर जोर देते हुए कहा कि एक मशीन किसी डॉक्टर की जगह नहीं ले सकती, लेकिन उसकी कार्यक्षमता में सुधार अवश्य ला सकती है। कांफ्रेंस में अन्य दो व्याख्यान डॉ. ओपी शर्मा तथा आईपीएफ प्रेसिडेंशियल ओरेशन प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. एम एल स्वर्णकार ने सम्मेलन के आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन ज्ञान साझा करने और अपडेट करने के लिए महत्वपूर्ण मंच होते हैं। डॉ. विकास स्वर्णकार ने महात्मा गांधी अस्पताल के योगदान एवं सेवाओं पर बात की।

सम्मेलन में "हैंडबुक ऑफ क्लिनिकल एग्जामिनेशन एंड मेडिसिन" के लिए द्विभाषी पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके लेखक डॉ. जी एन सक्सेना और डॉ. पुनीत रिझवानी हैं। सभी चिकित्सा पेशेवरों के लिए हिंग्लिश (हिंदी और अंग्रेजी) में चिकित्सा शब्दावली को समझाने की दृष्टि से पुस्तक उपयोगी है।

# स्कूलों में बच्चों को मंप्स रोग से बचाव की जानकारी देगा चिकित्सा विभाग

**जयपुर**। मंप्स (कनफेड) रोग से बचाने एवं इस रोग पर नियंत्रण के लिए सरकारी व निजी विद्यालयों में बच्चों को आवश्यक जानकारी दी जाएगी। साथ ही, जनचेतना के लिए आईईसी गतिविधियां एवं रोग पर प्रभावी रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शनिवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मंप्स रोग से बचाव एवं नियंत्रण के लिए विद्यालयों में दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह एक वायरल संक्रामक रोग है, जो अधिकांशतः बच्चों में होता है। इसे देखते हुए स्कूलों में बच्चों को इस रोग से बचाने तथा जनचेतना के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

सिंह ने निर्देश दिए स्कूलों में कनफेड रोग के प्रसार, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में बच्चों को प्रार्थना सभा के दौरान समुचित जानकारी दी जाए। अगर कोई बच्चा इस रोग से ग्रसित हो तो इसकी सूचना नजदीकी राजकीय चिकित्सा संस्था को दी जाए।

## अमेरिकन युवती से मोबाइल छीना

**जयपुर** । राजधानी में अमेरिकन युवती से बाइक सवार एक बदमाश मोबाइल छीनकर ले गया। घटना के सम्बंध में पीडिता ने जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि रतन दुग्गड मार्ग जवाहर नगर निवासी एलीपेनर ने मामला दर्ज करवाया कि वह शुक्रवार की शाम बाजार जा रही थी। जैन मंदिर के पास पीछे से बाइक सवार एक युवक आया और उसका आईफोन छीनकर ले गया।

# लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के 20 दिनों में 500 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

## प्रदेश में 16 मार्च से अब तक अवैध शराब, ड्रग्स, नकदी और कीमती धातुओं की जब्ती जारी

**जयपुर** (कासं)। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद राजस्थान में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने अब तक 510 करोड़ रुपये की नशीली दवा (ड्रग्स), शराब, कीमती धातु, मुफ्त बांटी जाने वाली सामग्री और अवैध नकद राशि जब्त की है। यह आंकड़ा वर्ष 2019 की चुनाव आचार संहिता अवधि के दौरान हुई जब्ती से 992 प्रतिशत प्रतिशत अधिक है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, 16 मार्च, 2024 से अब तक मात्र 20 दिन में की गई 510 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती वर्ष 2019 में आचार संहिता की 75 दिनों की अवधि में हुई जब्तियों के मुकाबले कहीं अधिक है। वर्ष 2019 में कुल 51.42 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं, अवैध नकदी एवं शराब आदि वस्तुएं जब्त की गई थी। गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 28.78 करोड़ रुपये नकद, 57.55 करोड़ रूपये मूल्य की ड्रग्स, लगभग 31.27 करोड़ रुपये की शराब और 33.10 करोड़ रूपये के सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है।

- **एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च-अप्रैल 2024 में रिकॉर्ड 608 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जब्ती की है**
- **वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के 75 दिनों में मात्र 51.42 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई थी**

साथ ही, 358.82 करोड़ रुपये कीमत की अन्य सामग्री तथा 95 लाख रुपये से अधिक कीमत की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं।

जिला वार आंकड़ों के अनुसार, सर्वाधिक लगभग 27.84 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं की जब्ती पाली में हुई है। अन्य जिलों में, लगभग 26.63 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती के साथ दौसा दूसरे, 25.42 करोड़ रुपये की वस्तुएं पकड़कर उदयपुर तीसरे और 23.24 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं से साथ जोधपुर चौथे स्थान पर है। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक चुरू, झुंझुनूं, भीलवाड़ा, जयपुर और नागौर जिलों में भी 20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जब्ती की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेश भर में कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## हथियारों के साथ तीन गिरफ्तार

**जयपुर**। शिवदासपुरा पुलिस ने हथियार बेचने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाशों को पकड़ा है। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिक को निरुद्ध किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनन्द ने बताया कि जिले की विशेष तैनात कांस्टेबल ओमप्रकाश और डीएसटी जयपुर दक्षिण को सूचना मिली थी कि द्रव्यवती नदी के किनारे कुछ बदमाश हथियार लेकर घूम रहे है। इस पर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो चार संदिग्ध व्यक्ति विधाणी से गोनेर जाने वाले मार्ग पर द्रव्यवती नदी के पास सालिगरामपुरा की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते में झाड़ियों व बबूल की ओट में छिपकर बैठे मिले। ये बदमाश हथियार बेचने की फिराक में घूम रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार 7 अवैध पिस्टल मय मैगजीन व दो अतिरिक्त मैगजीन बरामद की गई। आरोपियों में एक किशोर भी निरुद्ध किया है। बदमाश मध्यप्रदेश से हथियार लाकर जयपुर और अन्य जगहों पर बेचकर मुनाफा कमाते है। आरोपी गणेश मेघवाल निवासी फलौदी के विरूद्ध पांच प्रकरण दर्ज है।

## सार-समाचार

### दक्षिण भारत की ऑटो कपोम्पोनेंट कंपनी का राजस्थान की ओर रुख



पब्लिक मलमिटेड कंपनी, क्राफ्ट्समैन ऑटोमेशन के निदेशक गौतम राम, चेयरमैन व एम.डी. एस.रवि, सी.एफ.ओ. सी.बी चंद्र शेखर, एसवीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा से मुलाकात की।

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान में औद्योगिक परिवेश की सुधरती छवि के द्योतक के रूप में सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि दक्षिण भारत की प्रमुख ऑटो कम्पोनन्ट एवं इंजीनियरिंग सेक्टर की कंपनियां अब राजस्थान की ओर रुख करने लगी हैं। इस क्रम में कोयम्बटूर, तमिलनाडु की एक अग्रणी पब्लिक मलमिटेड कंपनी, क्राफ्ट्समैन ऑटोमेशन राजस्थान के भिवाड़ी में रीको से जमीन ले चुकी है। यह कंपनी औद्योमिक क्षेत्र सलारपुर (भिवाड़ी), राजस्थान में एक नया ग्रीन फील्ड प्लांट स्थापित कर रही है। एल्यूमिनियम उत्पादों के लिए प्रथम चरण में प्रारंमिक निवेश लगभग 150 करोड़ रुपये होगा और चरण 2 में व्यवसाय की आवश्यकता के आधार पर ओर निवेश किया जायेगा। कंपनी के निदेशक गौतम राम ने उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा से भेंट के दौरान कहा कि "हम राजस्थान सरकार द्वारा प्रदान की सहायता एवं औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों से काफी प्रभावित हुए हैं। हम "ग्रो विद राजस्थान" का हिस्सा बनकर अगले 12 महीनों की समय सीमा में इस संयंत्र को चालू करने का हर संभव प्रयास करेंगे।" कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एस रवि ने बताया कि " मेक इन इंडिया के लिए सरकार के आव्हान से उत्तर भारत से बडे पैमाने पर बढ़ते व्यापार के अवसरों को भुनाने में भिवाड़ी में स्थापित किया जा रहा है।

### भागवत में छप्पन भोग की झांकी सजाई



**जयपुर,** (का.सं.)। मिश्रा परिवार, शास्त्री नगर की ओर से खंडाका हाऊस, पीतल फैक्ट्री में आज श्रीमद् भागवत कथा का पांचवा दिन था। कथा के दौरान छप्पन भोग की झांकी सजाई गई थी। कथा का आयोजन 7 व 8 अप्रेल तक होगा। कथा आयोजक कुंज बिहारी शर्मा व रास बिहारी शर्मा ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का वाचन आशीष व्यास शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा वाचक आशीष व्यास ने कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक आयोजनों से जोड़ें। भागवत कथा जीवन जीने की कला है। युवाओं को भी भागवत कथा में ज्यादा से ज्यादा भाग लेना चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में भागवत कथा से ही जीवन में सही मार्गदर्शन मिल सकता है और 8 अप्रेल को 11 बजे से 3 बजे तक कथा का रस बहेगा।

### राज्यपाल को पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट



**जयपुर** । राज्यपाल कलराज मिश्र को शनिवार को राजभवन में डॉ. निहारिका राठौड़ एवं डॉ. गिरवर सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से लिखी अपनी पुस्तक प्रख्यात सामाजिक वैज्ञानिक की प्रथम प्रति भेंट की। राज्यपाल ने पुस्तक लेखन के लिए बधाई देते हुए उसकी सराहना की। पुस्तक लेखिका डॉ. निहारिका राठौड़ ने बताया कि इस पुस्तक में पाश्चात्य एवं भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों के चिंतन के आलोक में उनकी जीवन दृष्टि को रूपायित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रबंध विशेषज्ञों की विचारणाओं, उनके शोध अनुभवों व चिंतन शैली पर आधारित यह पुस्तक भारतीय दर्शन और चिंतन की मौलिक दृष्टि है। पुस्तक शोधार्थियों के साथ ही सामान्य पाठकों के लिए भी समान रूप से उपयोगी है।

### '21 मिनी वेडिंग्स' का आयोजन


**जयपुर**। एशिया के सबसे बड़े बी2बी वेडिंग समिट, डब्ल्यूवी कनेक्ट 2024 के समापन समारोह में सीएसआर इनिशिएटिव के तहत, '21 मिनी वेडिंग्स' का सफल आयोजन किया गया। यह पहल वेडिंग इंडस्ट्री के वर्कफोर्स द्वारा किए गए अमूल्य योगदान को सम्मान और मान्यता देने के लिए समर्पित था। अनंता स्पा एंड रिसॉर्ट्स, जयपुर में आयोजित "21 मिनी वेडिंग्स" एक शानदार सफलता रही। कार्यक्रम में एक अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन भी किया गया जिसमें देश भर के वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को वेडिंग प्लानिंग, वेडिंग टेक्नोलॉजी, वेडिंग डेकोर, वेडिंग कैटरिंग, हॉस्पिटैलिटी, वेडिंग फोटोग्राफी जैसी और कई कैटेगरीज में 56 अवार्ड्स दिए गए। डब्ल्यूवी कनेक्ट के सीईओ, दक्षिणामूर्ति ने बताया कि, "हम इन 21 मिनी वेडिंग्स के नतीजों से उत्साहित हैं और समुदाय से मिले जबरदस्त समर्थन के लिए उनके आभारी हैं। यह पहल वेडिंग इंडस्ट्री के गुमनाम नायकों को वापस देने और उनके जुनून और समर्पण को पहचानने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।" चेयरमैन सीएसआर इनिशिएटिव और फाउंडर वीना म्यूजिक इवेंट्स, प्रसन्नजीत मालू ने कहा कि "मैं 21 मिनी वेडिंग्स में सपोर्ट करने और भाग लेने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। यह एक यादगार इवेंट था जिसने वास्तव में वेडिंग इंडस्ट्री में एकता और प्रशंसा की भावना को प्रदर्शित किया है।"

### होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**जयपुर**। लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद जयपुर द्वारा 6 अप्रैल को आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान बनीपार्क, जयपुर में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए परिषद के अध्यक्ष यशपाल सारण ने बताया कि हर्षवर्धन सैनी एंड पार्टी के कलाकारों ने राजस्थानी लोकगीतों के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति लक्ष्मणगढ़ प्रवासी भाई-बहनों के सामने दी। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथियों के स्वागत-सत्कार के साथ की गई। यशपाल सारण, विष्णु भूत, अनिल सिंघल, रामप्रसाद सैनी दामोदर चिरानिया, बजरंग लाल बजाज, लक्ष्मी नारायण निराणिया, दीनदयाल अग्रवाल का स्वागत माला पहनाकर प्रेम तोदी, मुकेश जांगिड, सज्जन त्रिवेदी, रविंद्र जाखड़ द्वारा किया गया।

### 300 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर स्थित टैगोर विद्या भवन में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को संस्था निदेशक पी.डी.सिंह के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सत्र 2023-24 कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं कला की गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 300 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सत्र 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ छात्र का सम्मान तनिष कुमार वर्मा, सर्वश्रेष्ठ छात्रा का सम्मान पलक सिंह को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ गायन पदक अंजली रॉय, अनुशासन पदक आयुषी शर्मा, सेवा पदक नितिन योगी, गाइड पदक तन्वी खंडेलवाल, सुलेख पदक तृप्ति जैन, वक्ता पदक लविश कुमार, खिलाड़ी पदक रोहित चौधरी, नृत्य पदक युगांक श्रीवास्तव व चित्रकार पदक रिया रजवानिया को दिया गया।




## Geologists' Day

For many people, geology could be considered an underappreciated science. This may be especially true when it is compared to other sciences such as physics, biology or chemistry. However, if the human race didn't have geologists, then we wouldn't know how the earth was formed! *Geologists' Day* dedicates this time towards thanking them for all the research that they do to help further understand how our world works. Not only that, but this day also seeks to learn about historical geologists who have helped people understand our world 'better' and even possibly 'inspire' some people to become *geologists* themselves!



#INSIGHT

# The Origin of the Metric System

After the revolution of 1789, French citizens sought uniform weights and measures throughout the nation





Metric System Day is an annual celebration of a nearly-universal system of 'measurement.' This system uses standardized units like meters, kilograms, and liters. In most of the world, the metric system is the global standard. It's perfect for simplifying and unifying measurements across the world.

However, a few countries still hold out and use alternate measuring systems. The largest countries, that don't use it, are the United States, Liberia, and Myanmar, although, there are efforts and partial adoptions in these countries.

The beginnings of the *metric system* go back to 1586, when a Flemish scientist and mathematician called *Simon Stevin* published his pamphlet entitled '*De Thiende*' (*The Tenth*).

In the publication, Stevin emphasized the importance of decimal-based measurement. He probably didn't realize it then, but he had laid the first bricks in the foundation of the metric system. However, it wasn't until over two centuries later that Stevin's vision began to materialize.

After the revolution of 1789, French citizens sought uniform weights and measures throughout the nation. The National Assembly and subsequent national governments commissioned the Paris Academy of Sciences and its successor, the Institute of France, to develop entirely new units, to measure distance, volume, weight, angles and even time. The units were interrelated.

Units of one measure, such as length, was increased by powers of ten (millimetres, centimetres, decimetres, meters). A litre was the volume of a cube 10 centimetres on a side. A litre of water, at a standard temperature, weighed one kilogram. No such simple relations existed in standard units of weight and measure among units of length (inches, feet, yards, miles) or among units of length, volume and weight. In other words, the French introduced not only national standards, but a system of standards. It survives today as the 'metric system.'

In 1799, after the terror of the French Revolution and with the rise of Napoleon Bonaparte, the French government officially adopted the metric system. Napoleon recognized the benefits of a *standardized measurement system* across his always-expanding empire.


As a result, he introduced it to the territories that he conquered. Despite initial resistance, and even a short period of abandonment after Napoleon's defeat at Waterloo, the metric system gradually regained its traction across Europe. By the mid-19th century, countries like the Netherlands, Italy, and the German Empire had adopted the metric system. Between 1875 and 1914, the period saw that these measurements were put into place by several other nations, including Brazil, Spain, Portugal, and Mexico.

Interestingly, the United States allowed the use of the metric system for commercial purposes as early as 1866, demonstrating its growing international influence. Still, Americans have not accepted its widespread use, still preferring the Imperial measurement system.

The evolution of the metric system continued into the 20th century, with the establishment of the *International System of Units* (SI) in 1960 by the International Institute of Metrology.

This updated version of the metric system further standardized measurements and included units such as *Kelvin* for temperature.

Because of the metric system's adaptability to scientific and engineering work, the adoption of the system flourished with the rapid expansion of the industrialized world.



Jules Massenet I Musical Memories by Camille Saint-Saëns/Wikimedia Commons [Public Domain].

Critics, who attended the premiere, were impressed by the performances. "Lassalle creates the role of Scindia with the consummate authority of a great artist," The Era wrote. "His fine voice, excellent diction and deep sentiment justify once more, in this instance, the legitimate reputation that he has acquired." The Era also liked Solomon and de Reszke, whose acting and singing, it said, were "beyond praise."

# Opera set in India Made France's greatest composers



Set design by Augusto Ferri for 'Le roi de Lahore', 1878. Credit: Archivio Storico Ricordi/Wikimedia Commons [CC BY-SA 4.0].



#FANTASY

■ Ajay Kamalakaran

In the spring of 1877, the Parisian intelligentsia hummed with rumours about an upcoming spectacle at the Grand Opera. Some said it was the myth of *Orpheus* set in India. Others claimed, no, it was an adaptation of the Sanskrit epic, *Mahabharata*.

The buzz was heavy amid growing European interest in Sanskrit and Indian religions and philosophy. Thanks to the works of Indologists like Max Müller. Tickets sold quickly and, in the last week of April, Jules Massenet's *Le Roi de Lahore* (*The King of Lahore*) premiered, becoming one of the most talked about events in the French and international press.

"It is impossible to do justice to a "grand opera" in five acts, after a single hearing," the *Chicago Tribune* said, in May 1877, adding that the *opera's libretto* was written by Massenet's friend, the writer, Louis Gallet. "He (Massenet) has hit upon a charming subject, not only interesting, but thoroughly new."

The British daily, *The Standard*, carried a dispatch a day after the premiere, that was generous and effusive in its praise. "The ballet surpasses anything of the kind ever witnessed, even at the French opera," it said. "The costumes are simply models of taste, brilliancy and beauty."


Another British newspaper, *The Era*, which sent a correspondent for the grand opening, took a more nuanced view, "To say that the *Roi de Lahore* is a work of the first order, or to launch into enthusiasm about its merits, would be exaggeration, but its score contains some delightful colour, and is written in fine dramatic style. But if anyone goes to the opera under the hope that his ear will be charmed by some brilliant morceau, that he will carry away with him one of those 'catching melodies' that imprint themselves unbidden on the memory, or that his mind will be impressed by some imposing scene, he will find himself deceived." Whether praiseful or disapproving, what most critics didn't realise, out of their ignorance about India, was that the opera took some leeway as a work of fantasy.

### Dramatis personae

The opera was set in 11th-century Lahore, when it was on the verge of an invasion by Mahmud of Ghazni. The main protagonist, a devotee of the god *Indra*, is named *Alim*, the villain *Scindia* (seven centuries before the house of the *Gwalior royal family* was founded), and the high priest of the Indra temple has the name *Timur*.

If the names sound perplexing, it should come as no surprise. The libretto was based on a story that originated in India and was modified as it travelled West. It is probable that Gallet could not even tell the difference between Hindu and Muslim-sounding names.

In the opera, the temple of Indra has a charming priestess, *Sita*, who is courted by both King Alim, and his minister Scindia. The priestess, however, loves Alim and at night, he secretly enters the temple to be with her. A bitter Scindia gets his own back when Mahmud of Ghazni invades *Hindustan*. Scindia gets the troops to revolt against Alim and then murders the king.



Set design by Philippe Chaperon for 'Le roi de Lahore', 1877. Credit: Gallica Digital Library/Wikimedia Commons [Public Domain].

When Alim's soul goes to *Mount Meru*, he requests Indra to let him return to Lahore in human form. Indra grants him his wish. He is allowed back into the physical realm but on the condition that his life will last only as long as Sita's. By the time Alim gets back, Scindia is the king of Lahore and he has forced Sita to be his wife. Disguised as a common man, Alim goes to Indra's temple for Sita, who at first thinks it is a vision but realises that he is there in flesh and blood. Just when the couple are united, Scindia turns up and bursts into a jealous rage, threatening both of them. In the end, Sita stabs herself and Alim dies with her, the two becoming united forever in paradise. "This is a hurried outline of the novel plot of the opera," the Chicago Tribune reporter wrote. "I can't altogether say that I was pleased with it."

> The third act introduces us to the Paradise of Indra, a radiant vision of a celestial garden, brilliant with light, overgrown with gigantic plants and a profusion of gaudy-coloured flowers, a paradise such as it was known to the imagination of the ancient East. At the back of the stage rises the mountain of gold.

### Critical success

For their part, Parisians lapped up the love story. They enjoyed the sets that were some sort of 'European fantasy' of India. The cast too was mostly *European*. Sita was played by *Polish soprano* Josephine de Reszke, Alim by *tenor* Marius Solomon, Scindia by *baritone* Jean Lassalle, and Indira by *bass singer* Georges François Menu.

Critics, who attended the premiere, were impressed by the performances. "Lassalle creates the role of Scindia with the consummate authority of a great artist," The Era wrote. "His fine voice, excellent diction and deep sentiment justify once more, in this instance, the legitimate reputation that he has acquired." The Era also liked Solomon and de Reszke, whose acting and singing, it said, were "beyond praise."

Like the audiences, the critics were left impressed by the sets, which were designed and painted by the renowned Philippe Chaperon. The Era reporter was clearly awestruck by them when he wrote,

"The third act introduces us to the Paradise of *Indra*, a radiant vision of a celestial garden, brilliant with light, overgrown with gigantic plants and a profusion of gaudy-coloured flowers, a paradise such as it was known to the imagination of the ancient East. At the back of the stage rises the mountain of gold and precious stones of Meru. Indra seated in the state, on an eminence, presides over the festivities of his court. *Apsaras* are dancing and the whole stage is crowded with *houris*, clothed and unclothed in every form and colour of Eastern magnificence and luxury, a truly marvellous scene, one of those gems of 'stage decoration' to which no words can do adequate justice." The successful premiere set the stage for Massenet's ascent as France's most celebrated operatic composer. Before the staging of Le Roi de Lahore, he was a moderate success. An unknown outside France, he had to depend mainly on his teaching income. But after the opera, which took several years to finalise, there was no looking back.

### Expensive spectacle

With critical acclaim, Le Roi de Lahore began touring. It was staged in Venice, Bologna and Rome in Italy, where it was clearly in high demand, as well as in London and the United States. Massenet died at the age of 70 in 1912, and is best remembered for his operas *Werther* and *Manon*. Le Roi de Lahore, his other triumph, would continue to be staged for another decade, making its debut in New York City in January 1924. Before the Big Apple performance, a *newswire* report appeared in the *Tampa Tribune,* estimating the production cost at a staggering $60,000. "What made the cost this high was the 'striking ensembles,' 'elaborate costuming' and 'brilliant spectacle of the *Hindu* paradise,' "the wire report said.

The sets in New York were designed and painted by an artist of great repute, who was born in present-day Moldova. "For the premier production of this opera in New York, Boris Anisfeld, the Russian painter, devoted most of the summer," the report said. "He is responsible for the designs, painting of the scenery and the costume designing, which will be among the most elaborate, seen at the Metropolitan Opera House, this season." The opera was initially well-received in New York, but interest in it waned over in the 1920s. It was revived in Italy in the 2000s. And in 2023, it made a comeback in Britain at the 2023 Dorset Opera Festival, where Alim was played by Bombay-born Amar Muchhala. It may take a while before a largely South Asian cast performs a French opera, set in 11th-century Lahore, but Jules Massenet's bold 19th-century attempt at a *Indo-French fantasy opera* will continue to reach out to new audiences.

rajeshsharma1049@gmail.com

#WELLNESS


# 4 Surprising Things That Happen When You Eat More Fibre

Fibre impacts nutrient absorption, hormones, and serves as food for our good gut microbes, leading to a variety of surprising health benefits.



We know fibre is good for us, but an astounding 90 per cent of women and 97 per cent of men are falling short on their recommended fibre intakes. While *fibre*, a type of carbohydrate that our bodies cannot fully break down, found naturally in fruits, vegetables, whole grains, beans, legumes, nuts, and seeds, is widely recognized for its ability to improve digestion, the benefits of eating more fibre are not limited to our gastrointestinal (GI) tract. Fibre impacts nutrient absorption, hormones, and serves as food for our good gut microbes, leading to a variety of surprising health benefits.

## Here are 4 lesser-known health effects of eating more fibre



### 1. Your energy levels may become more stable throughout the day

If you've ever felt shaky, fatigued, hungry, or lightheaded an hour or so after eating a carb-heavy meal, a lack of fibre may be partially to blame. When we eat foods that contain carbohydrates, they're broken down into sugar, which enters the bloodstream and raises blood sugar levels. In response to our rising blood sugar, the hormone insulin is released.

Insulin acts like a key, allowing sugar to enter our body's cells to either be used for energy or stored for later. Blood sugar levels drop once the sugar enters our body's cells, which may lead to those unpleasant symptoms of hypoglycemia. While some degree of blood sugar fluctuation throughout the day is perfectly normal and healthy, large spikes and dips can leave you feeling lousy and increase your risk for developing metabolic issues down the road, like insulin resistance or diabetes.

When it comes to blood sugar stability, fibre is your best friend. It slows the absorption of glucose into the bloodstream, helping to prevent large spikes and subsequent crashes. Think of and consume beans and legumes, vegetables, fruits like berries and apples, and whole grains like quinoa and barley.

### 2. Your LDL cholesterol may go down

Low-density lipoprotein, or 'LDL' cholesterol is often referred to as the '*bad cholesterol*.' This is because having high levels in your blood increases your risk for developing cardiovascular disease. When it comes to lowering your LDL, high-fibre foods are some of the best that you can eat, as certain fibres are particularly adept at helping to lower cholesterol levels.

*Soluble fibre* is a type of fibre that forms a viscous gel in the GI tract, binding with cholesterol so that it's excreted rather than absorbed. This gel also binds to bile acids that our bodies produce from our own cholesterol to help break down foods that we eat. Normally, we reabsorb bile acids in our intestine so that they can be recycled. When soluble fibre binds with them, however, they can't be reabsorbed. Instead, we



make more bile acids out of our own cholesterol, lowering blood cholesterol, as a result.

You can find soluble fibre in the fleshy parts of fruits and vegetables, the inner portion of beans and legumes, and in certain nuts, seeds, and grains. Some of the highest sources of cholesterol-lowering soluble fibre include foods like chia seeds, lentils, oats, oat bran, barley, apples, bananas, and potatoes.


### 3. You may lower your blood pressure

High blood pressure increases your risk for developing heart disease and stroke, and it's more common than you may think. Eating fibre-rich foods can help to lower your cholesterol, which may lead to improved *vasodilation*. This means blood vessels are better able to expand, causing blood pressure to decrease. Additionally, higher fibre intakes are associated with improved metabolic health, which is also linked to lower blood pressure.


### 4. Your bone density may improve

Bone health may not be the first thing that comes to mind when you think of fibre, but recent research shows that certain fibres can actually improve our calcium absorption. Since over 99 per cent of calcium in the body is found in our bones, regularly consuming foods, rich in these fibres, may improve bone density over time. This means reduced risk for bone fractures and conditions like *osteoporosis* and *osteopenia*, down the line. Certain fibres have prebiotic properties, meaning that they feed our good gut bacteria, encouraging a healthy gut microbiome. The prebiotic fibres, most strongly associated with improved mineral absorption, are called *fructooligosaccharides* (FOS). You can find them in foods like asparagus, artichokes, garlic, onions, barley, and chicory.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# पैंथर की सूचना ने वन विभाग व पुलिस को दौड़ाया

## दो घंटे चले सर्च अभियान में जंगली बिल्ला मिला

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील मुख्यालय के निकटवर्ती गांव लम्बोर बड़ी की रोही में एक खेत में शनिवार सुबह पैंथर होने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम ने करीब दो घंटे तक पैंथर को ढूंढने का सर्च अभियान चलाया, मगर मौके पर पैंथर की बजाय जंगली बिल्ला मिला। हांलाकि पूर्व में भी सिद्धमुख थाना क्षेत्र के गांवों, साहवा, बांय सहित महलाना, तारानगर के अभयसिंहपुरा आदि क्षेत्र में पैंथर के आने को लेकर सर्च अभियान चलाया गया था, लेकिन अभयसिंह पुरा के बाद में ना तो पैंथर के बारे कोई सूचना नहीं मिली। लेकिन शनिवार दोहपर करीब 12 बजे गांव लम्बोर निवासी सुरजीत सांगवान-अपने खेत गया हुआ था। तभी पास से एक जंगली बिल्ला भागकर मिट्टी की गुफा में घूस गया। जो उसे पैंथर जैसा दिखाई दिया। जिसके बाद मिली सूचना पर ग्रामीणों,



**सादुलपुर में ग्रामीणों के साथ वन विभाग व पुलिस के चलाए सर्च अभियान में जंगली बिल्ला मिट्टी की गुफा से निकलकर भागा।**

वन विभाग और पुलिस की टीम ने करीब दो घंटे तक पैंथर को ढूंढने का सर्च अभियान चलाया। वहीं पैंथर की सूचना पर वन विभाग के रैंजर रणवीर सिंह, मांगेराम सांगवान, सुरेश गोठवाल, नीलम व पुलिस कर्मी मौके पर पहुँचे। जिसमें पहले काफी संख्या में गाडी, ट्रैक्टर व बाइक लेकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने दो घण्टे तक सर्च ऑपरेशन चलाया, मगर कुछ हाथ नहीं लगा।

जिसके बाद-जिस व्यक्ति ने उक्त संदिग्ध जानवर को देखा, उसे वन विभाग के कर्मचारियों ने पैंथर, लॉयन व हिरण के चित्र दिखाए, मगर उसने चित्र देखकर ऐसे जानवर देखे जाने से इन्कार किया। इसके बाद उसे गीदड का फोटो दिखाया गया, तो उसने कहा कि इससे मिलता-जुलता जानवर उन्होंने खेत में देखा है एवं उसे मिट्टी की गुफा में जाते देखा है। जिस पर गांव के धूपसिंह फगेडिया ने दिखाई हिम्मत दिखाई। हांलाकि पैंथर की बात सुनकर ग्रामीण भयभीय हो गए और मिट्टी की गुफा को चारों तरफ से घेर लिया व आगे से मिट्टी लगाकर बंद कर दिया। जिसके बाद गांव के धुपसिंह फगेडिया ने कहा खेतो में जंगली जानवर गीदड व बिलाव घूमते रहते हैं, मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि पैंथर नहीं है। कुछ ही देर बाद धुपसिंह फगेडियां ने हिम्मत दिखाते हुए कस्सी से गुफा को खोदकर कुछ ही देर में पूंछ पकड़कर बाहर निकाल दिया, जो बताया जा रहा पैंथर नहीं था, बल्कि जंगली बिल्ला था। तथा जंगली बिल्ले की तस्दीक होने पर जंगली बिल्ले देखने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## पत्थर से भरे 3 ट्रेक्टर, पिकअप व ट्रक जब्त

**राजसमंद,** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के मध्यनजर रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार एएसपी महेन्द्र कुमार पारीक व डीएसपी विवेकसिंह के सुपरविजन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कांकारोली थानाधिकारी हनवन्तसिंह सोढा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

कांकारोली थानाधिकारी हनवन्तसिंह सोढा ने बताया कि गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए मोही फाटक पर एक ट्रेक्टर को रूकवाकर चैक किया गया जिसमें बिना रोयल्टी के अवैध रूप से मार्बल परिवहन पाया गया। इसके साथ ही टीम ने बागपुरा में एक बिना नम्बरी ट्रेक्टर को रूकवाकर चैक किया जिसमे अवैध मिट्टी भरी हुई पाई गई। इसी टीम ने वांसोल रोड पर एक ट्रेक्टर को रूकवाकर चैक किया जिसमें अवैध पत्थर भरे गए थे। वही कांकरोली थाना पुलिस की टीम ने मादडा रोड से निकल रहे एक ट्रक को रूकवा कर उसकी जांच की तो उसमे अवैध कोयलो की भरी हुई बोरिया मिली। इसके साथ ही भीलबस्ती भाणा रोड से गुजरती एक पिकअप को रूकवाकर चैक किया जिसमें अवैध लकडीया भरी हुई पाई गई। इन सभी वाहनो में भरे पत्थर की रोयल्टी नही होने के कारण खनन विभाग तथा लकडी व कोयला की सूचना वन विभाग को दी।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा के घर पहुंची एन.आई.ए. की टीम

## एक महीने में दूसरी बार पूछताछ करने पहुंची टीम



**बीकानेर में एन.आई.ए. की टीम ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के माता-पिता से पूछताछ की।**

**बीकानेर,** (कासं)। गैंगस्टर रोहित गोदारा पर एनआईए का शिकंजा कसता जा रहा है। एनआईऐ की टीम ने एक महीने में दूसरी बार लूणकरनसर के कर्पूरीसर स्थित रोहित गोदारा के घर पहुंची है, जहां उसके मां-बाप से पूछताछ की जा रही है।

माना जा रहा है कि फर्जी पासपोर्ट बनाकर विदेश जाने के मामले में सख्ती के साथ छानबीन हो रही है। जानकारी के अनुसार एनआईऐ की टीम शनिवार को बीकानेर पहुंची है। ये टीम लूणकरनसर के कर्पूरीसर में एक बीएचएम स्थित रोहित के घर सुबह सवेरे ही पहुंच गई। रोहित के घर पर उस समय उसके मां-बाप के अलावा कुछ और रिश्तेदार थे। सभी को वहीं रोककर पूछताछ की गई। रोहित के खिलाफ फर्जी पासपोर्ट बनाने का मामला एनआईए ने दर्ज किया था।

इस फर्जी पासपोर्ट के मामले में कुछ पुख्ता जानकारी पुलिस और एनआईए के हाथ लगी हैं जिसके बाद एनआईए की टीम ने रोहित गोदारा के परिजनों को नोटिस देते हुए चेतावनी दी है कि भविष्य में उसका कोई फोन या उसके बारे में उन्हें कुछ भी जानकारी हो तो इसकी सूचना पहले थाने में देनी होगी। गैंगस्टर रोहित गोदारा पर हत्या, लूट, फिरौती जैसे कई मामले में बीकानेर में दर्ज है, वहीं राज्य के कई अन्य थानों में उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज है। पुलिस रोहित गोदारा की सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही है।

# तीन किलो 200 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सल्लोपाट थाना पुलिस ने मोनाडूंगर एनएच 56 पर नाकाबंदी के दौरान गुजरात ले जाया जा रहा 3 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है वहीं अवैध रुप से लकडी परिवहन कर गुजरात ले जाते एक ट्रक को जब्त किया है।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला, एएसपी राजेश भारद्वाज एवं वृत्ताधिकारी विनय चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब की रोकथाम की कार्यवाही के तहत पुलिस को यह सफलता मिली। उन्होंने बताया कि जाप्ते के साथ वे मोटाडूंगर नेशनल हाईवे 56 पर वाहन की जांच के दौरान भीलकुआ-बांसवाडा मार्ग की तरफ से आयी एक कार को रुकवाया तो चालक घबराया। उसने अपना नाम सनी पुत्र शांतिलाल अड निवासी खाटवाडा थाना झालोद गुजरात होना बताया। जब उसकी गाडी की डिक्की में सीमेंट के कट्टे में भरी सामग्री के बारे में पूछा गया तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया।

जांच करने पर उसमें 3 किलो 200 ग्राम अवैध सूखा गांजा पाया गया। जिस पर कार एवं गांजे को जब्त कर सनी को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान का जिममा आनंदपुरी थानाधिकारी कैलाशचंद्र को सौंपा गया। इसी तरह मोनाडूंगर चेकपोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक की जांच की गयी तो अंदर नील गिरी की लकडियां पायी गयी। चालक से पूछा गया तो उसने बताया कि आसपुर से भरकर गुजरात के सांवली ले जा रहा है। जब कागजात मांगे गये तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस पर ट्रक एवं लकडियां जब्त की गयी। इसी तरह नाकाबंदी के दौरान प्लास्टिक के कट्टे में 2 पेटी अंग्रेजी शराब ले जाते हुए युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम संजय पुत्र कल्पेश गरासिया निवासी खूंटागलिया होना बताया।



**सल्लोपाट थाना पुलिस ने तस्करी कर गुजरात ले जाये जा रहे गांजे एवं कार को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।**

## अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार


**नोखा,** (कासं)। अवैध मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ पुलिस नकेल कस रही है। नोखा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब सहित आरोपी पवनसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से 94 लीटर देशी शराब, 105 बीयर बोतल , 40 केन बीयर जप्त कर आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# झुग्गी-झोपड़ियों में आग लगने पर दो सिलेंडर फटे

## 10 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख, फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के अफसाना जोहड़े में बनी झुग्गी झोपड़ियां में अचानक देर रात दो बजे भीषण आग लग गई। इस आगजनी दो गैस के सिलेंडर फट गये और बस्ती में जोरदार धमाके हुए। झोपड़ियों में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। झोपड़ियों में लोग करीब तीन साल से रह रहे हैं। हालांकि इन धमाकों के बीच गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई।

इस आगजनी में लगभग 10 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग की लपटों से कई और झोपड़ियां आग की चपेट में आ गई। इस आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान हो गया। सरकारी जीमन पर 30 से 35 झोंपड़ियां बनी हुई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद 2 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। फिलहाल इस आगजनी के बाद झोंपड़ी में रहने वालों के पास सिर छुपाने का कोई ठिकाना नहीं है और न ही खाने के लिए कुछ बचा है। यहां रहने वाले लोग मजदूरी करते हैं। इस घटना की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना के पुलिस भी मौके पर पहुंची कोतवाल पवन कुमार चौबे ने बताया कि अचानक आग लगी और उसके बाद सिलेंडर फट गया। जिसके कारण आग और भी ज्यादा बढ़ गई। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को सूचना दी गई, मौके पहुंचकर दो फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। नुकसान का आंकलन प्रशासन द्वारा किया जाएगा।



**झुंझनूं के अफसाना जोहड़े में बनी झुग्गी झोपड़ियों में आग लग गई।**

- **झोपड़ियों में लोग करीब तीन साल से रह रहे हैं हालांकि इन धमाकों के बीच गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई**
- **आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान हो गया**

## अवैध खनन करने के आरोप में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**छबड़ा** (निसं)। वन विभाग की टीम ने अवैध खनन करने के आरोप में एक ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी तरुण रावत ने बताया कि वनखण्ड दिलोद के वन क्षेत्र से अवैध खनन कर पत्थर (चिंगारी) परिवहन करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर चालक मुकेश चक्रधारी पुत्र बंशीलाल निवासी कवाई (सालपुरा) को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में वनपाल मोहम्मद अखलाख, राकेश चौधरी, सोमेश गुर्जर, अरविंद चौधरी, शिवराज, जमनालाल लोधा आदि मौजूद रहे।

# 6 साल पुराने मामले में दो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**बूंदी** (निसं)। कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के भाई और कोटा डेयरी के पूर्व अध्यक्ष रहे श्रीलाल गुंजल और दो अन्य को छह साल पुराने एक मामले में कोर्ट ने तलब किया है। तीनों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। प्रकरण में तालेड़ा के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। तीनों को आगामी 8 अप्रैल को अदालत में तलब किया गया है।

मामले में कोटा रेंज कार्यालय की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध और सतर्कता) उमा शर्मा ने जांच की थी। जांच में कोटा डेयरी के तत्कालीन अध्यक्ष श्रीलाल गुंजल, अरनेठा निवासी प्रभुलाल गोचर और लेसरदा निवासी गोपाल गोचर के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 306 और 120 बी के तहत अपराध प्रमाणित माना। तीनों के खिलाफ सैनी को धमकाना, संग्रहण केन्द्र छोड़ने के अत्यधिक दबाब बनाना, केन्द्र से आने वाले दूध की गुणवत्ता कम बनाना, उस पर जुर्माना लगाने जैसे तथ्य प्रमाणित पाए गए थे। जांच अधिकारी ने माना कि तीनों ने सैनी को सामाजिक, प्रशासनिक और मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया कि उसे अपनी आजीविका खोने का संकट उत्पन्न हो गया ओर उसने परेशान होकर आत्महत्या का कदम उठा लिया।

मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने तालेड़ा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष तीनों आरोपियों के खिलाफ गत 25 अक्टूबर को धारा 306 और 120 बी के तहत आरोप पत्र पेश किए थे। अदालत ने तीनों के खिलाफ प्रसंज्ञान लेकर तलब किया था, लेकिन पिछली कई पेशियों पर उपस्थित नहीं होने पर तीनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए। इस प्रकरण में आगामी सुनवाई 8 अप्रैल को है। उधर इस बारे मे श्रीलाल गुंजल ने कहा है कि मेरा इस मामले में हाई कोर्ट से स्टे है और गिरफ्तारी वारंट की मुझे जानकारी नहीं है।

## किसान की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। खेत में दवा छिड़काव के दौरान दवाई शरीर में चले जाने से किसान की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान आज किसान की मौत हो गई। मामला बड़लियास थाना क्षेत्र का है यहां आंबा में रहने वाला किसान रतनलाल पिता भक्त रेगर (45)शुक्रवार को अपने खेत पर दवा का छिड़काव कर रहा था ,इस दौरान दवाई शरीर में जाने से रतनलाल की हालत बिगड़ गई और वह खेत पर अचेत हो गया। पास में काम कर रहे अन्य किसानों व परिजनों ने उसे खेत पर अचेत अवस्था में देखा तो तुरंत उसे भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां रतन ने आज इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में भिजवाया।

# डंपर चोरी के मामले में शातिर अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

**बूंदी** (निसं)। बूंदी की केशोरायपाटन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर अंतरराज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक बूंदी हनुमान प्रसाद ने बताया कि चोरी व सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम के निर्देशन में केशोरायपाटन थाना अधिकारी बाबूलाल के नेतृत्व मे टीम गठित ने फरार आरोपी केहरी उर्फ केसराम उर्फ चुटिया उर्फ शेरा पुत्र गौरीलाल उम्र 26 साल निवासी बसन्तपुरा थाना सरमथुरा जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

थानाधिकारी बाबूलाल ने बताया कि 20 अगस्त 2023 कोफरियादी श्याम बिहारी पुत्र अणदीलाल निवासी लेसरदा थाना के.पाटन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि मेरे नाम से एक डम्पर टाटा सिग्ना है जिसे मै रोजाना रिलायंस पेट्रोल पंप के पास खड़ा करता था 19 अगस्त की रात्रि को रिलायंस पेट्रोल पंप पर खडा किया था ड्राइवर पप्पू मारू भाट सामने पंचर की दुकान पर सो रहा था जब ड्राईवर पप्पू मारू भाट सुबह जगा तो उसने डम्पर गायब मिला।डम्पर को रात्रि को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर डंपर व आरोपी की तलाश शुरू की।

पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का पता लगाया। पुलिस पूर्व में ही आरोपी के दो साथी अलाउद्दीन व साहिल को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त कार को जब्त कर चुकी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी थाना सरमथुरा के प्रकरण मे गिरफ्तार होकर जिला कारागार धोलपुर में बंद है सूचना पर नियमानुसार न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी कराकर आरोपी को गिरफ्तार किया।आरोपी से पूछताछ जारी है आरोपी से और भी वारदातें खुलने की सम्भावना है। थानाधिकारी ने बताया कि वाहन चोरी करने वाला मुख्य आरोपी अंतर्राज्यीय वाहन चोर केहरी उर्फ केसराम उर्फ चुटिया उर्फ शेरा पुत्र गौरीलाल उम्र 26 साल निवासी बसन्तपुरा थाना सरमथुरा जिला धौलपुर काफी शातिर कुख्यात है।

# वाया भरतपुर, मदार-हावड़ा के बीच 2 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलेगी

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा सीजन में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से भरतपुर होकर गाडी सं 09609/09610 मदार-हावडा-मदार के मध्य स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है।

जिससे यात्रियों को सीजन में अग्रिम आरक्षण का लाभ एवं भीड़ से राहत मिल सके। इस स्पेशल गाड़ी में 04 थर्ड एसी, 12 स्लीपर, 02 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 09609, मदार-हावड़ा स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक रूप में दिनांक 14 अप्रैल एवं 21 अप्रैल (02 ट्रिप) मदार से रविवार को रवाना होकर सोमवार को शाम 18.00 बजे हावड़ा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09610, हावड़ा-मदार स्पेशल ट्रेन दिनांक 16 अप्रैल एवं 23 अप्रैल (02 ट्रिप) हावड़ा से मंगलवार को 15.00 बजे रवाना होकर बुधवार को रात 21.55 बजे मदार पहुँचेगी।

गाड़ी के हाल्ट - यह गाड़ी दोनों दिशाओं में मदार-हावड़ा के मध्य किशनगढ, जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर , आगराफोर्ट, टूण्डला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल, उपाध्याय, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर व बर्द्धमान स्टेशनों स्टेशनों पर रुकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाता है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करे।

## चोरों ने चिकित्सालय को निशाना बनाया

**बूंदी** (निसं)। जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। चोरों के निशाने पर सरकारी कार्यालय और चिकित्सालय आ रहे हैं। शनिवार को बाजड़ उप स्वास्थ्य केंद्र चोरों के निष्राने पर आ गया, जहां चोर उप स्वास्थ्य केन्द्र के ताले तोड़ कर सामान चुरा कर ले गए। एएनएम नफीसा बानो जब शनिवार सुबह उप स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची और ताला खोलने लगी तो गेट पर ताला लगा हुआ नहीं मिला। गेट खोला और कमरे में अंदर गई तो वहां पर रखी हुई दो विजिटर कुर्सी और 6 प्लास्टिक कुर्सी, कूलर और वॉटर कैंपर चोरी हो चूका था। नफीसा ने चोरी की सूचना सरपंच नाथू लाल बैरवा और पडोस के लोगों को दी। सूचना पर ग्रामीण उप स्वास्थ्य केंद्र पर इकट्ठे हो गए। सरपंच नाथूलाल बैरवा ने तालेडा थाने पुलिस को फोन किया। सूचना मिलने पर पुलिस उप स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची और मौका जायजा लिया। एएनएम नफीसा बानो और सीएचओ रामावतार मीना ने चोरी की रिपोर्ट थाने में सौंपी।

# हाईकोर्ट ने आहरण वितरण अधिकारी की शक्तियों से वंचित नहीं करने के अंतरिम आदेश दिए

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने सीएमएचओ जैसलमेर डॉ. बाबूलाल बुनकर को सीएमएचओ पद की आहरण वितरण अधिकारी की शक्तियों से वंचित नहीं करने के अंतरिम आदेश पारित किए है। इस संबंध में चिकित्सा विभाग के निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ रवि प्रकाश माथुर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 01 मई नियत की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने पैरवी की।

राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने स्थानान्तरण आदेश 22 फरवरी 2024 से चिकित्सको की सीनियोरिटी/ वरीयता को ध्यान में रखें बगैर, थोक में राज्य के कुल 171 चिकित्सक को एक ही आदेश से स्थानान्तरण किये गए। जूनियर चिकित्सकों को ज़िला स्तरीय पदों पर कार्यरत नियमानुसार पदोन्नत वरिष्ठ चिकित्सको के स्थान पर पदस्थापित कर दिया गया। जिस पर वर्ष 1991 के नियुक्त चिकित्सक और वर्तमान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जैसलमेर डॉ. बाबूलाल बुनकर ने हाइकोर्ट, जोधपुर में पहली रिट याचिका पेश कर उससे 20 साल जूनियर वर्ष 2011 के नियुक्त चिकित्सक को सीएमएचओ, जैसलमेर पद पर नियुक्त कर देने के आदेश को चुनोती दी। जो रिट याचिका आदेश 01 मार्च से स्वीकार कर याची को वर्तमान पद सीएमएचओ, जैसलमेर के पद पर पुनः जॉइन करवाने के आदेश दिए।। उक्त न्यायालय आदेश की पालना में आदेश जारी कर याची को सीएमएचओ, जैसलमेर के कार्यालयाध्यक्ष पद पर 14 मार्च को पदस्थापित कर दिया गया।

लेकिन उक्त आदेश के आठ दिन बाद ही चिकित्सा विभाग के निदेशक (जन स्वास्थ्य) ने 22 मार्च 2024 के आदेश से पूर्व स्थानान्तरण आदेशो से लगाये गए चिकित्सको को ही कार्यालयाध्यक्ष बनाये जाने के निर्देश दिए। जिसे याची ने पुनः द्वितीय रिट याचिका अधिवक्ता यशपाल खिलेरी के मार्फ़त पेश कर चुनोती दी।

याची के अधिवक्ता ने बताया कि याची नियमानुसार प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद पर वर्ष 2017 में पदोन्नत हो चुका है जबकि वर्ष 2011 में नियुक्त जूनियर चिकित्सक अभी भी केवल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी/ एसएमओ पद पर ही नियुक्त होने से वह सीएमएचओ के पद पर नियुक्त होने योग्य तक नहीं है।। बावजूद इसके, चिकित्सा विभाग ने पदोन्नित के विभागीय पदानुक्रम को दरकिनार कर मनमाफिक आदेश जारी किए हैं तथा जूनियर चिकित्सक डॉ पालीवाल के पास एक वर्ष से भी कम का वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पद पर अनुभव होने के बावजूद याची के पद सीएमएचओ पर पदोन्नित देने का प्रयास किया गया है जो विधि विरुद्ध है।

रिट याचिका की प्रथम सुनवाई पर कैविएट में आई राज्य सरकार एवं जूनियर चिकित्सक को सुनने के पश्चात हाइकोर्ट न्यायाधीश अरुण मोंगा की एकलपीठ ने नोटिस जारी करते हुए याचिकाकर्ता व जूनियर चिकित्सक की पोस्टिंग पर यथास्थिति रखने तथा याचिकाकर्ता को सीएमएचओ पद की आहरण वितरण अधिकारी की शक्तियों से वंचित नहीं करने का अंतरिम आदेश देते हुए राज्य सरकार सहित चिकित्सा विभाग के निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ रवि प्रकाश माथुर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। अगली सुनवाई 01 मई को नियत की।

1963 के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियमानुसार छह वर्ष तक चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत चिकित्सक ही वरिष्ठ चिकित्साधिकारी/ खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदोन्नित के हकदार होते हैं, जो जिले में अवस्थित खंड के इंचार्ज खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद पर नियुक्ति के हकदार होते हैं तथा छह वर्ष तक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियमित कार्यरत चिकित्सक ही सीएमएचओ के पद पर पदोन्नित और पदस्थापना के हकदार होते हैं।

## संक्षिप्त

### कुम्हार समाज की बैठक आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के ग्राम पूतली स्थित दादूदयाल मंदिर में प्रजापति समाज उत्थान को लेकर कुम्हार समाज की बैठक का आयोजन अध्यक्ष ताराचंद वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें समाज की एकता एवं समाज उत्थान को लेकर अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान कोषाध्यक्ष रामौतार प्रजापत, हरदान प्रजापत, मातादीन प्रजापत, कैलाश चंद टेलर, सतीश प्रजापति, सोणाराम प्रजापत व मुकेश प्रजापत सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

### नव संवत्सर आयोजन समिति की बैठक

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के खेडापति बडे बालाजी प्रांगण बौंली में नव संवत्सर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। नव संवत्सर आयोजन समिति के प्रखंड अध्यक्ष हेमराज दीक्षित ने बताया कि बैठक में विक्रम संवत 2081 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा मनाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत 9 अप्रैल मंगलवार को प्रातः काल प्रभात फेरी, रंगोली व नवरात्र में प्रतिदिन सांय काल सामूहिक सुंदरकांड का पठन एवं सभी गली मोहल्ले में ओम नाम की पताकाएं लगाने का निर्णय किया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, गोपाल शर्मा, योगेंद्र शर्मा, दिनेश पुरी, तुलसीराम सैनी, पुष्पेंद्र वैष्णव, दीपक मंगल, प्रेमराज सिंह,व पूनम सिहंल सहित अनेको श्रद्धालु उपस्थित थे।

### गायन प्रतियोगिता 'राग' आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के बाईपास रोड के पास स्थित सीकर बाजार में डी. आर. रिकॉर्ड्स में पहली बार राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता 'राग' का आयोजन रविवार 7 अप्रैल को प्रातः 10.15 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजक दयाराम सैनी अनुसार सिंगिंग कंपटीशन का शुभारंभ राज्य के स्वायत शासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, खंडेला विधायक सुभाष मील व सांसद सुमेधानंद सरस्वती के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। बताया गया है कि प्रतियोगिता पुरुष और महिला दोनों गायक गायकों के लिए होगी। इसमें दो आयु वर्ग 25 वर्ष से कम व इससे अधिक के ग्रुप बनाए है।

### विवाह सम्मेलन की तैयारी पर बैठक

**चाकसू, (निसं)।** महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज विकास समिति रामपुरा के नेतृत्व में आगामी 17 अप्रैल रामनवमी को क्षेत्र के ग्राम रामपुरा में होने जा रहे माली सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफलता पूर्वक करवाए जाने के लिए समिति सदस्यों की एक बैठक हुई। मीटिंग समिति अध्यक्ष गिर्राज सैनी की अध्यक्षता में हुई। सूरजमल सैनी ने बताया कि सम्मेलन में 51जोडों के विवाह होगा। मीटिंग में विभिन्न व्यवस्थाओं का सफलता से संचालन करने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। इस दौरान विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले भामाशाह जयकिशन नेकाडी एवं अन्य भामाशाहों को सम्मानित किया गया है।

### अंबेड़कर जयंती की तैयारी बैठक आज

**मनोहरपुर, (निसं)।** शाहपुरा उपखण्ड स्तरीय डॉ.बी आर अम्बेडकर की 133वीं जयंती कार्यक्रम को लेकर डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह आयोजन समिति के तत्वावधान में 7 अप्रैल रविवार को शाहपुरा के डाक बंगला परिसर में सायं 5 बजे एक तैयारी बैठक आयोजित होगी।

बैठक में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम स्थल का चयन, रैली मार्ग व्यवस्था, टेंट, साउंड, ग्राम पंचायत स्तरीय प्रचार-प्रसार की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएगी। जयंती समारोह की तैयारी बैठक में सर्वसमाज के अधिकाधिक संख्या में लोगों का पहुंचने का आव्हान किया।

### स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम

**टोंक, (निसं)।** भाजपा का स्थापना दिवस कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अजीत सिंह मेहता के कार्यालय पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर ओम पांडे मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र जैन मंडल महामंत्री शंकर विजय मीडिया संयोजक राहुल देव शर्मा विधानसभा विस्तारक विकास शर्मा, लोकसभा के विस्तारक अभय सिंह, ममता शर्मा जूली शर्मा बीना जैन, डब्बू बना, गौरव चारण,अंकित शर्मा सीताराम चावला, अनिल टिक्कीवाल, विवेक शर्मा, नरेन्द्र अजमेरा आदि मौजूद।

# भाजपा विश्व की सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं की पार्टी है : भूपेंद्र यादव

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने अलवर क्षेत्र के अंबेडकर नगर भाजपा कार्यालय और निवास पर झंडा ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा विश्व में आज सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओ की पार्टी कि विचारधारा सबका साथ सबका विकास व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के परिणाम है कि हमारा देश आज विश्व के पांचवी आर्थिक महाशक्ति बन सका है।

उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी बधाई देते हुए कहा की भाजपा पार्टी ने हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। महिलाओं, युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों के लिए योजनाएं बनाई है जिससे इन सभी का विकास हुआ। इनके विकास से देश का विकास हुआ। इन सभी के विकास से ही आज देश विश्व की पांचवी आर्थिक महाशक्ति बन सका।



लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने भाजपा के स्थापना दिवस पर झंडा हाथ में लेकर घर-घर झंडा लगाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि इन कामों के पीछे लंबी प्लानिंग लगती है। दिन-रात की मेहनत लगती है। ये काम विकास के विज़न से होते हैं। ये काम तब होते हैं, जब नीयत सही होती है। अगले 5 वर्षों में विकास की ये गति और कई गुना तेज होने वाली है। कांग्रेस ने सात दशक तक जो गड्ढे खोदे थे, वो अब तेजी से भरे जा रहे हैं। अगले 5 वर्ष अपनी इस नींव पर बुलंद इमारत बनाने का काम होने वाला है। हमने तो हमेशा से ही गरीबी हटाओ के सिर्फ नारे सुने थे। किसने सोचा था कि 10 साल में 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकल आएंगे। लेकिन ये हुआ है और हमारी ही सरकार में हुआ है।उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनावो में जी जान से मेहनत करके फिर से केंद्र में भाजपा सरकार लाने की अपील की। इस मौके पर राज्य मंत्री संजय शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता लोकसभा संयोजक संजय सिंह नरूका,पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, जले सिंह मनोज चौहान, डॉक्टर रवि यादव, मीना सैनी,सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

### गणगौर मेला 11 को, तैयारियां शुरू

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में लोकपर्व गणगौर पर्व की तैयारियों को लेकर नायन का जोशी परिवार की बैठक जोशी हवेली में हुई। बुद्धिप्रकाश जोशी ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि 11 अप्रैल को सुप्रसिद्ध नायन का जोशियों की हवेली में दोपहर बाद शिवजी (ईसर) और पार्वती (गणगौर) की प्रतिमा को महिलाओं के पूजन के लिए रखा जायेगा। गणगौर माता की सवारी निकाली जाएंगी। सवारी शाम सवा 5 बजे नायन का जोशी हवेली से शुरू होगी बैंड बाजे शाही लवाजमे के साथ बस स्टैंड, नगर पालिका, चौपड बाजार, सूराणी बाजार से होती हुई कचियागढ स्टेडियम पहुंचेंगी। 11 अप्रैल को बूढ ी गणगौर को हवेली में पूजन के लिए रखा जायेगा। बैठक में राजेन्द्र कुमार शर्मा, बृजेन्द्र जोशी, पूर्व सहायक विकास अधिकारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा, महेंद्र जोशी, बनवारी, कैलाश, राकेश,जितेंद्र सोनू सहित परिवार के लोगों ने गणगौर मेले के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में सुझाव रखे।

## संयुक्त निदेशक ने सी.एच.सी. में दवा की उपलब्धता, रख रखाव आदि का निरीक्षण किया

**निवाई, (निसं)।** संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. सम्पत सिंह जोधा ने राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होने दवा की उपलब्धता व साफ-सफाई, रख रखाव आदि का भी निरीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों की बेहतरी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बीसीएमएचओ निवाई डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि जेडी डॉ. सम्पत सिंह ने निवाई सीएचसी में दवा की उपलब्धता, स्वास्थ्य उपकरण, साफ-सफाई व अन्य के बारे में जानकारी ली। दवा की स्टॉक की जानकारी ली। उन्होंने इमरजेंसी दवा की उपलब्धता व आवश्यकता के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य कर्मियों को सीएचसी आने वाले रोगियों को बेहतर चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा देने के लिए कहा। सीएचसी में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीएचसी इन्चार्ज डॉ.केके विजय, डॉ.रामजीलाल बैरवा, सीएचसी निवाई व बीसीएमएचओ कार्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा। निवाई के निरीक्षण के उपरांत जेडी डॉ. संपत सिंह जोधा ने बीसीएचएमओ कार्यालय में आयोजित ब्लॉक बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग की राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही प्रगति सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी गर्मी के मौसम के प्रकोप को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहने एवं समय पर आने के निर्देशित किया।



संयुक्त निदेशक डॉ. सम्पत सिंह जोधा ने स्वास्थ्य कर्मियों की बेहतरी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## गाजे-बाजे के साथ भगवान वेंकटेश्वर ने किया नगर भ्रमण

**कोटपूतली, (निसं)।** श्री श्रीधर लक्ष्मीनारायण पारमार्थिक ट्रस्ट उत्सव समिति के तत्वाधान में स्थानीय लक्ष्मीनारायण देवस्थान में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण का वार्षिक महोत्सव झालरिया मठ डीडवाना एवं श्री रमावैकुण्ठ पुष्कर मठाधिपति 1008 स्वामी घनश्यामाचार्य के सानिध्य में दो दिवसीय 42 वां ब्रह्मोत्सव के दौरान शनिवार को भगवान वेंकटेश्वर के नगर भ्रमण के साथ कृष्णा टॉकिज के सामने स्थित मन्दिर परिसर में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मन्दिर परिसर में विशेष सजावट कर प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। वहीं शनिवार शाम भगवान वेंकटेश्वर ने रथ में बैठकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। रथ को युवा रस्सों से खेंचते हुए चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने भगवान व महाराज का पुष्प वर्षा कर व फूल मालाओं से स्वागत किया, अनेक जगह आरती भी उतारी। इससे पूर्व शुक्रवार को प्रातः महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से कलश यात्रा निकाली। तत्पश्चात पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा व पं. श्रवण कुमार शर्मा ने गणेश पूजन कराया। दोपहर को भगवान वैंकटेश्वर का 108 कलशों के जल दूध फलों के रस आदि पंचामृत से अभिषेक हुआ। महाराज ने दूध, दही व शहद से अभिषेक किया। इसके बाद बडे ही धूमधाम से भगवान वैंकटेश्वर का विवाहोत्सव मनाया गया तथा रात्रि को झालरिया मठ डीडवाना एवं श्री रमावैकुण्ठ पुष्कर मठाधिपति 1008 स्वामी घनश्यामाचार्य ने आशीर्वचन दिये। नगर भ्रमण के दौरान पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा, पं.श्रवण कुमार शर्मा, काशीनाथ गुप्ता, नृसिंहदास अग्रवाल, चिन्टु मोरीजावाला, गोविन्द मोरीजावाला, मुरली गोयल, पार्षद प्रतिनिधि रघुवीर गोयल, रामेश्वर सैनी, किशनलाल बर्तन वाले, नारायणलाल मोरीजावाला, दिनेश मोरीजावाला, सीताराम अग्रवाल, किशन मोरीजावाला, राजेश गुप्ता, अमरनाथ बंसल, किशन लाल बंसल, सुभाष माथुर, लालचंद मोरीजावाला, दीनदयाल गौड़, केशव बंसल, राकेश मोरीजावाला, पवन मोरीजावाला, अभिषेक मोरीजावाला, रमेश जिंदल, सन्नी जिंदल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



कस्बे के मुख्य मार्गो से भगवान की विशाल शोभायात्रा निकली।

- लक्ष्मीनारायण देवस्थान का दो दिवसीय ब्रह्मोत्सव संपन्न

### निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा रविवार को "निःशुल्क पाक्षिक होम्योपैथीक शिविर" का 428वां शिविर एमएस हॉस्पिटल के पास स्थित स्वर्गीय चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगेगा। क्लब के गिरीराज कयाल ने बताया कि क्लब की ओर से आयोजित अब तक आयोजित 427 शिविरों में 46 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया है। इस तरह के शिविर क्लब की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किए जाते हैं। शिविर में डॉक्टर एस एल चौधरी द्वारा चर्म रोग, सोरायसिस, साइटिका, नजला, जुकाम, फंगल इंफेक्शन एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया जाता है। क्लब की ओर से 14 दिन की दवाइयां निःशुल्क दी जाती हैं। इन शिविरों में डॉक्टर एसएल चौधरी के साथ क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट रोटेरियन राजेंद्र प्रसाद कसेरा, विजय कुमार कसेरा एवम क्लब के कई अन्य सदस्य अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं।

### कार्यकारिणी का गठन किया

**मालपुरा, (निसं)।** चैत्र प्रतिस्पर्द्धा हिन्दू नववर्ष को समारोह पूर्वक मनाये जाने को लेकर कार्यकारिणी का गठन किया गया। हिन्दु समाज के प्रबुद्धजनो की हुई बैठक मे संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया। डॉ. राकेश कुमार जैन, ताराचन्द जैन कठमाणा, चैनराज सिंघी, हनुमान विजय, सुनिल परतानी, रामबाबू खण्डेलवाल, रामप्रसाद कांदला, संजय शर्मा, रामबाबू व्यास, अटल पारीक, चन्द्रप्रकाश शर्मा, धनसिंह राजावत, मोतीलाल चौधरी, कैलाश गुर्जर, चंपालाल जैन, कैलाश सोनी, सुखपाल सैनी, रामस्वरूप बैरवा, बाबूलाल खटनावरिया, रामनारायण वर्मा, जगन्नाथ बडगुर्जर, लक्ष्मण सिंह राठोड, सम्पत गोयर, रामलाल साहु, कुंजबिहारी खारोल, अर्जुन दास सिंधी, चौथमल जांगिड, किशनलाल टेलर, अनिल सेन, रामगोपाल कनोजिया, हरिसिंह बडवा, लक्ष्मण सिंह राठोड, संत शिवदयाल दास, सीताराम वैष्णव, रामकिशन नायक, रमाकांत पाठक, गोपाल सिंह सरावता, चन्दन सिंह गंवारिया को दायित्व सौंपा गया। नववर्ष आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राजकुमार वर्मा ने बताया कि महिला मंडल कार्यकारिणी में मालती देवी सैनी, संतोष कोठारी, सोनिया व शरद लता पारीक को परामर्शदाता बनाया गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसमर्थन जुटाया

**अलवर, (निसं)।** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ललित यादव ने शनिवार को मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा कर जनसमर्थन जुटाया। इस अवसर पर ग्रामीणों की ओर से वर्तमान मुंडावर विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी ललित यादव का जोरदार भव्य स्वागत किया गया।

ललित ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार राठ क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे अलवर जिले का मतदाता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडा है। उन्होंने कहा कि यादव बाहुल्य इस सीट पर सभी वर्गों में इस बार आपके बेटे स्थानीय ललित का क्रेज है। उन्होंने कहा कि अबकी बार अलवर लोकसभा क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति को अपना वोट नहीं देने की मंशा और स्थानीय को इस बार पिछले 10 वर्षों में हुए धोखे से निजात दिलाने के लिए जनता पूरी तरह तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से इस बार केंद्र में आएगी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अलवर को महानगरों की तर्ज पर जो विकास की पटरी पर पहुंचाया था अब आपका बेटा ललित उस काम को पूरा करेगा। ललित ने आज मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के सख्तपुरा, मानका, गदनी की ढाणी, पलावा, बिजवाड चौहान, हुलियाना खुर्द, भोजपुरी मोड, जालवास मनेठी, मुंडनवाडा कला, जाट बहरोड, सानौली, भूंगडा अहीर, करनी कोट, पदमाडा कला, पदमाडा खुर्द, माजरी खोला, धोकल नगर, सोडावास, शामदा, झाझरपुर, हतुंडी, चिरूनी स्टैंड, पीपली, सियाखोह गांव का दौरा किया।

- अलवर जिले का प्रत्येक मतदाता कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा है : यादव



ग्रामीणों की ओर से वर्तमान मुंडावर विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी ललित यादव का जोरदार भव्य स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### भाजपाईयों ने मनाया स्थापना दिवस



**मालपुरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कार्यालय मालपुरा व लाम्बाहरिसिंह सहित देहात क्षेत्र में पार्टी का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। भाजपा के 45वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय पर झण्डा पहराने के पश्चात हुई बैठक मे लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक मे मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन ने लोकसभा चुनाव जीत की रणनीति बनाते हुये प्रत्येक बूथ से 370 से अधिक की जीत का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया। लाम्बाहरिसिंह मे रमेश वैष्णव, सरपट सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस समारोह मे शिरकत की। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि रविवार की दोपहर दो बजे आदर्श नगर पाण्डुक शिला के सामने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी लोकसभा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के कार्यालय का करेगें शुभारम्भ।

### रोगियों को बांटे भोजन के पैकेट



**निवाई, (निसं)।** प्रदीप मेमोरियल ट्रस्ट निवाई के प्रतिनिधियों ने शनिवार को मुंबई में टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल में रोगियों और उनके परिजनों को भोजन के पैकेट बांटे। ट्रस्ट के दिलीप जैन ने बताया कि निवाई निवासी प्रदीप जैन की पुण्यतिथि पर प्रदीप मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को मुंबई, निवाई तथा अन्य अस्पतालों में रोगियों और उनके परिजनों को भोजन के पैकेट बांटे गए हैं। प्रदीप जैन की पुण्यतिथि पर ट्रस्ट की ओर से शनिवार को कई समाजोपयोगी कार्य किए गए। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शनिवार को सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण, वस्त्र वितरण, फल वितरण सहित खाद्य सामग्री वितरण किया गया। इस दौरान विनीता जैन, विजय जैन व अमन जैन सहित ट्रस्ट के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### पालिकाकर्मियों ने निकाला कैंडल मार्च




**निवाई, (निसं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर पालिका की ओर से शहर में जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसको लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत शहर में पालिकाकर्मियों ने कैंडल मार्च निकाला गया। पालिकाकर्मी बाबूलाल पण्डा ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट व नवरतन शर्मा ने कैंडल मार्च को रवाना किया। उन्होंने बताया कि कैंडल मार्च वेयरहाउस से अहिंसा सर्किल तक कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल पालिकाकर्मी में हाथों में जलती हुई कैंडल एवं मतदान के स्टीकर लेकर मतदान करने के समर्थन में नारे लगाते हुए चल रहे थे।

### अखंड रामायण का आयोजन

**निवाई, (निसं)।** गांव गुंसी में शनिवार को बालाजी मंदिर में अखंड रामायण को लेकर पूजा अर्चना की गई। शनिवार को आचार्य पं. प्रदीप शर्मा व पं. बृजेश शर्मा के सान्निध्य में छोटूराम प्रजापत ने बालाजी और रामचरित मानस की मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर पुजारियों ने बालाजी का पंचामृत से अभिषेक कर चोला चढ ाया। इस दौरान बालाजी की आरती कर अखंड रामायण के पाठ का शुरुआत की गई। रविवार को रामायण की पूर्णाहुति पर आचार्यो के सान्निध्य में हवनकुंड में श्रद्धालु आहुतियां देगें।

### आओ बूथ चले अभियान का आगाज आज

**कोटपूतली, (निसं)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निरन्तर स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मोरदा, गोपालपुरा, केशवाना राजपूत, नांगल चेचिका, कंवरपुरा, रामसिंहपुरा, मोहनपुरा, नांगल पंडितपुरा, शुक्लाबास में मतदाताओं को शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। स्वीप कार्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत नारा लेखन व मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। आवो बूथ चले अभियान का आगाज रविवार को बूथ स्तर पर किया जायेगा। मतदाता पर्ची और मार्गदर्शिका का वितरण बीएलओ द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर मतदाताओं को शत् प्रतिशत् मतदान करने पर जोर दिया गया एवं वोट के महत्व को समझाया गया। इस मौके पर स्वीप प्रभारी शेरसिंह कटारिया, दीनाराम गुर्जर, सुभाष रावत, सुभाष पारीक, जयसिंह यादव, जीतू आर्य व दौलत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दो मामलों में तीन गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर दतवास थाना पुलिस ने अवैध क्रियाकलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत दो प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दतवास थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि कस्बा दतवास में तेज आवाज में सरकारी स्कूल के पास टेप रिकॉर्डर बजाने के मामले में बाबू सिंह निवासी बोरदा व दिलराज मीणा निवासी जेतपुरा दोनों थाना मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार गोवर्धनपुरा मोड से रिंकू पुत्र कल्याणमल बावरिया निवासी लालसोट रोड बावरिया की ढ ाणी नांगल नरहर थाना दतवास को तीन लीटर अवैध देसी हथकढ ी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### बीसीएमओ ने किया निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर डा. राजेश सिंह मंगावा ने ब्लॉक के अधीन विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौली का समस्त स्टाफ मौजूद मिला तथा साफ सफाई संतोषजनक पाई गई तथा कुछ कर्मचारियों में गणेशवेश का अभाव पाया गया। इसके अलावा संस्थान स्टार की ओपीडी, आईपीडी, व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। उप स्वास्थ्य केंद्र अरनिया, जलालपुर, सिमारला जागीर भारणी का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी जगह व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई तथा कर्मचारियों को मौसमी बीमारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा उप स्वास्थ्य केंद्र सिमारला जागीर पर कार्यरत सीएचओ चेतन शर्मा पिछले तीन दिन से अनुपस्थित पाये गए जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## संक्षिप्त

### रामेश्वरी देवी संयोजक नियुक्त



रामेश्वरी देवी

**सांभरझील, (निसं)।** जिला अध्यक्ष सुमन कुमावत के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने आगामी लोक सभा चुनाव के लिए सांभर मण्डल महिला मोर्चा में संयोजक पद पर रामेश्वरी देवी को नियुक्त करने पर नेता प्रतिपक्ष अनिल गट्टानी, पार्षद सुशीला शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, रूपनारायण शर्मा, राजेश पारीक, पूर्व पार्षद विष्णु सिंघानिया, गौतम सिंघानिया ने हर्ष व्यक्त किया है। रामेश्वरी देवी की फोटो

### गोपाल विराटनगर विधानसभा प्रभारी



गोपाल अग्रवाल

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के निर्देशानुसार जिला महामंत्री गोपाल अग्रवाल को विराटनगर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।

### अरूण नगर मंडल संयोजक बने



अरूण सैनी

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी के निर्देश अनुसार कस्बा निवासी अरूण सैनी को पार्टी का नगर मंडल संयोजक नियुक्त किया है।

### शंकर कसाना संयोजक नियुक्त



शंकर कसाना

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रेवत सिंह राजपुरोहित ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी एवं किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव व किसान मोर्चा के कार्यक्रमों हेतु जिला संयोजकों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में कोटपूतली निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना को जिला जयपुर देहात उत्तर का संयोजक लगाया गया है।

### चाकसू में आज छह घंटे बिजली बाधित

**चाकसू, ( निसं)।** कस्बे समेत विभिन्न गांवों की बिजली रविवार को प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 तक बाधित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट, चाकसू परिसर के अन्दर से गुजर रही पुरानी 33 केवी लाइन चाकसू व शिवदासपुरा को शिफ्ट करने का कार्य किया जायेगा, जिसके कारण 33 केवी लाइन चाकसू का शटडाउन रहेगा, जिसके कारण 33/11 केवी जीएसएस (220 केवी जी0एस0एस0 के सामने), चाकसू व 33/11 केवी जी0एस0एस0 चाकसू (मुख्य), से निकलने वाले सभी फीडरों की सप्लाई रविवार को प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। इससे चाकसू कस्बा, जगन्नाथ यूनिवर्सिटी, स्माइलेक्स फैक्ट्री, हैट्रिक, क्लासिकल, मैदा फैक्ट्री, आर.एम.सी.फैक्ट्री, अरिहंत एग्ने, डायनामिक, आर्का पैकेज, इम्पीरियल, शाइनर पेपर, मुण्डिया, स्वामी का बास, जीवनपुरा, जयसिंहपुरा, टिगरिया, लालपुरा, भूरटिया, राघवपुरा, चौरिया, मुहम्मदपुरा, जयप्रकाशपुरा, निमोडिया, आकोडिया, भादडवास, शीलकी एरिया इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी।

### भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी का 45वाँ स्थापना दिवस भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भारत माता, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये सिंह ने कहा कि विगत 45 वर्षो में भाजपा ने देश में राष्ट्रवाद की सोच को मजबूत करने एवं भाजपा सरकारों ने अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुये लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है।

# देवली में जौनपुरिया के समर्थन में भजनलाल शर्मा ने रोड शो निकाला

**देवली, (निसं)।** टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में शनिवार शाम को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहर के मुख्य मार्गों पर रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर उत्साह तो दिखाई दिया लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ अपेक्षाकृत बेहद कम रही।

मुख्यमंत्री शहर के मुख्य बाजार से रोड शो के माध्यम से लोगों का अभिवादन करते हुए निकले। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हेलीकॉप्टर से यहां सीआईएसएफ हेलीपैड पर उतरे तत्पश्चात 5 बजकर 25 मिनट पर पेट्रोल पंप पहुंचे जहां शाम करीब 5:25 पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल सैनी, पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, भाजपा प्रत्याशी सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, केकडी विधायक शत्रुघ्न गौतम के साथ पहुंचे। उन्होंने चौराहे पर बने स्टेज पर चढ़कर कार्यकर्ताओं व लोगों का अभिवादन किया तथा अगले ही मिनट अबकी बार 400 पार का नारा देते हुए भाजपा के रथ पर सवार हो गए। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी, जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह समेत नेता रथ में सवार हुए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रोड शो पेट्रोल पंप से शुरू हुआ जो बैंक ऑफ़ बडौदा, स्टेट बैंक होते हुए पीर बाबा तिराहे पर पहुंचा। यहां मुख्यमंत्री पर जेसीबी मशीन पर खडे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प बरसाए। यहीं पर मंच पर खडी बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस अधिकारी व कर्मचारी रथ के दोनों ओर हाथ पकड कर घेरा बनाए हुए थे। मुख्यमंत्री का रोड शो यहां से नगर पालिका, बस स्टैंड, छतरी चौराहा, अग्रसेन बाजार होते हुए ममता सर्कल पहुंचा। जहां मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का जोश बढाने के लिए अबकी बार फिर से मोदी सरकार का नारा लगाया। इससे कार्यकर्ताओं में जोश संचार हो गया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहर के मुख्य बाजार से रोड शो से लोगों का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री के देवली में हो रहे रोड शो को देखने के लिए शहर के बाजार शाम को ही बंद हो गए। लोगों ने सड़क किनारे पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हुबहू देखा। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा नेता व पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर, विजय बैसला, रणवीर सिंह पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन, रमेश जिंदल, एडवोकेट अजीब सिंह समेत लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर जिले के सभी थानों के प्रभारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस जाप्ता बुलाया गया एवं टोंक व मालपुरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक स्तर के भी कई अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर कार्यकर्ताओं की भीड अपेक्षाकृत कम दिखाई दी। रोड शो के तय कार्यक्रम शाम 4 बजे तक देवली व आसपास के 150 से 200 कार्यकर्ता ही मौजूद थे। हालांकि मुख्यमंत्री के आने के बाद यह भीड बढ गई। फिर भी भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी गणों की अपेक्षा से कम ही भीड दिखाई दी। यहां रोड शो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने मौजूद भीड से कहा कि केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार जनता से किए हुए एक-एक वादा पूरा करेगी। यहां मुख्यमंत्री रोड शो कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही शहर के सैकडों नागरिकों और रोडवेज में सवार यात्रियों को परेशानी उठानी पडी।

■ 'डबल इंजन सरकार जनता से किए हुए एक-एक वादे पूरा करेगी'

### सीएम योगी की आमसभा आज

**दौसा, (निसं)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी दोसा लोकसभा के प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के पक्ष में रविवार को लालसोट उपखंड मुख्यालय स्थित अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में दोपहर करीब 12 बजे आम सभा का संबोधन करेंगे। इससे पहले सीएम योगी विधानसभा चुनाव में लालसोट विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामविलास मीणा के समर्थन में आमसभा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी के आमसभा संबोधन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा एवं लालसोट विधायक रामविलास मीणा सहित विभिन्न भाजपा के अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री योगी की होने वाली भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आम सभा को सफल बनाने के लिए तैयारी में लगे हुए है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेशन वर्ल्ड डिप्टी एसपी उदय सिंह मीणा थाना अधिकारी आवास सिंह यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# समाज सुधार एवं बालिका शिक्षा पर जोर देने पर चर्चा की

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी परिसर की श्री ब्रह्मा प्रजापति समाज धर्मशाला में शनिवार को प्रात: 11 बजे प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति की एक आमसभा होली स्नेह मिलन समारोह समिति के अध्यक्ष हुकमाराम दम्बीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा समाजोत्थान को लेकर विचार व्यक्त किये गये। वही समाज सुधार एवं बालिका शिक्षा पर जोर देने को लेकर भी चर्चा की गई। इसके अलावा सर्वसहमति से धर्मशाला में एक बडे हॉल का निर्माण करवाने पर सहमति बनी। वहीं समिति के नेतृत्व में गत बसंत पंचमी, 14 फरवरी को आयोजित हुए समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रत्येक जोडे को उनके विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपे गए। इसके बाद भामाशाहों के द्वारा घोषित की गई बकाया राशि एकत्रित की गई। साथ ही रसीद बुकें समिति ने जमा की गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष बाबूलाल प्रजापति द्वारा विवाह सम्मेलन के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद समिति नेतृत्व में समाज का होली स्नेह मिलन समारोह भी आयोजित किया। जहां समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर शुभकामनाएं दी। वहीं समाज के द्वारा आयोजित सम्मेलन की अगली कडी में गणेश विदाई के साथ ब्रह्मभोज किया गया।

कार्यक्रम में समिति के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया लाल मारवाल, सुभाष चन्द बगरानिया, मांगीलाल मारोठिया, मूलचन्द खटोड, बाबूलाल दम्बीवाल, रामेश्वर लाल, रामस्वरूप सिंगलवाल, रामनारायण, भंवर लाल भोभरिया, धन्ना लाल प्रजापति, भागीरथ मल, गोपाल लाल, सोहन लाल मारवाल, सोहन लाल, जगदीश प्रसाद, मोहन लाल, मदन लाल छापोला, नरसी लाल, बाबूलाल प्रजापति, पौन्ड्रिक प्रजापति सहित समस्त के अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रत्येक जोड़े को उनके विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपे।

# पीएमश्री स्कूल दूनी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**टोंक, (निसं)।** देवली उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी में शनिवार को सुबह पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार के निर्देशन में दूनी कस्बे के मुख्य बाजार में स्टाफ द्वारा गाते बजाते मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाल मतदान करने का आह्वान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के आदेशानुसार व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के तहत पीएम श्री राजकीय विद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यकर्म आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें रंगोली, नुक्कड नाटक, रैली, छात्रों द्वारा अभिभावकों को पत्र, मतदान शपथ आदि शामिल है। शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि मतदाता जागरूकता के चलते यहां स्टाफ द्वारा ढोल, मजीरे, डमरू, जांझर एवं डफली पर थाप देते हुए मुख्य बाजार में से रैली निकाली तो सब देखते ही रह गए। यहां उल्लेखनीय है कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है इसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाइए। इसीलिए इस प्रकार के आयोजन कर मतदाता को जागरूक किया जा सकता है। इस अवसर पर बीएलओ सुपरवाइजर राजेश कुम्हार, गिरधारी लाल शर्मा महावीर प्रसाद बडगूजर त्रिलोक चंद कलाल बीएलओ महेंद्र चौधरी, मुकेश गुर्जर, सोना मीणा मुकेश यादव, मधु सेन, रेखा मीणा सहित इंटर्नशिप छात्र उपस्थित रहे।




स्टाफ द्वारा गाते बजाते मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाल मतदान करने का आव्हान किया।

# डॉ. राजेश मालपानी अध्यक्ष एवं डॉ. राजीव सचिव बने

**टोंक, (निसं)।** आईएमए टोंक की नवचुनाव कार्यकार्यरीणी में डॉ. राजेश मालपानी को अध्यक्ष पद के लिए एवं डॉ. राजीव बंसल को सचिव पद के लिए चुना गया है।

डॉ. राजीव बंसल ने बताया कि आईएमए टोंक ब्रांच के द्विवार्षिक कार्यकारिणी चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुए। कार्यकारिणी 31 मार्च 2026 तक रहेगी। अध्यक्ष डॉ. राजेश मालपानी को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र विजय निवाई, डॉ. रवींद्र खींची उनियारा, मानद सचिव डॉ. राजीव बंसल, कोषाध्यक्ष डॉ. मनीष लोदी, महिला प्रमुख डॉ. गीता माहेश्वरी, महिला उप-प्रमुख डॉ. शालिनी को बनाया गया है। इसी प्रकार एग्जीक्यूटिव सदस्य डॉ. मुकेश, डॉ. मुकेश सामोता, डॉ.संदीप राजोतिया, डॉ. सुषमा अग्रवाल, डॉ. पंकज मंगल, सेंट्रल कौंसिल सदस्य डॉ. विजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. राजेश मालपानी को चुना गया है। इस अवसर पर एपेक्स हॉस्पिटल जयपुर से ओन्कोलोसिस्ट डॉ. पुलकित ने भी कैंसर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. गोपाल माहेश्वरी, डॉ. गीता माहेश्वरी, डॉ. शानू बंसल, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. सुभाष जैन, डॉ. रविन्द खिंची, डॉ. बी. एल. गुर्जर, डॉ. यशवंत नामा, डॉ. महावीर चौधरी, डॉ. के. के. विजय, डॉ. रामावतार गुप्ता, डॉ. अरूण लवासिया, डॉ. आनन्द विजय, डॉ. अभिषेक ओझा, डॉ. ममता एवं डॉ. योगेश विजय आदि मौजूद थे।



डॉ. राजेश मालपानी

# एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित नहीं रहे : कलेक्टर डॉ. सौम्या झा

**टोंक, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने शनिवार को कलेक्टर कक्ष में लोकसभा चुनाव की आवश्यक तैयारियों को लेकर चुनाव प्रकोष्ठ प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने घर से मतदान (होम वोटिंग) के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता श्रेणी के विशेष योग्यजन को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को समय पर उपलब्ध कराएं। मतदान दिवस पर वैब कास्टिंग के लिए चिन्हित पोलिंग बूथों पर तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने डीओआईटी के उपनिदेशक संदीप कुलश्रेष्ठ को कार्य से जुडे सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नोडल अधिकारी स्वीप प्रतिष्ठा पिलानिया को स्वीप गतिविधियों में जनसहभागिता को बढाने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि 12 वैकल्पिक दस्तावेजों का उचित प्रचार-प्रसार, महिला मतदान, वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण, मतदान दिवस पर स्वीप वॉर रूम की कार्य योजना एवं हैला टोली, वोटर गाइड व वोटर सूचना पर्ची का वितरण, मतदान की शपथ आदि पर विशेष जोर दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने मतदान दिवस पर पोलिंग पार्टी एवं पुलिस बल के मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से पहुंचाने के लिए वाहन व्यवस्था का आकलन सही प्रकार से करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी संपतराम वर्मा को निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश चौधरी, एडीएम बीसलपुर हरिताभ आदित्य, उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी, उपखंड अधिकारी पीपलू कपिल शर्मा, सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रमेश चंद जैन, कोषाधिकारी हरीश लालावत समेत अन्य प्रकोष्ठ प्रभारी मौजूद रहे।



जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने लोकसभा चुनाव की आवश्यक तैयारियों को लेकर चुनाव प्रकोष्ठ प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली।

## सार-समाचार

### गोठड़ा बालाजी का वार्षिक मेला नौ को



**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाखनपुर के गोठडा बालाजी का दो दिवसीय वार्षिक मेला मंगलवार से प्रारंभ होगा। श्रद्धालु सूरजमल वैष्णव ने बताया कि संत ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में रात्रि जागरण से मेले का शुभारंभ होगा इसके बाद प्रथम दिवस मंगलवार को बालाजी की फूल बंगला झांकी, महाआरती व ध्वज पूजन, नाल प्रतियोगिता, घुडदौड ऊंट दौड, मानव दौड जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिसमें 130 किलो की नाल उठाने वाले प्रतियोगी को 51सो का पुरस्कार दिया जाएगा। मेले में प्रमुख कलाकारों के द्वारा भजन संध्या भी आयोजित की जाएगी।

### रत्ना कुमारी ने भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की



**जयपुर, (निसं)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी शाहपुरा ने शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जगह जगह मातृशक्ति से मिल कर भाजपा में वोट डालने की अपील की ओर मोदी सरकार की उपलब्धियां के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया की पिछली सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए कोई कार्य नहीं करवाए, वो बताते है कि हम नंबर वन रहे है तो उनकी बात सही है। वह सरकार भ्रष्टाचार करने में नंबर वन रही है। महिला दुष्कर्म में नंबर वन रही, पेपर लीक में नंबर वन रही, आज हमारी सरकार पेपर लीक करने वालों को जेल में डाल रहे है। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उनके साथ सूरजभान सिंह, जगदीश स्वामी, रमेश मीणा, दिनेश चौहान, चौथमल जांगिड सहित दर्जनों लोग साथ रहे।

### यज्ञ में शिक्षकों-विद्यार्थियों ने आहुति दी

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की बालाजी बाईपास रोड स्थित शिवाजी नगर में संचालित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर में बसंत पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसके चलते कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा, व्यवस्थापक रामेश्वर लाल कुमावत द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद नव प्रवेशित विद्यार्थियों के कुमकुम का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवाते हुए अक्षर ज्ञान करवाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान हवन यज्ञ में विद्यार्थियों अध्यापकों व अभिभावकों द्वारा आहुति की। इसके साथ ही मां सरस्वती से विद्यार्जन की मंगल कामना की गई। वहीं विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप पाठ्य पुस्तक व बैग दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत ने बताया कि बसंत पंचमी को ज्ञान पंचमी भी कहते है। अत: ज्ञान का आरंभ भी इसी दिन से करना चाहिए। इसी दौरान अध्यनरत एवं नव प्रवेश विद्यार्थियों द्वारा मातृ पितृ दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के सदस्य बाबूलाल शर्मा, बाबूलाल बडीबाल, आचार्य गणेश लाल, बालमुकुन्द, मुकेश कुमार, आरती, मुन्नी देवी, किरण देवी, तारा देवी, सुगनी देवी, गजेन्द्र सहित अन्य कई अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### 12 वर्षीय अलफेज़ खान ने रखा रोजा

**मनोहरपुर, (निसं)।** हबीब खान मातवान का पोता और आबिद खान का 12 वर्षीय लडका अलफेज़ खान ने अपने जीवन का प्रथम रोजा रखकर खुदा को अपने सब्र का इम्तिहान दिया है। हबीब खान मातवान ने बताया कि अलफेज़ खान रोज सेहरी में उठकर रोजा रखने की ज़िद करता था जब उसको मना किया गया तो वो नहीं माना। इस पर उसको रोजा रखवाना पडा। दोपहर तक तो वो सामान्य रहा लेकिन उसको 2 बजे बाद में प्यास सताने लग गई। इस पर उसको बाजारों में घुमाया गया उसकी मन पसंद ड्रेस दिलवाई गई शाम को उसके नाना मेहबूब ख़ान मामा बबलू खान व नासिर खान ने उसको मालाएं पहनाई नए कपड़े दिलवाए। इस पर वो खुश हो गया अल्फेज के रोजे की खुशी में मोहल्ले में दावत दी गई रिश्तेदारों को बुलवाया गया। इस अवसर पर इकरामुद्दीन ख़ान गौरी, अब्दुल अजीज लोहानी, सरदार खान, पप्पू खान, फिरोज खान, रॉयल इंतज़ार खान, अज्जू खान, शफीक खान, सोहिल खान आदि ने अलफेज़ को इनामत से नवाजा।

# अमित शाह 13 को हरसोली में जनसभा को संबोधित करेंगे

■ भाजपा के स्थापना दिवस पर घर-घर झंडा लगाने का कार्यकर्ताओं से किया आव्हान

**किशनगढ़बास, (निसं)।** भाजपा के स्थापना दिवस पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने खैरथल और किशनगढबास में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए पार्टी का झंडा लगाने का आवाहन किया। वही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 13 अप्रैल को किशनगढबास विधानसभा क्षेत्र के हरसोली आगमन की जानकारी दी और तैयारियों को लेकर चर्चा की।

अनाज मंडी स्थित कार्यालय पर भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय, श्रीश्यामा प्रसाद मुखर्जी, संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने किशनगढबास व मोठूका मंडल के पदाधिकारियों की बैठक ली और सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से स्थापना दिवस पर अपने-अपने घर पर झंडा लगाने का आव्हान किया।

यादव ने कहा कि शहर गांव ढाणी में घर-घर कार्यकर्ता जाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को पहुंचाए। जिससे अधिक से अधिक लोग मतदान के दिन मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए पहुंचे। यादव ने भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के पक्ष में 13 तारीख को गृहमंत्री अमित शाह के किशनगढबास विधानसभा के हरसोली ग्राम में विशाल जनसभा की जानकारी दी। पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने किशनगढबास व मोठुका मंडल के कार्यकर्ताओं को विशाल जनसभा में क्षेत्र से लोगों को लेकर जाने का लक्ष्य दिया। इसी प्रकार पूर्व विधायक ने खैरथल चुनाव कार्यालय पर भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए घर-घर पार्टी का झंडा लगाने का आव्हान किया और हरसोली में गृहमंत्री अमित शाह के आगमन की तैयारी को लेकर चर्चा कर अधिक से अधिक लोगों को लेकर पहुंचने का लक्ष्य दिया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवारा, किशनगढबास मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वसिष्ठ, मोठुका अध्यक्ष बलविंदर सिंह, चेयरमैन सतीश सिंघल खैरथल नगर परिषद सभापति हरीश रोघा अध्यक्ष प्रमिल जसोरिया वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक डाटा सुभाष जांगिड टिल्लू शर्मा साहित भाजपा के मंडल महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष मौजूद रहे।



एक और दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी का सामना करना महत्वपूर्ण होगा और पराग्वे उन टीमों में से एक थी जिन्हें हमने इस तारीख के लिये चुना है।

- अगस्टिन लोजानो

एफपीएफ के अध्यक्ष, अपनी टीम के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — मयंक यादव



**मयंक यादव** ने पिछले लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता है। पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पदार्पण मैच मयंक ने 27 रन देकर तीन विकेट झटके थे और अपनी रफ्तार से विरोधी खेमे को दहला दिया था जबकि आईपीएल करियर के दूसरे मैच में मयंक ने आरसीबी के तीन बल्लेबाजों को मात्र 14 रन देकर निपटा दिया था। इस मुकाबले में उन्होने 151 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। मयंक के अलावा नवीन-उल-हक, यश ठाकुर, मोहसिन खान और स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी अपनी गेंदबाजी से विपक्षी टीम को प्रभावित किया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** उन्नीसवीं सदी तक बॉक्सिंग को हिंसक खेल माना जाता था और इस पेशेवर खेल से प्रतिबंध 1901 में हटा।

# आईपीएल में राजस्थान की लगातार चौथी जीत

## बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया



नई दिल्ली, 6 अप्रेल।इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स ने चौथी जीत दर्ज की है। टीम ने अब होम ग्राउंड जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। यह 17वें सीजन में चौथी हार है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में 20 ओवर में 3 विकेट 183 रन बनाए। 19.1 ओवर में 4 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया।

जोस बटलर ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने मैच का आखिरी ओवर डालने आए कैमरन ग्रीन की पहली बॉल पर छक्का जमाते हुए 58 बॉल पर शतक पूरा किया और टीम को जीत दिला दी। कप्तान संजू सैमसन ने 69 रन बनाए। बटलर-सैमसन के बीच 148 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप हुई। विराट कोहली ने सीजन की पहली सेंचुरी लगाई, उन्होंने 73 बॉल पर 113 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम स्कोर डिफेंड नहीं कर सकी। युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।



# आईपीएल के 'किंग' बने विराट कोहली

जयपुर, 6 अप्रेल। विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक खास मुकाम हासिल किया है। वह आईपीएल में 7500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। आईपीएल के इतिहास में ऐसा करने वाले कोहली एकमात्र बल्लेबाज हैं। खास बात यह है कि विराट कोहली ने यह पूरे रन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेलते हुए ही बनाए हैं।विराट कोहली राजस्थान के खिलाफ आईपीएल का अपना 242वां मैच खेल रहे हैं। उन्होंने साल 2008 में डेब्यू किया था और उसके बाद से लगातार आरसीबी के लिए ही खेल रहे हैं। विराट ने 2016 के सीजन में गजब की बल्लेबाजी की थी और इस दौरान कुल 973 रन बनाए थे। उस सीजन में कोहली ने 4 शतक और सात अर्धशतक लगाया था।

# हार्दिक पंड्या की हूटिंग से नाराज सौरव गांगुली



नई दिल्ली, 6 अप्रेल। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की हूटिंग करने वाले फैंस की निंदा की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि, इसमें खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है कि उन्हें उनके पसंदीदा रोहित शर्मा की जगह दी गयी है। जब से मुंबई इंडियंस ने घोषणा की है कि पंड्या पांच बार की चैम्पियन टीम की कप्तानी करेंगे तब से उन्हें प्रशंसकों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है।

अहमदाबाद में अपनी पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर अपने पहले मैच में उनकी हूटिंग की गयी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए जब वह हैदराबाद गये, तब भी यह सिलसिला जारी रहा। मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र का अपना पहला घरेलू मैच खेला तो भी 29 वर्षीय खिलाड़ी की हूटिंग की गयी।

गांगुली ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, "मुझे नहीं लगता कि उन्हें हार्दिक पंड्या की हूटिंग करनी चाहिए। यह सही नहीं है।" उन्होंने कहा, "यह सही नहीं है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान नियुक्त किया है। खेल में ऐसा ही होता है। आप भारत की कप्तानी करें या किसी राज्य की कप्तानी करें या आप अपनी फ्रेंचाइजी की कप्तानी करें, आपको कप्तान नियुक्त किया जाता है।"

दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक ने कहा, "उन्हें कप्तान नियुक्त किया गया है। निश्चित रूप से रोहित शर्मा को देखें तो वह अलग तरह का खिलाड़ी है। एक कप्तान और एक खिलाड़ी के तौर पर इस फ्रेंचाइजी के लिए उनका प्रदर्शन और भारत के लिए उनका प्रदर्शनएक अलग स्तर पर रहा है।" उन्होंने कहा, "लेकिन यह हार्दिक की गलती नहीं है कि उन्हें कप्तान नियुक्त किया गया है। हम सभी को यह समझने की जरूरत है।" मुंबई इंडियंस रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी।

## सदाउई की हैट्रिक से गोवा एफसी 4-0 से जीता

मडगांव, 6 अप्रेल। स्थानापन्न खिलाड़ी नोआ सदाउई की शानदार हैट्रिक की मदद से एफसी गोवा ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में शुक्रवार रात यहां फतोर्दा स्टेडियम में हैदराबाद एफसी को 4-0 से हरा दिया। मैच के दूसरे हाफ में सदाउई ने 12 मिनट के भीतर हैट्रिक बनाई। इस जीत के याथ एफसी गोवा स्टैंडिंग में 39 अंक पर पहुंच गया और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों ओडिशा एफसी और मोहन बागान सुपर जाइंट की बराबरी कर ली।

दिलचस्प बात यह है कि नोआ ने खेल की शुरुआत बेंच पर की, लेकिन पहले हाफ में गोल रहित प्रदर्शन के कारण मुख्य कोच मानोलो मार्केज़ को खेल के दूसरे चरण में उन्हे मैदान पर बुलाने के लिये मजबूर होना पड़ा। गोवा की तरफ से पहला गोल पूर्व-हैदराबाद एफसी के आक्रामक मिडफील्डर मोहम्मद यासिर का था। उन्होने दाहिनी ओर से हमला करते हुये सुदूर पोस्ट पर नूह के लिए एक शानदार डिलीवरी की और नेट के पीछे से शानदार फील्ड गोल किया। इसके सात मिनट बाद, नोआ ने एक स्ट्राइक के साथ एफसी गोवा की बढ़त को दोगुना कर दिया। मोरक्कन फारवर्ड ने हैदराबाद एफसी के सज्जाद पार्रे, एलेक्स साजी और मोहम्मद रफी की छकाते हुये गोल पूरा किया। खेल के 59वें मिनट में नोआ और यासिर की जोड़ी ने हाथ मिलाकर हैदराबाद एफसी बैकलाइन के लिए फिर से परेशानी खड़ी कर दी।

## भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय ने कजाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता



अस्ताना, 6 अप्रेल। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और थारुन मन्नेपल्ली ने शनिवार को उरालस्क में कजाखस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किये। अल्मोड़ा की 19 साल की अनुपमा ने पिछले महीने पोलिश अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में जीत हासिल की थी।

उन्होंने फाइनल में 41 मिनट में हमवतन इशारानी बरुआ पर 21-15 21-16 से जीत दर्ज कर लगातार दूसरा खिताब हासिल किया। बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और थारुन मन्नेपल्ली ने उरालस्क में कजाखस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किये।

अल्मोड़ा की 19 साल की अनुपमा ने पिछले महीने पोलिश अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में जीत हासिल की थी। उन्होंने फाइनल में 41 मिनट में हमवतन इशारानी बरुआ पर 21-15 21-16 से जीत दर्ज कर लगातार दूसरा खिताब हासिल किया।

## कोपा अमेरिका वॉर्मअप में पेरू, पैराग्वे का आमना-सामना होगा

लीमा, 6 अप्रेल। पेरू फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने कहा कि पेरू और पराग्वे जून की शुरुआत में संयुक्त राज्य अमेरिका में एक दोस्ताना मैच खेल कर इस साल के कोपा अमेरिका के लिए अपनी तैयारी को दिशा देंगे। एफपीएफ ने एक बयान में कहा कि यह मैच सात जून को लीमा में एक स्थान पर खेला जाएगा जिसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। एफपीएफ के अध्यक्ष अगस्टिन लोज़ानो ने कहा, एक और दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी का सामना करना महत्वपूर्ण होगा और पराग्वे उन टीमों में से एक थी जिन्हें हमने इस तारीख के लिये चुना है।

## यूएई ने पाक बल्लेबाज को किया प्रतिबंधित

दुबई, 6 अप्रेल। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से रिश्ता तोड़कर वापस पाकिस्तान आने वाले बल्लेबाज़ उस्मान ख़ान को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बैन का मतलब है कि 2029 तक वह यूएई में होने वाले ईसीबी के किसी भी इवेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ईसीबी ने बयान जारी कर कहा कि बोर्ड के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के ख़िलाफ़ जाने के कारण उस्मान पर यह बैन लगाया गया है। बोर्ड ने आरोप लगाया है कि उस्मान ने उनसे अपने इरादे गलत तरीक़े से जाहिर किए थे। उन्होने कहा उस्मान ने ईसीबी को यूएई के लिए खेलने के बारे में गलतफ़हमी में रखा और बोर्ड द्वारा दिए गए साधनों का इस्तेमाल करते हुए अपने लिए नए मौक़े तलाशे। अब साफ़ हो चुका है कि वह यूएई के लिए नहीं खेलना चाहते हैं और उन्हें पात्रता के लिए जो चीज़ें पूरी करनी थी वह भी नहीं करने वाले हैं। उस्मान ख़ान के चलते पीएसएल में सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड 24 घंटों के अंदर बदल गया। उस्मान के ख़िलाफ़ जो एक्शन लिया गया है इसकी उम्मीद पहले से ही थी, लेकिन जितना कड़ा फ़ैसला लिया गया है और बोर्ड का रवैया जैसा है उससे पता चलता है कि बोर्ड को कितना बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान के लिए खेलने का सपना छोड़ चुके उस्मान यूएई की टीम का हिस्सा बनने के योग्य होने के रास्ते पर ही थे। उन्होंने यूएई के घरेलू खिलाड़ी के तौर पर आईएलटी20 और अबु धाबी टी10 में हिस्सा लिया था। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में भी विदेशी खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम की पहले टेस्ट मैच में हार



पर्थ, 6 अप्रेल। शनिवार को पर्थ में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। दरअसल पहले मैच में भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही थी कि वह ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को कड़ी चुनौती देगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भारतीय टीम को 1-5 से करारी हार का सामना करना पड़ा।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने खेल शुरू होने से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में कुछ अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टॉम विकम (20वें, 38वें मिनट) ने दो गोल, जबकि टिम ब्रांड (तीसरे), जोएल रिंटाला (37वें) और फ्लिन ओगिलवी (57वें) ने एक-एक गोल किया। भारत के लिए एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने 47वें मिनट में किया।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने खेल शुरू होते ही अपने इरादे जतला दिए थे और उसने तीसरे मिनट में ही पहला गोल कर दिया। ब्रांड को लंबा पास मिला और उन्होंने भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाकर गोल दाग दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद भी भारतीय रक्षा पंक्ति को दबाव में रखा। उसने आठवें मिनट में पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन इस बार श्रीजेश ने अच्छा बचाव किया।

ऑस्ट्रेलिया को इसके एक मिनट बाद दूसरा पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन इस बार भी श्रीजेश ने रिंटाला के शॉट को रोक दिया। भारतीय रक्षापंक्ति की गलती के कारण ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में अपनी बढ़त 2-0 कर दी और मध्यांतर तक इसे बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे हाफ में भी अपना आक्रामक रवैया जारी रखा। तीसरे क्वार्टर के सातवें मिनट में रिंटाला ने काइ विलोट के रिवर्स हिट को डिफलेक्ट करके गोल किया। विकम ने इसके तुरंत बाद दाएं कॉर्नर से करारा शॉट लगाकर अपना दूसरा और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चौथा गोल किया।

# सुमित नागल ने कोबोली को हराया



नई दिल्ली, 6 अप्रेल। सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को यहां क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की।

भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को यहां क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। अकोस्टा 55वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हैं जिन्हें तीसरी वरीयता मिली है जबकि श्वार्टजमैन 124वीं रैंकिंग पर है और वाइल्ड कार्ड धारी हैं।

## पाक महिला क्रिकेट टीम की कप्तान कार हादसे में चोटिल

कराची, 6 अप्रेल। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ और लेग स्पिनर गुलाम फातिमा शुक्रवार को यहां एक कार हादसे में मामूली रुप से चुटहिल हो गयीं है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार कार दुर्घटना में उन्हें मामूली चोटें लगी हैं। दोनों खिलाड़ी वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने श्रृखंला से पहले कराची में एक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं। हालांकि चोटों के विवरण और गंभीरता का खुलासा नहीं किया गया है।

पीसीबी ने कहा, दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं। पाकिस्तान इस साल बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत तीन मैचों की आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी कर रहा है, जिसके बाद पांच टी20 मैच होंगे। इस घटना ने मारूफ और फातिमा की श्रृंखला में भागीदारी के बारे में चिंता पैदा कर दी है। पाकिस्तान की महिला संभावित टीम इस प्रकार है: आलिया रियाज, आयशा जफर, बिस्माह मारूफ, डायना बेग, फातिमा सना, गुलाम फातिमा, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन , सिदरा नवाज (विकेटकीपर), तुबा हसन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

# विदित गुजराती ने नाकामुरा को दी मात



नई दिल्ली, 6 अप्रेल। विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। भारतीय ग्रेडमास्टर विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने अजरबेजान के निजात अबासोव को मात दी और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की झोंग्यी टैन से हार मिली जबकि रूस की एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को पराजित किया। कोनेरू हम्पी ने रूस की कैटरीना लैग्नो से बाजी ड्रा करायी और नुरग्यूल सालिमोवा ने चीन की टिन्जी लेई से अंक बांटे। गुजराती के साथ कारूआना, नेपोमनियाच्ची और गुकेश 1.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हैं जबकि नाकामुरा, प्रज्ञानानंदा, अबासोव और अलीरेजा आधे अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। महिलाओं में टैन लगातार दूसरी जीत के साथ एकल बढ़त बनाये हैं जबकि गोरयाचकिना उनसे आधा अंक पीछे हैं।

# आईपीएल की सनसनी मयंक पर रहेगी हर नजर

लखनऊ, 6 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में पिछले दो मुकाबलों में सनसनाती गेंदों से कहर बरपाने वाले मयंक यादव पर रविवार को यहां खेले जाने वाले मैच में उनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) फिर से जिताऊ गेंदबाजी की उम्मीद करेगी वहीं अब तक खेले गये मुकाबलों में 50-50 की परफारमेंस देने वाले गुजरात टाईटंस (जीटी) के बल्लेबाज भी मयंक से पार पाने की रणनीति बना कर मैदान पर उतरेंगे।

टाटा आईपीएल का पहला मैच राजस्थान से हारने के बाद एलएसजी ने पिछले दो मैचों में जबरदस्त जीत हासिल कर शानदार वापसी की है और टीम को अपने घरेलू मैदान पर जीत की हैट्रिक बनाने का कल शानदार मौका होगा। मयंक यादव के अंतिम एकादश में आने के बाद एलएसजी को तेज गेंदबाजी में धार मिली है वहीं निकोलस पूरन और क्विंटन डिकॉक की शानदार फार्म किसी भी विरोधी टीम को चिंता में डालने वाली है। मयंक यादव ने पिछले लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता है। पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पदार्पण मैच मयंक ने 27 रन देकर तीन विकेट झटके थे और अपनी रफ्तार से विरोधी खेमे को दहला दिया था जबकि आईपीएल करियर के दूसरे मैच में मयंक ने आरसीबी के तीन बल्लेबाजों को मात्र 14 रन देकर निपटा दिया था। इस मुकाबले में उन्होने 151 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी।

मयंक के अलावा नवीन-उल-हक, यश ठाकुर, मोहसिन खान और स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी अपनी गेंदबाजी से विपक्षी टीम को प्रभावित किया है। बल्लेबाजी की बात करें तो एलएसजी क्विंटन डी कॉक शुरुआत करने में अपने तक सफल रहे हैं वहीं बीच के ओवरों में निकोलस पूरन ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हैं। हालांकि कप्तान केएल राहुल आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपेक्षा अनुरुप प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। दूसरी ओर गुजरात के स्टार स्पिनर राशिद खान का जादू अब तक नहीं चला है मगर कप्तान उनसे बड़े प्रदर्शन की उम्मीद लगाये हुये है। देवदत्त पडिक्कल और मार्कस स्टोइनिस की शानदार फार्म से एलएसजी को सावधान रहना होगा। गत विजेता गुजरात का प्रदर्शन मौजूदा सत्र में अब तक औसत रहा है। गुजरात अब तक खेले गये चार मैचों में दो मे ही जीत हासिल कर चुकी है। हार्दिक पांड्या के मुबंई इंडियंस में शामिल होने के बाद नये कप्तान शुभमन गिल अब तक अपनी छाप छोड़ने में अधिक सफल नही रहे है।

बल्लेबाजी में भी उनका प्रदर्शन औसत रहा है। अंकतालिका में सातवें स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस का प्रयास लखनऊ को उसके घर में हरा कर मनोवैज्ञानिक बढत हासिल करना होगा। टीम के पास इन फार्म बल्लेबाज साई सुदर्शन के अलावा रिद्धिमान साहा और विजय शंकर जैसे खिलाड़ी है जो गेंद और बल्ले दोनो को मदद देने वाली इकाना पिच पर गुल खिला सकते हैं वहीं अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान और नूर अहमद के पास अपने गेंदबाजी हुनर को निखारने का यह भरपूर मौका होगा।

टीमे इस प्रकार हैं: गुजरात टाइटंस: शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव , राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। लखनऊ सुपर जाइंट्स: केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी और मोहम्मद अरशद खान।




भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश मुख्यालय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसंघ के सफर से विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल बनने तक के सफर पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और अवलोकन किया।

# मु.मंत्री भजनलाल ने भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

## भाजपा मुख्यालय पर आयोजित प्रदर्शनी में भाजपा के जन संघ से लेकर विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनने तक के सफर को दर्शाया गया है

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने दीप जलाकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, आज़ादी के बाद महात्मा गांधी ने कहा था, कांग्रेस का कोई ''परपज़'' नहीं है इसे खत्म कर देना चाहिए।**
- **भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ध्वजारोहण किया। वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में भाजपा के गठन की यादें ताजा की।**

जयपुर, 6 अप्रैल (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में भाजपा की जनसंघ से हुई शुरुआत से लेकर विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल बनने तक के सफर को दर्शाया गया। इस अवसर भाजपा की प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने ध्वजारोहण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि, अब कांग्रेस का कोई परपज़ नहीं है इसे खत्म कर देना चाहिए। अंतरिम सरकार बनने के बाद देश में दो विचारधाराएं बनीं, एक विचारधारा वह थी जो निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र और भारत माता की सेवा के लिए समर्पित थे। दूसरी विचारधारा में कुछ स्वार्थी लोग थे, जिन्होंने सदैव अपने हितों को देश से आगे रखा। 21 अक्टूबर 1951 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल जैसे राष्ट्रवादी लोगों ने जनसंघ की नींव रखी और एक ध्येय के साथ आगे बढ़े। कश्मीर को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विज़न स्पष्ट था, उन्होंने कहा था कि, इस देश में दो विधान, दो प्रधान नहीं चल सकते। उन्हीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा पर चलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर अपने संकल्प को पूरा किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को आव्हान करते हुए कहा कि, आप लोग याद कीजिए, 1975 का आपातकाल, जब पत्रकारों, युवाओं और कार्यकर्ताओं को जेल में डालने का काम किया गया था। उस दौर में कांग्रेस के अत्याचारों से हर वर्ग दुखी था, केवल एक ही परिवार की राजनीति करने वाले लोगों ने राष्ट्र के मूल्यों पर कुठाराघात किया। ऐसे में देश के भीतर 06 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई, और यह वो राजनैतिक दल है जिसका कार्यकर्ता साल के 365 दिन, महीने के 30 दिन और 24 घंटे काम करता है। इन सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के बूते ही भाजपा आज देश और विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि 21वीं सदी भारत की सदी है। हमने उस नरेन्द्र से लेकर नरेन्द्र मोदी तक का सफर तय किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, 06 अप्रैल 1980 को भाजपा के गठन का मैं साक्षी रहा हूं जब दिल्ली के फिरोज़शाह कोटला मैदान में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ था।

भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल द्वारा शुरू किया गया सफर आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी तक पहुंच गया है।

कार्यक्रम में मंच संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने किया। इस दौरान मंच पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया और विधायक गोपाल शर्मा मौजूद थे।

## बाड़मेर-जैसलमेर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फोटो का उपयोग कर भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के स्थान पर स्वंय (रविन्द्र सिंह भाटी) को वोट देने का अनुरोध किया गया है। रविन्द्र सिंह भाटी ने इस आपत्तिजनक पोस्टर में ''मैं हूं मोदी का परिवार'' अंकित किया है, जबकि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय ही रविन्द्र सिंह भाटी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया था।

# पुष्कर में मोदी के भाषण में शब्दों का चयन उनके आत्मविश्वास का प्रतीक है या कुण्ठा का?

## पुष्कर में मोदी ने कहा, कांग्रेस के घोषणा पत्र का हर पन्ना मुस्लिम लीग के सोच व मनस्थिति का प्रतिबिम्ब है, जो आजादी के पूर्व मुस्लिम लीग का था

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **मोदी ने कहा, ''कांग्रेस उस समय, विभाजन व आज़ादी से पूर्व, जो मुस्लिम लीग का सोच था उसे अब आज़ाद देश पर लादना चाहती है।''**
- **मोदी के अनुसार, इसके बाद जो स्थान घोषणा पत्र में बचा है, वह साम्यवादियों व वामपंथी विचारधारा से प्रेरित है।**
- **इसी लय में प्र.मंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी ने अब सोच, चिंतन सब कुछ आऊटसोर्स कर दिया है। क्या पार्टी कभी भी ऐसा कुछ करेगी, जो देश के हित में है।**
- **परन्तु, प्र.मंत्री के विरोधियों व आलोचकों का मानना है कि, मोदी के शब्दों का चयन उनकी असुरक्षा की भावना से प्रेरित था, इस भावना के कारण वे आक्रामक शैली अपनाते हैं, अतः उनका सोच अन्ततोगत्वा हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण पर आकर ही टिकता है।**

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। किसी मनुष्य, खासतौर पर किसी राजनेता द्वारा चयनित शब्द उसके चरित्र व आत्मविश्वास को परिलक्षित करते हैं। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सावधानीपूर्वक चयन किए गए शब्द क्या उनके आत्मविश्वास को दर्शाते हैं अथवा निराशा को?

उपरोक्त जिज्ञासा का एक निर्णायक उत्तर देना किसी भी तरीके से कोई आसान काम नहीं हैं, लेकिन देश की कार्यपालिका के सर्वोच्च पद पर बैठे मोदी द्वारा चयनित शब्दों व उनका आशय राष्ट्रदूत के पाठकों को इस संदर्भ में अपने-अपने निर्णय पर पहुँचने में मदद करता है। कांग्रेस पर भारी प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उसका चुनाव घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है और उसका प्रत्येक पृष्ठ भारत के टुकड़े करने की बू आती है।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान के अजमेर में शनिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए अपने प्रिय हिन्दू-मुस्लिम विशेषण का प्रयोग किया। उधर कांग्रेस भी निकवर्ती जयपुर में अपने चुनाव घोषणा पत्र को एक कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से जारी कर रही थी। मोदी ने कहा कि चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस की सोच स्वतंत्रता के पहले की मुस्लिम लीग की सोच से मेल खाती है।

मोदी ने आर.एस.एस. विचारधारा की पुस्तकों, जिनमें मुस्लिमों और वामपंथियों को हिन्दुओं का दुश्मन बताया गया है, से सबक लेते हुए कहा कि ''कांग्रेस आज के भारत में तत्कालीन मुस्लिम लीग की अवधारणा को थोपना चाहती है और घोषणा पत्र में जो बचा खुचा हिस्सा था उस पर वामपंथी हावी हो गए हैं।

यह दावा करते हुए कि आज कांग्रेस के पास न नीतियां बची हैं, न सिद्धान्त। ऐसा लगता है कांग्रेस सब कुछ ठेके पर दे चुकी है। उसने सब कुछ आउटसोर्स कर दिया है। फिर उन्होंने यह पूछा कि ऐसी पार्टी क्या ऐसा कोई काम कर सकती है जो देश हित में हों। इस पर जनता ने जोर से ''ना'' कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ''यदि आप कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को देखें तो यह स्पष्ट है कि वह भारत को पिछली शताब्दी में धकेलना चाहती है। कांग्रेस ने ''नारी शक्ति'' की परवाह कभी नहीं की। स्वतंत्रता के बाद कई पीढ़ियों तक महिलाएँ परेशान रही हैं। क्या ऐसी कांग्रेस को दण्ड नहीं दिया जाना चाहिए? आगामी 19 अप्रेल को अपने वोट का इस्तेमाल कर कांग्रेस को दण्डित करें। प्रधानमंत्री इस दौरान सहज रूप से यह भूल गए कि कोई महिला अब तक भाजपा की अध्यक्ष नहीं बनी है।

एल.पी.जी. सिलैण्डर, नल के पानी, गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण और शौचालय निर्माण जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ना केवल महिलाओं की बल्कि उन बच्चों की भी परवाह करती है, जिनका अभी जन्म होना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ''मेरी बहादुर बेटियां सेना की नौकरी नहीं कर सकती थी। मोदी ने उनके लिए इसके दरवाजे खाले दिए। मैंने सैनिक स्कूल्स के दरवाजे खोले। हमने महिलाओं के लिए छह माह का मातृत्व अवकाश सुनिश्चित किया और विधानमण्डलों में हमारी माताओं और पुत्रियों के आरक्षण के लिए कानून पास किया। मुझे इस बात का गर्व है कि हमारे ग्रामों की महिलाएँ, जो साइकिल तक नहीं चला सकती थीं, आज ड्रोन्स उड़ा रही हैं और इसरो के प्रोजैक्ट्स का भी संचालन कर रही हैं।''

उन्होंने आगे कहा कि ''आप सोचेंगे कि बहुत कुछ कर लिया गया है, लेकिन मैं आपको मेरे मन की बात बताऊं। यह सब कुछ तो मात्र एक ट्रेलर है। हम हमारे देश को और भी आगे ले जाएंगे। हमें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाना है।''

अजमेर और देश के अन्य भागों में हुई रैलियों में मोदी के संबोधन में किया गया शब्दों का चयन किसी भी अर्थों में एक विश्वस्त नेता का आत्मविश्वास नहीं प्रदर्शित करता। वह आर.एस.एस. की परम्परागत विषय वस्तु पर लौट आए हैं और प्रत्येक मुद्दे का आकलन हिन्दू-मुस्लिम दृष्टिकोण से करते हैं।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर पलटवार करते हुए कहा कि वह इतिहास नहीं जानते और ध्यान दिलाया कि जन संघ के संस्थापक एवं भाजपा के सिद्धान्तकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1940 के दशक की शुरुआत में मुस्लिम लीग के साथ बंगाल की गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।

## राज्यसभा चुनाव नतीजों...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में महाजन विजयी रहे थे। हिमाचल में सिंघवी के राज्यसभा चुनाव हारने के कई हफ्तों बाद इस मामले में याचिका दायर की गई है। पर्चियाँ निकालने की प्रक्रिया में प्रत्याशी का चुनाव संयोग पर आधारित होता है और राज्यसभा और लोकसभा चुनाव के नतीजे ड्रा रहने पर निर्णय करने के तरीके में इस सूक्ष्म अंतर को चुनाव आयोग के एक पूर्व अधिकारी ने समझाते हुए बताया कि, राज्यसभा चुनावों में जिस प्रत्याशी की पर्ची निकलती है वह चुनाव हार जाता है जबकि लोकसभा चुनाव में जिसकी पर्ची निकलती है वह जीत जाता है।

सिंघवी ने याचिका दायर करने के बाद शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि ''विधि अथवा नियमों में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके तहत यह व्याख्या करने के लिए बाध्य होना पड़े कि पर्चियों में जिसका ड्रा निकला है, वह हारा हुआ प्रत्याशी है।'' हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के 40 विधायक हैं और उसे तीन निदर्लीयों का भी समर्थन प्राप्त है, लेकिन दोनों प्रत्याशियों को 34-34 वोट मिले, क्योंकि कांग्रेस के छह बागियों और तीन निर्दलीयों ने भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को वोट दिया था।

राज्यसभा चुनाव में हुई हार के बाद हिमाचल में कांग्रेस के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया था। चुनाव संचालन नियमों में लोकसभा और राज्यसभा दोनों के चुनावों के लिए पर्चियाँ निकालने का प्रावधान है।

# सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ी

नयी दिल्ली, 06 अप्रेल। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें राउज़ एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को सबसे पहले 26 फरवरी 2023 को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इन्कार कर दिया था। शीर्ष अदालत द्वारा जमानत से इन्कार के खिलाफ दायर सिसोदिया की समीक्षा याचिका भी खारिज कर दी गई थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी खारिज हो चुकी हैं।

आप नेता संजय सिंह (जमानत पर बाहर) भी सिसोदिया के मामले की कार्यवाही के दौरान अदालत में पेश हुए। भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) प्रमुख के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता के वकील ने भी उनके मामले का उल्लेख किया। वकील नितेश राणा ने कल के आदेश का उल्लेख किया, जिसमें सी.बी.आई. को के. कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने मनीष सिसोदिया की ओर से दायर दूसरी जमानत याचिका पर भी सुनवाई की। ई.डी. की ओर से पेश विशेष वकील जोहेब हुसैन ने बताया कि, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर पहले ही ई.डी. मामले में दलीलें दे चुके हैं।

# लालू यादव के खिलाफ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिए नई चुनौती पेश कर दी है।

आज जारी कोर्ट का आदेश चार्जशीट पर आधारित है इसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के महोबा स्थित एक फर्म के कारोबारी जिसका नाम राजकुमार शर्मा था, उसने वर्ष 1995 से 1997 के बीच में ग्वालियर की तीन फर्मों से हथियार व कारतूत खरीदे थे। इनको उस समय बिहार में बेचा गया था।

लालू प्रसाद यादव भी उन लोगों में से एक थे जिन्होंने इन हथियारों को बिहार में खरीदा था। पुलिस का यह विश्वास है यह वही लालू प्रसाद है जो बिहार के मुख्यमंत्री थे। यही वह कारण है जिसकी वजह से एम.पी.-एम.एल.ए. कोर्ट ने इस केस की सुनवाई की थी। पुलिस ने इस मामले में आरोप पत्र जुलाई 1998 में कोर्ट में दाखिल कर दिया था।

एक मजेदार तथ्य यह है कि अप्रैल 1998 के पूर्ववर्ती पंचनामा में लालू प्रसाद यादव के पिता का नाम कुंद्रिका सिंह दर्ज किया था। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के पिता का वास्तविक नाम कुंदन राय है। भगोड़े दोषियों के नामों की सूची, जिसे कोर्ट में पेश किया गया है, उसमें लालू प्रसाद यादव के पिता के नाम का उल्लेख नहीं है।

इस वाद में शामिल अन्य आरोपियों के नामों के साथ उनके पिता के नामों और उनके शहरों का भी उल्लेख किया गया है।

यह केस महोबा में शर्मा आर्म्स स्टोर के राजकुमार शर्मा द्वारा फर्जी फॉर्म नं. 16 का प्रयोग करके हथियार क्रय करने से संबंधित मामला है।

धोखाधड़ी करके जो ये हथियार खरीदे गये थे इनमें 315 बोर की 16 राइफल्स, 12 बोर की दुनाली 20 राइफल्स और एनपी बोर राइफल 20140 कारतूस थे। यह धोखाधड़ी की घटना 23 अगस्त 1995 से 15 मई 1997 के दौरान हुई थी। बिहार में जिन 23 व्यक्तियों ने इन हथियारों की अवैध रूप से खरीद की थी उनमें पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भी शामिल थे। इस समय, जो यह केस चल रहा है वह छः अलग-अलग व्यक्तियों के खिलाफ जबकि इनमें से 2 आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है और शेष 15 भगोड़े हैं।

## मध्य प्रदेश व...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गोवा में उत्तर गोवा लोक सभा सीट के लिए रमाकांत क्लब तथा दक्षिण गोवा लोकसभा सीट के लिए कैप्टन विरियाटो फर्नांडीस को टिकट दिया गया है। मध्य प्रदेश में मुरैना से सत्यपाल सिंह शिकारवार (नीतू), ग्वालियर से प्रवीण पाठक, खंडवा से नरेंद्र पटेल, दादर नगर हवेली (अजजा) से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया गया है।

## केरल बम विस्फोट में तीन माकपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

कन्नूर, 06 अप्रेल। केरल में कुथुपरम्बा के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) केवी वेणुगोपाल के नेतृत्व में विशेष जांच दल ने पन्नूर बम विस्फोट मामले की जांच कर रही है, जिसने शनिवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के तीन और कार्यकताओं को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को देशी बम बनाते समय हुए विस्फोट में माकपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार माकपा कार्यकर्ता शिबिन लाल के साथ सबूत जुटाने के तहत सुबह पन्नूर के पास मुलियाथोड के आसपास के इलाकों में छापेमारी की और दुर्घटना स्थल के पास मुलियाथोड से सात और स्टील बम बरामद किए। पुलिस ने कहा, जिन तीन माकपा कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है उनमें, चेंदयाद का अरुण, कुन्नोथुपरम्बा का अथुल और चेरुपराम्बा का शिबिन लाल शामिल है।

# 'ब्रह्माजी विश्व के निर्माता हैं और...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा, अजमेर के भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी व नागौर की प्रत्याशी ज्योति मिर्धा भी तथा क्षेत्रीय विधायक व नेता भी मौजूद थे।**

सभा में शिरकत करने आईं महिलाओं को मोदी ने धन्यवाद दिया। फिर मोदी ने ''4 जून 400 पार'' के नारे लगवाए और पिछली सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि, हमारे देश में जोड़-तोड़ वाली सरकार चल रही थी, कांग्रेस के समय में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा इनका जीना मुश्किल कर दिया था। देश में जागरूक लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकार दी।

प्रधानमंत्री ने उपस्थितजनों से कहा कि, 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को कमल का बटन दबा कर कांग्रेस को सजा देने का समय आ गया है। अभी तक हमने जो कुछ किया है वह तो ट्रेलर है, देश को बहुत आगे ले जाना है। हमें 2047 तक भारत को विकसित देश और आत्मनिर्भर देश भी बनाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, मोदी एक सामान्य परिवार से उठ कर यहां तक आया है। मोदी भी आपकी तरह गर्मी में झंडा लगाया करता था कुर्सियां लगाया करता था। देश के बड़े-बड़े नामदार इस काम दार को गाली देते हैं। देश के आम लोगों को लूटने को यह लोग अपना खानदानी काम समझते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, 10 साल में हमने 30 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा गरीबों के खाते में सीधे भेजे हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब जो भी पैसा सरकार द्वारा भेजा जाता था, वो बीच में ही लूट लिया जाता था। कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने कहा था कि, दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं तो गरीबों तक 15 पैसा ही पहुंचता है, तो वो कौन सा पंजा है जो बीच में से रुपया मार लेता है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, कांग्रेस ने 10 करोड़ से ज्यादा ऐसे फर्जी लाभार्थी बना रखे थे, जो पैदा नहीं हुए, इन फर्जी लाभार्थियों के नाम पर आपके हक का पैसा सीधे जा रहा था, मैंने जांच एजेंसियों को खुली छूट दी है। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 300 करोड़ से ज्यादा नकद मिला है। आप कल्पना कर सकते हैं 300 करोड़ नकद, इसे गिनते-गिनते मशीन थक जा रही थी। कांग्रेस का घमंडिया गठबंधन मोदी से परेशान है, इसलिए मोदी को गाली देता है, लेकिन कांग्रेस के लोग समझ लें, आप जितना कीचड़ उछालोगे उतना ही कमल खिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, अजमेर में भागीरथ चौधरी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है, नागौर में मेरी छोटी बहन ज्योति मिर्धा को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है, दोनों के लिए वोट मोदी के लिए वोट समझना।

अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा कि, मेरा एक काम करोगे। आप घर-घर जाकर मेरा ये काम करोगे या नहीं। लोगों के हां कहने पर मोदी ने कहा, आप घर-घर जाकर सबको कहना मोदी ने प्रणाम भेजा है।

पुष्कर की इस सभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्य मंत्री दीया कुमारी और प्रेमचन्द बैरवा, भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी, ज्योति मिर्धा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लाम्बा, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, पुष्कर पालिका अध्यक्ष कमठ पाठक, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, कन्हैया लाल चौधरी व अल्का गुर्जर सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अग्निवीर योजना से मोदी ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जबकि बीते दिन चूरू में प्रधानमंत्री मोदी सेना के जवानों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे। प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार ने आम जन को बेहतर इलाज देने के मकसद से चिरंजीवी योजना शुरू की थी, जिसमें 25 लाख का इलाज मिल रहा था, लेकिन सरकार बदलते ही बीजेपी ने यह योजना भी बंद कर दी।

सचिन पायलट न सोनिया गांधी, खड़गे और प्रियंका गांधी का जयपुर आने पर अपनी तरफ से और जनता की तरफ से अभिनंदन किया और कहा, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमारे घोषणा पत्र, जिसको कल हम लोगों ने दिल्ली में मुख्यालय पर औपचारिक रूप से जनता को प्रस्तुत किया था, को आज जयपुर के माध्यम से पूरे देश भर में जनता तक पहुंचाने के इरादे से आप यहां आए हैं। पायलट ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि चुनाव एक व्यक्ति नहीं लड़ रहा। यह चुनाव एक दल नहीं लड़ रहा। यह चुनाव दो विचारधाराओं का है और 10 साल से देश में जो वातावरण बना है, केंद्र की सरकार ने हमारी संवैधानिक संस्थाओं को नीतिगत तरीके से कमजोर किया है।

पायलट बोले कि मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी और खड़गे जी ने पहली बार एक घोषणा की है कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो हम किसानों को एमएसपी की लीगल गारंटी देंगे। इससे किसानों को एक कानूनी अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा, ''हमारा जो घोषणा पत्र है, उसमे महिला, नौजवान, श्रमिक हर वर्ग को साधने की कोशिश हुई। यह चुनाव देश के लिए निर्णायक चुनाव है। मैं आप सब लोगों से आ ान करना चाहता हूं कि कांग्रेस कार्यकर्ता के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हमारी सोच, हमारी विचारधारा, हमारा घोषणा पत्र जन जन तक पहुंचे।

पायलट ने जीत का मंत्र देते हुए कहा, ''चुनाव बूथ पर नहीं लड़ेंगे तो कामयाब नहीं होंगे। विधानसभा चुनाव में थोड़ी कमी रह गई ,हम सरकार नहीं बना पाए, लेकिन दोबारा हम लोगों को मौका मिला है। राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस जीतेगी तो पूरे देश में संदेश जाएगा।'' पायलट ने कहा कि 2004 में भाजपा ने घमंड और अहंकार में प्रचार किया था। इंडिया शाइनिंग का नारा दिया। 20 साल बाद वही होगा, जब सोनिया जी के नेतृत्व में 2004 में कांग्रेस की सरकार बनी थी, 2024 में भी पलटवार होगा।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ यही कह रहे हैं कि कांग्रेस ने पिछले 70 सालों में क्या किया?, जबकि हम कह रहे हैं कि पिछले 70 साल में कांग्रेस ने जो भी काम किया है, हम उसका हिसाब देने को तैयार हैं। पर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 सालों में सिर्फ गांधी परिवार को गाली देने का काम किया है। खड़गे ने कहा कि मोदी ने खुद को भाजपा से बड़ा बना लिया है और जहां भी जाते हैं सिर्फ़ मोदी की गारंटी की बात करते हैं, जबकि गारंटी शब्द कांग्रेस का था और भाजपा ने इसे चुरा लिया है।

राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी सभा को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिन शेखावाटी आए थे और शेखावाटी इलाका किसानों और शहीदों का है। ऐसे में मोदी ने युवाओं को रोजगार देने की बात कही, लेकिन किसानों को एम.एस.पी. देने की कोई घोषणा नहीं की है। डोटासरा ने कहा कि राजधानी जयपुर में पुलिस के एक अधिकारी के बेटे ने दिन दहाड़े हत्या कर दी, लेकिन उस पर मामला दर्ज नहीं हुआ। ऐसे में इस बार मोदी सरकार का मोरिया बोलेगा।

## प्र.मंत्री मोदी आज बिहार व पश्चिम बंगाल के दौरे पर

नयी दिल्ली, 06 अप्रेल। आम चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार और पश्चिम बंगाल में चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे।

भाजपा द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार, मोदी रविवार को दोहपर 12 बजे बिहार में नवादा में जनसभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी में पार्टी द्वारा 3.15 बजे आयोजित दूसरी चुनाव सभा में भाग लेंगे। नवादा और जलपाईगुड़ी सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। नवादा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर कुल आठ प्रत्याशी हैं। अनुमान है कि भाजपा का मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी.) के सरवन कुशवाहा से होगा। इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने रंजीत कुमार को उतारा है।

# महाराष्ट्र में बारामती सीट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से राष्ट्रीय स्तर पर शिफ्ट हो जाती है।''

भाजपा के द्वारा अपनी कहानी को बदलने का एक कारण यह है कि पार्टी शरद पवार के पक्ष में बन रही सहानुभूति की लहर को नकारना चाहती है जो कि अपने दशकों पुराने राजनीतिक कैरियर के दौरान पहली बार चुनावों में एक बड़ी चुनौती के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। बुजुर्ग पवार 82 साल की उम्र में अपने संगठन को दुबारा खड़े करने की मुश्किलों से जूझ रहे हैं और उनकी बेटी सुले भी चुनावों में विजय सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं और वो एक बार फिर से मैदान में उतर गए हैं।

अजित पवार के लिए भी बारामती सीट से चुनाव जीतना काफी महत्वपूर्ण है ताकि वो महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी पकड़ फिर से मजबूत कर सकें। चुनावी तौर पर अजित पवार की नेतृत्वशीलता का अभी परिक्षण होना शेष है। बारामती पवार परिवार का मैदान होने के कारण वहाँ के लोगों की पहुँच व भावनाओं का संबंध बहुत उच्च स्तर का है, इसे अपने पक्ष में करने के लिए न तो सुले और न ही सुनेत्रा कोई कोर कसर बाकी छोड़ रही हैं।

बारामती के सभी छः खण्डों में प्रत्येक राजनीतिक परिवार और गैर राजनीतिक परिवारों को दोनों चुनावी पक्षों द्वारा भयंकर रूप से अपने पक्ष में आकर्षित करने की कोशिश की गई है।

भाजपा भी बारामती के चुनावों में अजित पवार गुट के लिए समर्थन जुटाने हेतु हर संभव कोशिश कर रही है। फड़नवीस ने भाजपा के हर्षवर्धन पाटिल थे साथ, बारामती की इंदापुर विधानसभा सीट से एक रैली के साथ अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में पाटिल, संयुक्त नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के दत्तात्रेय भरणे से इंदापुर सीट पर हार गए थे। ज्ञातव्य है कि पाटिल, अजित पवार के प्रतिद्वंदी हैं लेकिन, फड़नवीस ने उनको अपने मतभेदों को भुलाकर, अपने लिए प्रचार करने के लिए राजी कर लिया है।

फड़नवीस ने राष्ट्रीय समाज पक्ष (आर.एस.पी.) प्रमुख महादेव जानकर का सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में रहना सुनिश्चित कर लिया है जिसे बारामती में धनगर वोट बैंक के अधिकांश मत सुनेत्र के पक्ष में जाएं। इसके बदले में भाजपा ने जानकार को परयानी सीट दी है। भाजपा ने इसी दौरान अपनी आतंरिक बैठकों में अपने कार्यकर्ताओं से बारामती चुनाव अभियान को मोदी पर केन्द्रित करने का अनुरोध किया है। राज्य पार्टी अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा, ''हमको अपने अभियान में, तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी को प्रमुखता से प्रतिबंतित करना है, चाहे पार्टी या उम्मीदवार कोई भी हो। प्रत्येक सीट, प्रत्येक उम्मीदवार की लड़ाई, मोदी के लिए है।''

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच चरणों में मतदान होंगे। बारामती में 7 मई को मतदान होगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908